4 page 1_01.qxd 11/3/2023 9:08 PM Page 1



प्रदेशभर के ब्राह्मण नेताओं ने किया भूपेंद्र सिंह हुड्डा .....

P8

दैनिक
भरोसा मित्र
ना इधर की ना उधर की बात सिर्फ भरोसे की

राजस्थान में बदलाव लाने के लिए जनता संगठित होकर ...

P8



वर्ष:1 ■ अंक: 56 ■ मूल्य: 3 ■ पृष्ठ: 08 ■ प्रधान संपादक: सुमित सैनी ■ गुरुग्राम ■ शनिवार ■ 4 नवंबर 2023 ■ Title Code : HARBIL019117

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कांग्रेस और आप को लिया आड़े हाथों में

ईडी की रेड से आम आदमी पार्टी के भेद खुले, कांग्रेस हुई बेजान : नायब सैनी

■ बोले, कांग्रेस की एकजुटता के दावे हैं खोखले,आप की असलियत जनता जान चुकी

शशिभूषण सैनी, भरोसा मित्र

करनाल। हरियाणा भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी आम आदमी पार्टी और कांग्रेस पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कांग्रेस एक ऐसी पार्टी है तो बिल्कुल बेजान हो चुकी है। ईमानदारी का दावा करने वाली आम आदमी पार्टी का वास्तविक तस्वीर लोगों के सामने आ चुकी है। वह शुक्रवार को करनाल में एक प्रदर्शनी का उद्घाटन करने आए थे। ईडी के छापां ने आप के कई भेद खोल दिए हैं। इससे हाथी के दांत खाने के कुछ और दिखाने के कुछ वाली कहावत को साबित होती है। सैनी ने कहा कि ईडी पर सरकार कोई दबाव नहीं है। यह एक स्वतंत्र एजेंसी है। भाजपा के शासनकाल में इसे काम करने का पूरा अवसर मिल रहा है। इस पर वह कांग्रेस के शासनकाल में दबाव बनाया जाता था। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी सिर्फ दुष्प्रचार करने का काम करती है। इसने आम आदमी को ही बदनाम करने का काम किया है। अगर किसी ने गलत किया है या भ्रष्टाचार किया है तो ईडी कार्रवाई से वह कैसे बच सकता है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में सेना के जवान बॉर्डर के ऊपर अगर गोली चलाते थे तो उन्हें स्पष्टीकरण देना पड़ता था कि गोली कहां चली? क्यों चलाई? कई बार तो जवान का कोर्ट मार्शल तक हो जाता था। यही कारण है कि आतंकवाद को फलने फूलने का पूरा अवसर मिला। जब नरेंद्र मोदी की सरकार आई तो उन्होंने सेना को स्वतंत्र कर दिया। अब किसी का दबाव नहीं रहा। सेना का पूरी छूट दी गई है कि अगर कोई दुश्मन आप पर एक गोली चलाता है तो आप 100 गोलियां दुश्मनों पर दाग दीजिए। कोई इसका कारण नहीं पूछेगा इसी के परिणामस्वरूप आज पूरा भारत सुरक्षित है।

कांग्रेस हो चुकी है मुद्दाविहीन

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस के 4 डिप्टी सीएम बनाने की घोषणा पर हाईकमान ने हामी नहीं भरी है। वास्तव में कांग्रेस के पास कोई मुद्दा नहीं है। इसमें जो आक्रोश है उसे निकालने लिए वह सिर्फ आक्रोश रैलियां निकाल रही है। ये रैलियां भी कांग्रेस को बचाने के लिए निकाली जा रही है। कांग्रेस के अंदर दो धड़े दिखाई दे रहे हैं, जो एक मंच पर कभी एक साथ नहीं बैठते। जिनके नेता एक मंच पर नहीं बैठ सकते, उन पर जनता कैसे विश्वास करे।

हर योजना का लाभ अंतिम व्यक्ति पर

सैनी ने कहा कि आज अंत्योदय से प्रत्येक योजना का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंच रहा है। केंद्रीय मंत्री अमित शाह की रैली में जनसमूह की मौजूदगी इसका प्रमाण देने के लिए पर्याप्त है। पहले कांग्रेस व अन्य सरकारें योजना तो बनाती थी, लेकिन वह योजना लोगों तक न पहुंचकर कागजों में ही सिमट जाती थी। या फिर योजनाएं घोषणापत्रों में ही दम तोड़ देती थी। भाजपा ने योजनाएं बनाई और उसे गरीब तक भी पहुंचाया।

छोटी टोली की बैठक में सैनी ने तैयार किया हरियाणा का रोडमैप

चंडीगढ़। हरियाणा भाजपा के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष नायब सिंह सैनी अब प्रदेश के सभी जिलों का दौरा करेंगे। पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करके वे आगामी लोकसभा चुनावों की रणनीति तय करेंगे। चुनावों को लेकर सैनी ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर की सलाह से पूरा रोडमैप तैयार कर लिया है। जिलों की बैठकों के बाद वे पार्टी की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक भी बुलाएंगे ताकि आगामी चुनावों को लेकर सभी से सुझाव लिए जा सकें। शनिवार से वे जिलावार दौरों की शुरूआत करेंगे। पहले दिन वे हिसार और जींद में बैठकें करेंगे। इससे पहले गुरुवार की रात नई दिल्ली में पार्टी की छोटी टोली की बैठक हुई। पार्टी के हरियाणा मामलों के प्रभारी व त्रिपुरा के पूर्व सीएम बिप्लब कुमार देव की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में सैनी के अलावा हरियाणा के संगठन मंत्री फणीन्द्र नाथ शर्मा व तीनों महामंत्री एडवोकेट वेदपाल,

सभी जिलों में करेंगे बैठकें, आज हिसार और जींद से करेंगे शुरूआत

राई विधायक मोहनलाल बड़ौली तथा पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी मौजूद रहे। बैठक में प्रभारी के साथ संगठनात्मक गतिविधियों पर चर्चा हुई और आगे के कार्यक्रम तय किए गए। गुरुवार को करनाल में हुई प्रदेश स्तरीय अंत्योदय महासम्मेलन के बाद सैनी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ ही हेलीकॉप्टर में नई दिल्ली पहुंचे। यहां उन्होंने भाजपा मुख्यालय में वरिष्ठ नेताओं के साथ मुलाकात की। पूर्व प्रदेशाध्यक्ष व पार्टी के राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़ भी गुरुवार को भाजपा मुख्यालय पहुंचे हुए थे। धनखड़ को राजस्थान विधानसभा चुनावों में विशेष ड्यूटी केंद्रीय नेतृत्व ने दी है।

सेना में भर्ती को लेकर ईश्वर यादव ने किये बड़े खुलासे

जाति के आधार पर हो रही सेना में भर्ती : ईश्वर यादव

बोले, सेना में भर्ती को लेकर देश के 75 प्रतिशत युवाओं के मौलिक अधिकारों का हो रहा हनन

भरोसा मित्र

नई दिल्ली। भारतीय सेना में भर्ती की प्रक्रिया पर सवाल खड़े करते हुए रेवाड़ी के वरिष्ठ चिकित्सक एवं समाज सेवी डॉक्टर ईश्वर यादव ने दिल्ली प्रेस क्लब में एक प्रेस वार्ता आयोजित की। पत्रकारों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय सेना में प्रचलित इस असंवैधानिक, अवैध, रंगभेदी और नस्लवादी भर्ती के बारे में पता चलने के बाद उन्होंने आरटीआई और अन्य स्रोतों के माध्यम से बड़ी जानकारी एकत्र की। साथ ही उन्होंने बताया की देश के 75 प्रतिशत युवाओं के मौलिक अधिकारों के हनन और सबसे बड़े धोखाधड़ी के इस मुद्दे को देश के युवा तक पहुचना है। और उनको बताना हैं की उनके साथ क्या नाइंसाफी हो रही है। उन्होंने बताया कि पिछले चालीस वर्षों के उनके निरंतर प्रयासों का ही परिणाम था कि भर्ती कानूनों को लिखित रूप दिया गया और अग्निवीर में अखिल भारतीय सर्ववर्गीय आधार पर भर्ती की आधिकारिक घोषणा की गई। वह कुछ सीमित वर्गों के पक्ष में सेना में भर्ती,नामांकन प्रक्रिया को बाधित करने और हेरफेर करने में विभिन्न जाति/क्षेत्रीय लॉबी की भूमिका को उजागर कर रहे हैं। भारतीय सेना ने सूचना के अधिकार नियम के तहत दी गयी जानकारी में बताया कि भारतीय सेना में भर्ती के विशेष नियम नहीं है यह कितना आश्चर्यजनक और अविश्वसनीय है कि 12 से 13 लाख संख्या वाला संगठन पिछले 75 वर्षों से बिना किसी विशिष्ट भर्ती के चल रहा है।

■ सेना में धोखाधड़ी के इस मुद्दे को देश के युवाओं तक पहुंचना है

सात आईएएस अधिकारियों को मिला हरियाणा का कैडर

भरोसा मित्र ब्यूरो

चंडीगढ़।भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अफसरों की कमी से जूझ रहे हरियाणा को सात नए आईएएस अफसर मिले हैं। केंद्रीय कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग ने संघ लोक सेवा आयोग द्वारा वर्ष 2022 में आयोजित मुख्य परीक्षा की मेरिट में रहे सभी 179 आईएएस अफसरों को कैडर अलॉट कर दिया है। इनमें से सात को हरियाणा कैडर मिला है।सात नए आईएएस अधिकारियों के मिलने से अब हरियाणा में 173 आईएएस हो जाएंगे। जिन नवचयनित आईएएस अधिकारियों को हरियाणा कैडर मिला है, उनमें दिल्ली के अनिरुद्ध यादव और अभिनव सिवाच, चंडीगढ़ की अंकिता पुवार, राजस्थान के आकाश शर्मा और रवि मीणा तथा हरियाणा की कनिका गोयल तथा योगेश सैनी शामिल हैं। आईएएस बने हरियाणा के तीन अधिकारियों साहिल कुमार को उत्तर प्रदेश, कृतिका गोयल को पंजाब और मुस्कान डागर को गुजरात कैडर मिला है। बता दें कि अनिरुद्ध यादव ने 2022 के संघ लोक सेवा आयोग यूपीएससी के परीक्षा में ऑल इंडिया में 8वीं स्थान हासिल की थी। उनके पिता पूर्व में डीएसपी भी रह चुके हैं।

166 दे रहे सेवाएं, 15 डेपुटशन पर

हरियाणा कैडर में आईएएस के कुल 215 पद हैं, जबकि वर्तमान में 166 आईएएस अधिकारी ही सेवाएं दे रहे हैं। जो कार्यरत हैं, उनमें भी 15 आईएएस डेपुटेशन पर बाहर हैं। इनमें विवेक जोशी, श्रीकांत वाल्गद, अभिलक्ष लिखी, दिप्ती उमाशंकर, सुकृति लिखी, नीरजा शेखर, श्यामल मिश्रा, राकेश गुप्ता, नितिन कुमार यादव, सीजी रजनीकांथन, विजय कुमार, विनय प्रताप सिंह, पंकज यादव, निखिल गजराज, शरणदीप कौर शामिल हैं। इसके अलावा चंद्रशेखर खरे स्टडी के लिए पिछले साल 25 जुलाई से अवकाश पर हैं और 18 मई 2024 तक विदेश में ही रहेंगे। भ्रष्टाचार के आरोप में जेल भेजे गए दो आइएएस अधिकारी विजय दहिया और जयबीर आर्य निलंबित चल रहे हैं।

अनिल विज ने कहा, कांग्रेस और आप की हालत पतली

जेल में कमरा बन रहा है भूपेंद्र सिंह हुड्डा के लिए

भरोसा मित्र ब्यूरो

चंडीगढ़। राज्य के गृहमंत्री एवं स्वास्थ्य अनिल विज ने कहा कि` दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल यदि सही हैं तो ईडी के सवालों का जवाब देने से किनारा क्यों कर गए। वे ईडी के नोटिस को राजनीतिक नोटिस कहते हैं, लेकिन इसे साबित नहीं कर सके हैं। विज ने कहा कि वास्तव में ईडी नोटिस से केजरीवाल भयभीत हो गए हैं। उन्हें डर कि सारा कच्चा चिट्ठा खुल कर सामने आने वाला है।इसलिए ऐसे तरीके अपना रहे हैं। विज के अनुसार आम आदमी पार्टी जब से सत्ता में आई है, इन्होंने किसी भी संवैधानिक संस्था को माना नहीं है और हमेशा इसका विरोध की करते रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के बारे में अनिल विज ने कहा कि हुड्डा ने 10 साल हरियाणा पर राज किया। किसानों की सस्ती जमीन बिल्डर को दी, कई भ्रष्टाचार किए, जिस पर केस चल रहे हैं। वे क्या समझते हैं कि बच जाएंगे। कानून सबके लिए समान होता है। इसलिए अब उनका जेल जाना तय है। विज ने कहा कि हुड्डा अब अपनी घबराहट को छुपाने के लिए अनर्गल बयान बाजी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दीपेंद्र हुड्डा जान लें कि अंबाला की सड़कों के लिए 100 करोड़ रुपया मंजूर हुआ है। अंबाला की सड़कें बन रही है, लेकिन भूपेंद्र सिंह हुड्डा के के लिए जेल में कमरे की जरूरत है और वो बन रहा है।

■ ईडी की कार्रवाई से केजरीवाल हुए भयभीत

खबर फटाफट

महाराजा सैनी जयंती समारोह आज होगा आयोजित

सोहना : शहर में महाराजा सैनी जयंती समारोह इस बार शनिवार, 4 नवंबर को सैनी भवन धर्मशाला में आयोजित होगा। इस अवसर पर शनिवार को सैनी धर्मशाला प्रांगण में प्रातः समय 9 बजे भंडारा चलेगा। जिसके बाद दोपहर 3 बजे महाराजा सैनी जयंती समारोह में मुख्यातिथि रूप में पहुंचने पर विधायक संजय सिंह का सैनी समाज की तरफ से जोरदार स्वागत होगा। तत्पश्चात विधायक संजय सिंह सैनी समाज की तरफ से निकाली जाने वाली झांकियों को हरी झंडी दिखाकर झांकी यात्रा का शुभारंभ करेंगे। इस मौके पर शहर में शोभा यात्रा व सुंदर अति सुंदर शिक्षाप्रद झांकियां निकाली जाएगी। रंगारंग व शिक्षाप्रद झांकियों की शुरूआत सैनी धर्मशाला से होगी और पूरे बाजार से शोभा यात्रा व झांकियां निकलते हुए वापिस सैनी धर्मशाला पहुंचेगी।

राज्य में पैदा होते ही नवजात के सिर पर चढ़ रहा कर्जा : गब्दा

सोहना : यहां पर सामाजिक संस्था उन्नति चेरिटेबल ट्रस्ट के सीईओ बलबीर गब्दा की माने तो विकास का दावा करते ना थकने वाली भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार में आज हर किसी के सिर पर एक लाख 32 हजार 800 रुपए का कर्ज है। उन्होंने कहा कि राज्य में पैदा होते ही नवजात शिशु के सिर पर भी एक लाख 32 हजार 800 रुपए का कर्ज चढ़ जाता है। सोहना हलके में जगह-जगह क्षतिग्रस्त सडक़ें और सड़कों में बनेग गहरे गड्ढे भाजपा सरकार के विकास की पोल खोल रहे हैं। सरकार को चाहिए कि वह इस मामले में श्वेत पत्र जारी करे ताकि सच्चाई जनता के सामने आए।

चोरी की मोटरसाइकिल समेत 2 वाहन चोर गिरफ्तार

सोहना : पुलिस ने यहां पर भौंड़सी जेल रोड पर की गई नाकेबंदी के दौरान चोरी की मोटरसाइकिल समेत 2 आरोपियों को पकड़ने में कामयाबी पाई है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान सरफराज निवासी गांव खेड़ला, जिला नूंह मेवात और वकीम अकरम निवासी गांव अलवालपुर, जिला नूंह मेवात के रूप में हुई है। आरोपियों ने पूछताछ में खुलासा किया यह मोटरसाइकिल उन्होंने पिछले महीने में गांव सुखराली में एक स्थान से चोरी की थी। पुलिस के अनुसार पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। जिन्हे पुलिस जल्द अदालत में पेश करेगी।

जनता को पंचायत मंत्री थमा गए झुनझुना : महेश घोडारोप

सोहना : सोहना क्षेत्र के प्रमुख कांग्रेस नेता और हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी मैंबर चौधरी महेश घोडारोप ने सोहना ब्लाक के आदर्श गांव रिठौज में क्षेत्र के सरपंचों, जिलापार्षदों तथा ब्लाकसमिति सदस्यों की समस्याएं सुनने पहुंचे विकास एवं पंचायतमंत्री देवेन्द्र सिंह बबली द्वारा किसी भी ग्रामपंचायत को ग्रांट ना देने पर उन्होने चुटकी लेते हुए कहा कि साढ़े 4 वर्ष में पहली बार सोहना-तावडू विधानसभा क्षेत्र में पहुंचे विकास एवं पंचायतमंत्री देवेन्द्र सिंह बबली सरपंचों को ग्रांट देने की जगह झुनझुना देकर चले गए। जिसे अब सभी सरपंच बजा रहे है। उन्होंने भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि प्रदेश के विकास एवं पंचायत मंत्री देवेन्द्र सिंह बबली ने किसी भी पंचायत को ग्रांट ना देकर इस क्षेत्र के साथ खिलवाड़ किया है। जिसका बदला आगामी चुनावों में क्षेत्र की जनता वोट की चोट से लेगी। कांग्रेस नेता चौधरी महेश घोडारोप ने कहा कि जिस तामझाम के साथ विकास एवं पंचायतमंत्री देवेन्द्र सिंह बबली ने सरपंचों व पंचों को बुलाकर उनकी बैठक ली थी, उस हिसाब से हर पंचायत को कम से कम 50 लाख रुपए की ग्रांट देकर जाते ताकि गांवों का विकास होता लेकिन भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार विकास की नही विनाश की राजनीति कर रही है।

कैलाश शर्मा को चेयरमैन बनाए जाने पर सीएम का जताया आभार

सोहना : गांव खेड़ला में रहने वाले भाजपा के वरिष्ठ नेता योगी राघव ने हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद के लंबे समय से रिक्त पड़े पद पर शिक्षाविद कैलाश चंद्र शर्मा को चेयरमैन बनाए जाने पर क्षेत्र के लोगों की तरफ से मुख्यमंत्री मनोहरलाल का आभार जताया है। उन्होंने बताया कि विधानसभा अध्यक्ष डाक्टर ज्ञानचंद गुप्ता की मौजूदगी में विपक्ष के नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुडडा व चयन समिति के साथ हुई बैठक में परिषद के वाइस चेयरमैन कैलाश चंद्र शर्मा को चेयरमैन पद की जिम्मेदारी देने पर सहमति बनाई गई। केसी शर्मा मूल रूप से राजस्थान के रहने वाले हैं। मुख्यमंत्री मनोहरलाल सरकार ने पहले उन्हे कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय का उपकुलपति नियुक्त किया था और वह कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय में 4 वर्षों तक उपकुलपति रहे। जिसके बाद सरकार ने उन्हे हरियाणा उच्चतर शिक्षा परिषद का उपाध्यक्ष नियुक्त किया था और अब उन्हें चेयरमैन बनाया गया है।

17 से 20 जनवरी तक होगा विज्ञान महोत्सव : भागीरथ राघव

सोहना: गांव भौंड़सी स्थित आरबीएसएम विद्यालय प्रबंधन समिति निर्देशक भागीरथ राघव के अनुसार 9 वां अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव इस बार 17 से 20 जनवरी तक फरीदाबाद में आयोजित होगा। इस विज्ञान महोत्सव में विज्ञान के क्षेत्र में हो रहे अंतर्राष्ट्रीय शोध व उन्नति पर चर्चा होगी। उन्होने कहा कि विज्ञान महोत्सव की मेजबानी हरियाणा को मिलना गौरव भरी बात है।

खिलाड़ियों ने 140 करोड़ भारतीयों के सपने को बनाया साकार : मनोज

सोहना : व्यापार मंडल संघ के अध्यक्ष व प्रमुख समाजसेवी मनोज बजरंगी का कहना है कि भारतीय खिलाडियों ने पैरा एशियाई खेलों में 111 पदक जीतकर 140 करोड़ लोगों के सपनों को साकार किया है। वर्ष-2014 के पैरा एशियाई खेलों में भारत ने जितने पदक जीते, इस बार जीते गए पदकों की संख्या उससे 3 गुणा ज्यादा है। वर्ष-2014 में भारत पदक तालिका में 15वें स्थान पर रहा, लेकिन इस बार विश्व के मानचित्र पर पदक जीतने वाले देशों में भारत ने टाप टेन सूची में 5वां स्थान हासिल किया है। खेल क्षेत्र में भारत की उपलब्धि ऐतिहासिक व अभूतपूर्व है। इसके लिए प्रत्येक भारतीय खिलाड़ी बधाई का पात्र है, जिसने खेल क्षेत्र में विश्व के मानचित्र पर भारत को विशिष्ठ पहचान दिलाकर गौरान्वित किया है।

करोड़ों की लागत से बनेंगी सड़कें: जैन

सोहना : भाजपा के वरिष्ठ नेता राकेश जैन ने भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार द्वारा क्षतिग्रस्त व मरम्मत योग्य सडक़ों को प्राथमिकता आधार पर बनाए जाने तथा 3700 करोड़ रुपए की लागत से सडक़ों के निर्माण कार्य कराए जाने के लिए गए फैसले का स्वागत किया है।

जाट सम्मेलन में लेंगे बढ़-चढक़र हिस्सा : धर्मेंद्र चौधरी

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

सोहना। यहां पर शहर सोहना में जक्खोपुर रोड पर स्थित जाट वैलफेयर सोसायटी कार्यालय में शुक्रवार को सोसायटी की आम सभा का आयोजन हुआ।

सभा में सोसायटी से जुड़े लोगों के साथ-साथ शहर और देहात के विभिन्न गांवों से आए जाट समाज के लोगों और आमंत्रितजनों ने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया। इस अवसर पर सोसायटी के पूर्व प्रधान धमेन्द्र चौधरी इंडरिया ने बताया कि जाट आरक्षण बचाने को लेकर 20 नवंबर को दिल्ली में जाट समुदाय का प्रदेश स्तरीय महासम्मेलन आयोजित होगा।

उन्होंने मौजूद लोगों से आग्रह किया कि वह आज से ही महासम्मेलन को कामयाब बनाने और सोहना हलका से जाट समुदाय के अधिक से अधिक लोगों को ले जाने के लिए प्रेरित करे। इस अवसर पर चौधरी धर्मबीर डागर अलीपुरिया, चौधरी राजेन्द्र सिंह नेहरा, भूपेन्द्र डागर, विनोद तंवर, चौधरी जीतराम, सोहनपाल सरपंच, विजयपाल, वीरेन्द्र जाखड़, धर्मेन्द्र चौधरी, नगेन्द्र डागर, विजय डागर आदि विभिन्न वक्ताओं ने अपने विचार रखे और संघर्ष समिति से जुड़े नेताओं को तन-मन-धन से पूरा सहयोग करने और आंदोलन में बढ़-चढक़र हिस्सा लेने का विश्वास दिलाया।

वेद प्रचार रथ यात्रा निकाली : आर्य

सोहना : स्वामी महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती के उपलक्ष्य में डाक्टर नानंक चंद आर्य व महेश आर्य तथा इंद्रदेव मेधार्थी के संयोजन में निकाली जा रही महर्षि दयानंद वेद प्रचार जागरूकता रथ यात्रा का शुक्रवार को गांव अलीपुर, घामडोज, भौंड़सी, सहजावास, रिठौज, बहल्पा, दमदमा, खेड़ला, अभयपुर, दौहला, हरचंदपुर, हाजीपुर, किरंज, मानुवास, कालियाका, हिलालपुर, भिरावटी, आटा, बारोटा, जोहलाका, बिल्हाका, खूंटपुरी, रानीकासिंगोला, इशाकी, निमोठ, रहाका, खत्रिका, घंघौला, सरमथला, लोहसिलानी, बाईखेड़ा, खेड़ली टैढड़ समेत विभिन्न गांवों में लोगों विशेष रूप से भाग लिया।

झालाना लेपर्ड सफारी की तर्ज पर जिप्सी सफारी की सुविधा मिलेगी

अरावली में बनेगी गांव बंधवाड़ी से दमदमा झील तक जंगल ट्रेल

अवैध गतिविधियां रोकने और अरावली संरक्षण के लिए एक्शन प्लान तैयार किया जाएगा : दिनेश शर्मा

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

सोहना। स्थानीय मार्किट कमेटी के चेयरमैन रहे व भाजपा के सहकारिता प्रकोष्ठ में प्रदेश सहसंयोजक दिनेश शर्मा खेड़लिया के अनुसार गुलाबी नगरी जयपुर में बनी झालाना लेपर्ड सफारी की तर्ज पर सोहना अरावली में गांव बंधवाड़ी से दमदमा झील तक जंगल ट्रेल मिलेगी।

उन्होंने बताया कि 15 किलोमीटर लंबी जंगल ट्रेल बनाए जाने से वन्य जीवों की सुरक्षा और अच्छे कारगर तरीके से हो सकेगी। पर्यटकों को यहां भी झालाना लेपर्ड सफारी की तर्ज पर जिप्सी सफारी की सुविधा मिलेगी। साथ ही अरावली की 10 हजार एकड़ भूमि पर जंगल सफारी भी बनाई जाएगी। इस योजना को सिरे चढ़ाने के लिए वन विभाग और वन्य जीव विभाग मिलकर काम कर रहा है तो सोहना अरावली में गांव बंधवाड़ी से दमदमा झील तक जंगल ट्रेल बनाए जाने के लिए एक टीम जल्द ही झालाना लेपर्ड सफारी का दौरा कर रिपोर्ट बनाकर सरकार को सौपेंगी।

दिनेश शर्मा खेड़लिया ने बताया कि यहां पर अरावली क्षेत्र में जंगल ट्रेल बनने से आसपास बसे गांवों के लोगों के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने को तरजीह दी जाएगी।

भाजपा नेता ने बताया कि वन्य जीवों के लिए अरावली में पानी व भोजन की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी ताकि वह आबादी क्षेत्र की तरफ ना आए और वन्य जीवों की सुरक्षा तथा जीव-जंतुओं की अहमियत से लोगों को जागरूक किया जाएगा ताकि वह चोरी-छिपे वन्य जीव-जंतुओं की तस्करी ना करे।

उन्होंने बताया कि इसके अलावा अरावली में अवैध गतिविधियां रोकने और अरावली संरक्षण के लिए एक्शन प्लान तैयार किया जाएगा। अरावली रिजुगेशन बोर्ड एक्शन प्लान तैयार करेगा। अरावली के कुछ हिस्से को ईको टूरिज्म जोन में विकसित किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि पूरे प्रबंध के लिए सरकार की ओर से इस बोर्ड का चेयरमैन जनपद उपायुक्त को बनाया गया है।

पूरे रास्ते में वन्य जीवों के लिए पानी की विशेष व्यवस्था की जाएगी। हर कुछ दूरी पर तालाबों में पानी डाला जाएगा ताकि पानी वन्य जीवों को पीने के लिए नियमित रूप से मिलता रहे। समुचित पानी की व्यवस्था के लिए सोलर पैनल भी लगाए जाने की योजना है।

कितना तय किया गया है क्षेत्र

बता दें कि अरावली में पयर्टन को बढ़ावा देने के लिए प्रस्तावित 15 किलोमीटर लंबी जंगल ट्रेल गांव बंधवाड़ी लैंडफिल साइट से शुरू होकर गांव मांगर के जंगल से होते हुए दमदमा झील तक जाएगी। अरावली में गांव बंधवाड़ी से दमदमा झील तक बनने वाली जंगल ट्रेल पर आने वाला सारा खर्चा जीएमडीए उठाएगा।

उन्होंने बताया कि 15 किलोमीटर लंबे जंगल ट्रेल में काबली कीकरों की झाड़ियों को हटाकर स्वदेशी प्रजातियों के पेड़-पौधों को लगाया जाएगा। जिससे घनी हरियाली को बढ़ावा मिलेगा। झाड़ियों को हटा से पर्यटकों के लिए आने-जाने में आसानी हो जाएगी। न किसी को किसी प्रकार का नुकसान होगा।

क्या रहेंगे सुरक्षा के प्रबंध

अवैध गतिविधियों पर नजर रखने और वन्य प्राणियों की सुरक्षा के लिए जंगल ट्रेल में सुरक्षा के लिहाज से निगरानी बनाए रखने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाने के साथ-साथ कैमरा टैब भी लगाए जाएंगे। जिनको जीएमडीए के आईसीसी कंट्रोल रूम से जोड़ा जाएगा। इसके अलावा जांच के लिए निरीक्षण पथ, प्वाइंटस और निगरानी रखने के लिए अलग-अलग स्थानों पर बड़े टावर का निर्माण होगा। पर्यटकों के लिए जंगल ट्रेल में जरूरी दिशा-निर्देश, साइनेज बोर्ड लगाए जाएंगे। इससे उन्हें घूमने फिरने में सुविधा होगी।

शनि मंदिर में हवन-यज्ञ के बाद पूरा दिन चला भंडारा

दूर-दराज क्षेत्रों से आमंत्रित लोगों और सैकड़ों से ज्यादा संत-महात्माओं ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया

उमेश गुप्ता, भास्कर मित्र

सोहना। र पलवल रोड़ पर मृत्युजंय क्षेत्र में स्थित श्री संकटमोचन शनि मंदिर प्रांगण में श्री श्री 1008 बाबा प्रकाशगिरी जी महाराज की 19वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में प्रात- समय महंत मुख्त्यारपुरी जी महाराज के सानिध्य में हवन-यज्ञ का आयोजन हुआ।

शौकीनपुरी महाराज, पूर्व नगरपार्षद मुकेश सैनी, युवा समाजसेवी बिजेन्द्र सैनी के अनुसार इस मौके पर विश्व कल्याण की मंगलकामना करते हुए उपस्थित श्रद्धालुओं ने यज्ञ में पूर्णाहुति डाली। जिसके बाद संत सम्मेलन आयोजित कर विशाल भंडारा चलाया गया।

भंडारे में सोहना व आसपास लगते क्षेत्रों के साथ-साथ विशेष आमंत्रण पर दूर-दराज क्षेत्रों से आमंत्रित लोगों और सैकड़ों से ज्यादा संत-महात्माओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस मौके पर मौजूद संत-महात्माओं को महंत मुख्त्यारपुरी जी महाराज ने गर्म कंबलों के साथ-साथ नकद रूप में दक्षिणा और मिठाई देकर खुशी-खुशी विदा किया। आसपास क्षेत्र के अलावा कई प्रदेशों से संत-महात्माओं ने आयोजन में शिरकत की। देखने वाली बात ये रही कि भंडारे में श्रद्धालुओं ने सारी व्यवस्था खुद ही संभाली हुई थी और भंडारे में आने वाले श्रद्धालुओं को पूरी श्रद्धापूर्वक पंक्तिबद्ध बैठाकर प्रसाद ग्रहण कराया गया।

आयोजन को कामयाब बनाने पर शौकीनपुरी महाराज, समाजसेवी बिजेन्द्र सैनी, पूर्व नगरपार्षद मुकेश सैनी, अग्रवालसभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रहे उमेश गुप्ता, संजीव गुप्ता सर्राफ, इंजीनियर मोनी यादव रायसीनिया, दिनेश छोकर, कई पूर्व व मौजूदा नगरपार्षदों, विभिन्न गांवों से आए गणमान्य लोगों समेत मंदिर देखरेख व कार्यक्रम आयोजन समिति से जुड़े कार्यकर्ताओं ने श्रद्धालुओं का आभार जताया है।

वायु प्रदूषण से तेजी से बढ़ रहे डायबिटीज के रोगी : डा. यादव

शोध में पाया गया कि प्रदूषित हवा में सांस लेने से शुगर का स्तर बढ़ता है

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

सोहना। यहां पर वरदान अस्पताल एवं ट्रामासेंटर निर्देशक डाक्टर प्रवीण यादव के अनुसार प्रदूषित हवा में सांस लेने से टाइप-2 डायबिटीज का खतरा ज्यादा बढ़ रहा है।

उन्होंने एक शोध का हवाला देते हुए बताया कि दिल्ली व चेन्नई में 12 हजार लोगों पर किए गए शोध में पाया गया कि प्रदूषित हवा में सांस लेने से शुगर का स्तर बढ़ता है। इसी कारण डायबिटीज के मामले बढ़ रहे हैं। उन्होने यह भी खुलासा किया कि प्रदूषित हवा और मधुमेह के संपर्क के बीच संबंध स्थापित करने वाला यह पहला शोध है। इसमें शोधकर्ताओं ने दिल्ली, चेन्नई में 12 हजार लोगों के शुगर के स्तर को मापा। साथ ही सैटेलाइट और एक्यूआई माडल से प्राप्त वायु प्रदूषण के डेटा का निरीक्षण कर यह निष्कर्ष निकाला।

उन्होंने बताया कि अध्ययन के शोधकर्ताओं में से एक मद्रास डायबिटीज रिसर्च फाउंडेशन के अध्यक्ष डाक्टर वी मोहन बताते हैं कि यह अध्ययन आंखें खोलने वाला है क्योकि अब हमें मधुमेह का एक कारण वायु प्रदूषण से डायबिटीज होना पता चला है, जो रक्त वाहिकाओं की परत को नुकसान पहुंचा सकता है। धमनियों को सख्त करके रक्तचाप बढ़ा सकता है। वायु प्रदूषण के कण वसा कोशिकाओं में जमा हो सकते है और सूजन पैदा कर सकते है। यह सीधे हृदय की मांसपेशियों पर भी हमला कर सकते है। बढ़ते वायु प्रदूषण के चलते शहरी भारत में पीसीओएस और गर्भ के दौरान डायबिटीज के मामले बढ़े है। ऐसे में जरूरी है कि हर व्यक्ति जागरूक बने। वायु प्रदूषण से बचाव के लिए जागरूकता दिखाए ताकि समय रहते डायबिटीज के रोग पर काबू पाया जा सके।

दिव्यांगों को उपकरण देने के लिए लगाया जांच शिविर

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

सोहना। स्थानीय तहसील कार्यालय में कार्यरत तहसीलदार अजय कुमार व उपतहसीलदार लच्छीराम के अनुसार प्रशासन और रेडक्रास सोसायटी के तत्वावधान में शुक्रवार को शहर के पुराने बसअड्डा के समीप माता देवी मंदिर के पास बाल भारती विद्यालय में वरिष्ठ नागरिकों व दिव्यांगजनों को जरूरी उपकरण मुहैया कराने के लिए एक दिवसीय जांच शिविर लगाया गया। उन्होंने बताया कि आज लगाए गए दिव्यांगजन व वरिष्ठ नागरिकों के इस जांच शिविर में पंजीकृत किए गए वरिष्ठजनों व दिव्यांगजनों की जांच कर उन्हे कृत्रिम अंगों व सहायक उपकरण दिए जाएंगे। विद्यालय निर्देशक नरेश सैनी एडवोकेट के अनुसार रेडक्रास सोसायटी सचिव विकास कुमार ने बताया कि ऐसे शिविर आगे भी वक्त-वक्त पर लगाए जाएंगे। किसी भी श्रेणी के दिव्यांग ऐसे शिविरों में अपना पंजीकरण करा सकते है।

शिविर का संचालन अतुल कुमार पाराशर ने किया, जिसमें कविता सरकार, सुषमा, वनिता पीटर, अजय सिंह आदि का विशेष सहयोग रहा।

नहरी पानी उपलब्ध कराने के लिए पानी की पाइपलाइन डालने का काम शुरू : अनिल जैन

सोहना : ग्रीवेसिंग कमेटी मैंबर और स्टेडियम कमेटी मैंबर अनिल जैन सर्राफ के अनुसार नगरपरिषद के वार्ड-14 व 15 में प्रत्येक घर में नहरी पानी उपलब्ध कराने के लिए स्थानीय विधायक संजय सिंह के निर्देश पर जलआभियांत्रिकी विभाग द्वारा पानी की पाइपलाइन डालने का कार्य युद्धस्तर पर शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि प्रयास रहेगा कि लोगों को घर बैठे स्वच्छ, शुद्ध जल पीने को मिले।

9 वर्षों का देना होगा हिसाब : अमित गुर्जर

सोहना : कांग्रेस पार्टी में ओबीसी सैल के प्रदेश उपाध्यक्ष अमित गुर्जर कोटा-बिस्सर का कहना है कि भाजपा सरकार के 9 साल के कार्यकाल पूरे होने पर आज भाजपा वाले आम जनता के बीच जाकर खुशियां क्यों नहीं मना पा रहे हैं, इसके पीछे एक बड़ा कारण है सरकार 9 साल के हिसाब देना होगा।

कांग्रेस करेगी जलआभियांत्रिकी कार्यालय पर प्रदर्शन

सड़क खोदने से बच्चे और बुजुर्ग कई बार हो चुके हैं चोटिल, प्रशासन बेफिक्र

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र



सोहना। शहर के कई वार्डों में एक महीना से भी ज्यादा वक्त पहले वाटरसप्लाइ पाइपलाइन डालने के नाम पर सड़क खोदने से लोगों को हो रही परेशानी के दृष्टिगत कांग्रेस पार्टी ने जलआभियांत्रिकी विभाग के डिवीजन व सब डिवीजन कार्यालयों के साथ-साथ एसडीएम कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन व अधिकारियों का घेराव करने के लिए रणनीति बनानी शुरू कर दी है।

देखने में आ रहा है कि सड़क तोड़ने से रास्ते में कंकरीट के मोटे पत्थर आते-जाते राहगीरों को निकलते वक्त चोटिल कर रहे है तो सड़क खोदते वक्त खोदा गया मलबा सड़क के साथ-साथ नालियों में भरने से नालियां अवरुद्ध होने पर गंदा पानी टूटी सड़क पर बह रहा है। सड़क खुदाई के वक्त पहले से लोगों द्वारा अपने खर्चे पर डलवाए गए प्लास्टिक के पाइप भी तोड़ दिए गए। इससे लोग परेशान हो रहे है क्योंकि पाइप टूटने से उनके घरों में पानी नहीं पहुंच पा रहा है।

त्योहार के दिनों में घरों में पानी ना आने से गृहणियां व लोग सभी परेशान है। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता और पीसीसी मैंबर पंकज भारद्वाज तथा नंबरदार बीर सिंह खटाना दमदमिया, युवा कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष अशोक उल्लावास का कहना है कि एक महीना से ज्यादा वक्त बीत गया है। वाटर सप्लाई वाले पाइप डालने के नाम पर सड़क खोदने के बाद लोगों के बार-बार आग्रह के बावजूद ना तो खोदी गई सड़क के भीतर वाटर सप्लाई के पाइप डाले जा रहे हैं। ना ही तोड़ी गई सडक़ का पुननिर्माण किया जा रहा है। ऐसे में लोगों की जान पर बन रही है। रात के अंधेरे में लोग गिर-पड़कर चोटिल हो रहे है पर कोई देखने-सुनने वाला नही है।

जाहिर है कि अफसरशाही लोगों पर भारी पड़ रही है। जलआभियांत्रिकी विभाग समस्या का निवारण करने की बजाय लोगों के लिए समस्या बन रहा है।

यहां पर शहर के वार्ड-14 व 15 में नहरी पानी की सप्लाई घर-घर तक पहुंचाने और पाइपलाइन डालने के नाम पर एक महीने पहले पक्की सड़क को खोद दिए जाने के बावजूद अभी तक पाइपलाइन ना डाले जाने और सड़क खुदी होने से राहगीर व वाहन चालक परेशान हो रहे है। वही रात को गिर-पडक़र चोटिल हो रहे है। ऐसे में बुजुर्गों व बच्चों की जान पर बन आई है। एकादशी वाले दिन वार्ड-चौदह में रहने वाली एक बुजुर्ग महिला लाजवंती देवी का अकस्मात निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा में शामिल लोगों को सडक़ टूटी होने के कारण परेशानियों से जूझना पड़ा।

लोगों का कहना है कि संबंधित विभाग के ठेकेदार के कारिंदों ने खुदाई करने वाली मशीन से पक्की सड़क को तोड़ दिया। एक महीना से ज्यादा वक्त बीत गया है। ना तो तोड़ी गई सड़क को ठीक किया जा रहा है और ना ही वाटर सप्लाई आपूर्ति के लिए पाइप डाले जा रहे है। जिससे राहगीर व वाहन चालक सभी परेशान है पर कोई देखने-सुनने वाला नही है। वार्ड-14 व 15 के भीतर मोहल्ला कायस्थवाड़ा और मोतीप्लाजा शापिंग काम्पलेक्स के सामने वाली गली से ओम शांति केन्द्र आवाजाही वाले सड़क मार्ग को खोदने से हालत खराब है। प्रशासन एजेंसी तोड़ी गई सड़क को तत्काल प्रभाव से ठीक कराए। अन्यथा वह संबंधित विभाग और एजेंसी के खिलाफ कष्ट निवारण समिति के साथ-साथ सीएम विंडो पर शिकायत दर्ज कराकर कानूनी व विभागीय कार्रवाई अमल में लाए जाने की गुहार लगाएंगे।

ऋतु चक्र

मौसम ने भी ली करवट,ठंड बढ़ने के हो रहे आसार

प्रदूषण बढ़ने से आसमान में बढ़ रही धुंध

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

सोहना। यहां दिन के वक्त पड़ रही तेज गर्मी और रात के वक्त पड़ रही ठंड के बीच तेजी से बढ़ रहे प्रदूषण के चलते यहां पर स्मॉग भी अपना असर दिखा रहा है। प्रदूषण के तेजी से बढ़ रहे ग्राफ के कारण सोहना में स्मॉग की चादर नजर आ रही है।

देखने वाली बात ये है कि प्रदूषण पर रोक लगाने के लिए ग्रेप का तीसरा चरण लागू होने के बावजूद शिवनगरी में प्रदूषण पर रोक लगाने के लिए संबंधित विभागों के अधिकारी लापरवाह नजर आ रहे हैं। ऐसे में यहां पर प्रदूषण का स्तर इस तरह आसमान पर हावी है कि चंहु ओर आसमान धुएं की सफेद चादर से ढका नजर आ रहा है। इससे लोगों को आंखों में जलन, सांस लेने में दिक्कत और स्किन जैसी बीमारियां हो रही है।

प्रदूषण के खतरनाक स्तर पर पहुंचने से सेहत को खतरा पैदा हो गया है। आबोहवा में प्रदूषक तत्व बढ़ने से स्मॉग का घनत्व लगातार बढ़ रहा है। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सभी मानीटरिंग सेंटरों पर एक्यूआई का स्तर 300 से ज्यादा होने से जाहिर है कि प्रदूषण तेजी से बढ़ रहा है।

क्या है मुख्य वजह

दरअसल, ठंड से वायुमंडल में नमी के साथ कोहरा बनने की प्रक्रिया शुरू होती है, लेकिन प्रदूषण तत्वों के मिलने से स्मॉग फैल रहा है। सवेरे जगह-जगह कूड़े के ढेरों में आग लगाए जाने से प्रदूषण को बढ़ावा मिल रहा है तो वाहनों से निकलने वाला धुआं भी प्रदूषण को बढ़ावा दे रहा है। वाहनों से निकलने वाले प्रदूषण के कण स्मॉग पैदा कर रहे हैं। कम तापमान के कारण गैस भी बारीक कण में तब्दील हो रही है। जिससे स्मॉग अपना ज्यादा असर दिखा रहा है। विकास के नाम पर पेड़ों की बलि दी जा रही है। शहर में जगह-जगह खुले में कूड़ा जलाया जा रहा है। इससे प्रदूषण और स्मॉग की तादाद बढ़ रही है।

डाक्टरों के नजरिये से

नेत्र रोग विशेषज्ञ डाक्टर संजय जैन, डाक्टर शिवम सेठी का कहना है कि कूड़ा जलाने पर उठने वाले धुएं और पराली जलाने पर उठने वाले धुएं से हानिकारक तत्व आंखों पर विपरीत प्रभाव डालते हैं। लोग खांसी, जुकाम के साथ-साथ सांस और नेत्र जैसी बीमारियों की चपेट में आ रहे है। चर्म रोग विशेषज्ञ डाक्टर मुकेश रामपाल का मानना है कि कम हो रही हरियाली और सार्वजनिक स्थानों पर जलाए जा रहे कूड़ा-कर्कट से बढ़ रहे प्रदूषण से स्किन जैसी बीमारियां हो रही है। हृदय रोग विशेषज्ञ डाक्टर आशीष गुप्ता का कहना है कि कई लोग वातावरण में छाई धुएं की परत को कोहरा समझ रहे हैं जबकि यह स्मॉग है, जो हवा में बैंग्जीन और नाइट्रोजन डाईआक्साईड की मात्रा बढ़ने से बनी है।

लायंसक्लब के रीजन चेयरमैन लायन रवि मदान, पूर्व प्रधान लायन सुरजीत अरोड़ा, सोहना जागृति मंच के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रहे डाक्टर सुरेश कालड़ा, पूर्व नगरपार्षद महेन्द्रप्रताप अरोड़ा, पंडित राकेश शर्मा सांचौलिया आदि पर्यावरण प्रेमियों की बातों पर यकीन किया जाए तो उनका कहना है कि स्मॉग की यह चादर ठंड की वजह से नहीं बल्कि धुएं की वजह से है।

सोहनाढाणी के रहने वाले नंबरदार जितेन्द्र सैनी, रायसीना के रहने वाले देवेन्द्र हांड़ा, गढ़ीमुरली के रहने वाले पूर्व सरपंच संजय यादव, नंबरदार राव सतबीर सिंह, राव गंगाराम बोहरा, जक्खोपुर के रहने वाले रामकिशन गुर्जर आदि ने बताया कि उन्हें सड़क पर वाहन चलाने में भी दिक्कत हो रही है। एहतियात के तौर पर वह मुंह पर मास्क तथा सिर पर हैल्मेट और आंखों के बचाव के लिए चश्मा लगाकर वाहन चला रहे हैं।

स्मार्ट मीटर लगाने के लिए सर्वे शुरू :अग्रवाल

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

सोहना। बिजली निगम के स्मार्ट ग्रिड प्रोजेक्ट में मुख्य अभियंता वीके अग्रवाल की माने तो घरों में स्मार्ट मीटर लगाने का काम तेजी से चल रहा है। यहां पर बादशाहपुर सबडिवीजन को इस योजना में शामिल कर लिया गया है। इसके तहत बादशाहपुर सबडिवीजन में 41 हजार स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि स्मार्ट मीटर लगने से मीटर रीडिंग लेने का झंझट खत्म हो जाएगा। बिजली उपभोक्तों के बिजली बिलों में गड़बड़ी की शिकायतें भी नही आएगी।

उनके अनुसार बिजलीनिगम ने बिजली उपभोक्तों को स्मार्ट बनाने और खुद स्मार्ट होने में तेजी से काम करना शुरू कर दिया है। घरों में स्मार्ट मीटर लगाने का काम जल्द शुरू होगा। इसके लिए आईआईएसएल कंपनी को सर्वे कार्य दिया गया है। सर्वे कार्य तेजी से चल रहा है। मुख्य अभियंता के अनुसार बादशाहपुर, मारूति, सेक्टर छप्पन, सेक्टर सैतीस, सेक्टर 31, सेक्टर तेईस, साउथ सिटी, कादीपुर सोहना रोड, मारूति आईडीसी, पालमविहार, न्यू कॉलोनी डीएलएफ समेत 12 सबडिवीजनों में स्मार्ट मीटर लगाने का काम चल रहा है। 3.59 लाख मीटर लगाए जाने का लक्ष्य है।

इनमें से 2.73 लाख मीटर लगाए जा चुके है। इनमें सिंगल फेस के 2.14 लाख मीटर तथा थ्री फेस के 1.40 लाख मीटर और 5251 मीटर एलटीसी के लगाए जाने हैं।

4 page 3_02.qxd 11/3/2023 9:13 PM Page 1

गुरुग्राम

खबर फटाफट

वृद्धजनों के सम्मान में किया कार्यक्रम का आयोजन

गुरुग्राम। परिवार के वृद्धजनों का समाज निर्माण में बड़ा योगदान रहा है। उनके सही मार्गदर्शन से परिवार विषम से विषम परिस्थितियों में भी अपने को सुरक्षित महसूस करता है और परिस्थितियों का सामना भी बड़ी कुशलता से कर जाता है। वृद्धजनों के प्रति सम्मान प्रदर्शित करने के लिए सैक्टर 110 स्थित गुरुकुल प्री स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र व उनके अभिभावक, वृद्धजन व क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति भी बड़ी संख्या में शामिल हुए और वृद्धजनों ने अपने अनुभव भी साझा किए। स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। जिसमें छात्रों ने विभिन्न प्रस्तुतियां देकर सभी का मनमोह लिया। वृद्धजनों को स्कूल की प्रबंधन कमेटी द्वारा सम्मानित भी किया गया। वृद्धजनों ने उनके प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि छात्रों को घर और स्कूल दोनों से ही संस्कार प्राप्त होते हैं। उन्होंने कहा कि नन्हे-मुन्ने बच्चों के मन में वृद्धजनों के प्रति सम्मान व आदर की भावना स्कूल जागृत करने में लगा है। ये प्रयास सराहनीय हैं। वृद्धजनों ने भी देशभक्ति गीत एवं कविता प्रस्तुत कर समां बांध दिया।

आईटीआई में रोजगार मेला 7 को

गुरुग्राम। राजकीय औधोगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) गुरुग्राम द्वारा 07 नवंबर को अपरेंटिस व प्लेसमेंट के लिए रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले में भाग ले रही विभिन्न क्षेत्रों की पांच कंपनियां अपनी जरूरतों व नियमों के हिसाब से आईटीआई पास छात्रों का चयन करेगी। इस बारे में अधिक जानकारी देते हुए राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गुरुग्राम के प्राचार्य जयदीप सिंह कादियान ने बताया कि कौशल विकास एवं औधोगिक प्रशिक्षण विभाग हरियाणा के निदेशक द्वारा जारी निर्देशानुसार 07 नवंबर को आईटीआई गुरुग्राम के प्रांगण में अप्रेंटिस व प्लेसमेंट हेतु रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें हरियाणा निवासी कोई भी आईटीआई पास विद्यार्थी भाग ले सकता है। मेले में पांच विभिन्न क्षेत्रों की कंपनियां भाग ले रही है जो अपने नियम व शर्तों के हिसाब से 80 विद्यार्थियों का चयन करेंगी। कादियान ने कहा की मेले में भाग लेने के इच्छुक किसी भी प्रतिभागी को इस विषय से संबंधित कोई भी जानकारी चाहिए तो संस्थान में आकर अथवा 01242300190 पर सम्पर्क कर इस विषय में अधिक जानकारी प्राप्त कर सकता है। वहीं जिन छात्र छात्राओं ने अभी तक अपने एनएसी व पीएनएसी प्रमाण पत्र प्राप्त नहीं किए हैं वे किसी भी कार्यदिवस पर संस्थान के शिक्षुता शाखा से प्राप्त कर सकते हैं।

नेटबैंकिंग के माध्यम से रुपए ठगने वाला आरोपी गिरफ्तार

गुरुग्राम। सिमकार्ड चोरी कर धोखाधड़ी से नेटबैंकिंग के माध्यम से 8 लाख रुपयों की ठगी करने वाले आरोपी को पुलिस ने काबू कर लिया है, जिसके कब्जे से 2 लाख 72 हजार रुपयों की नगदी बरामद की गई है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 7 अक्तूबर को एक व्यक्ति ने थाना साईबर अपराध पश्चिम में एक लिखित शिकायत दी कि उसके बैंक खाता से 8 लाख रुपए की ठगी की गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्यवाही शुरु की गई। पुलिस ने पालम विहार एरिया से मोती नामक व्यक्ति को काबू किया है। पुलिस अनुसन्धान में ज्ञात हुआ कि पीडित के बैंक खाता में उसके पिताजी की मृत्यु के उपरांत इन्शयोरैन्स के 9 लाख रुपए आए थे, जिसे उसकी दुकान पर ही कार्य करने वाले व्यक्ति द्वारा इसका सिम कार्ड चोरी करके नेटबैंकिंग के माध्यम से पीडित के बैंक खाता से पैसे निकल कर ठगी करने की वारदात को अंजाम दिया गया। पुलिस जांच मे यह भी सामने आया है कि आरोपी द्वारा पीडित के बैंक खाते से ठगी गई राशि को इसने नेटबैंकिंग के माध्यम से अपने भाई के बैंक खाता में करीब 7 लाख रुपए ट्रांसफर किए थे। आरोपी ने लालच मे आकर ज्यादा पैसे कमाने की नियत से उपरोक्त अभियोग में ठगी की वारदात को अंजाम दिया था।

जीआरएपी का तीसरा चरण लागू

निर्माण, तोड़फोड़ गतिविधियों पर लगी रोक

- प्रतिबंधित गतिविधियां करने वालों पर कड़ी नजर,नियमों की अनदेखी करने वालों पर होगी कार्रवाई, लगेगा जुर्माना

भरोसा मित्र डेस्क

गुरुग्राम। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग द्वारा पूरे दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में बढ़ते प्रदूषण स्तर को ध्यान में रखते हुए ग्रेडिड रेस्पांस एक्शन प्लान का तीसरा चरण लागू कर दिया गया है। इस चरण में प्रदूषण बढ़ाने वाली गतिविधियां करने वालों पर भारी जुर्माना लगाया जाएगा, वहीं निर्माण एवं तोडे ोड़ गतिविधियों पर आयोग द्वारा रोक लगा दी गई है। इस बारे में जानकारी देते हुए नगर निगम गुरूग्राम की पर्यावरण एवं स्थिरता विंग के नोडल अधिकारी संयुक्त आयुक्त डा. नरेश कुमार ने बताया कि जीआरएपी के तीसरे चरण में कुछ प्रोजैक्ट को छोड़कर अन्य सभी प्रकार की निर्माण एवं तोडफोड़ गतिविधियों पर रोक लगा दी गई है। संयुक्त आयुक्त ने बताया कि नगर निगम गुरूग्राम द्वारा प्रदूषण को कम करने के लिए मैकेनाईज्ड स्वीपिंग करवाई जा रही है। इसके साथ ही सडे ों पर धूल को उडने से रोकने के लिए पानी का छिड़काव किया जा रहा है। उन्होंने गुरूग्राम के नागरिकों से आह्वान किया कि वे जीआरएपी नियमों की पालना करें तथा प्रदूषण बढ़ाने वाली कोई भी गतिविधि ना करें। अगर कोई दूसरा ऐसा करता है, तो उसे रोकें तथा उसके बारे में टोल फ्री नंबर 1800-180-1817 पर सूचना दें।

पानी छिड़काव में जुटा नगर निगम

इन प्रोजैक्टों को छूट मिली

इनमें रेलवे सेवाओं, मैट्रो सेवाओं, एयरपोर्ट, इंटर स्टेट बस टर्मिनल, राष्ट्रीय सुरक्षा, डिफैंस, अस्पताल, हाईवे, रोड़, फ्लाईओवर, ओवरब्रिज, पावर ट्रांसमिशन, पाईपलाईन, सीवरेज ट्रीटमैंट प्लांट, वाटर सप्लाई आदि से संबंधित कार्य शामिल हैं। जिन प्रोजैक्ट को छूट मिली है, उन्हें भी पर्यावरणीय नियमों जैसे सीएंडडी वेस्ट मैनेजमैंट रूल्स, डस्ट कंट्रोल नॉर्म्स की पालना गंभीरता से सुनिश्चित करना अनिवार्य किया गया है। इसके अलावा, कचरा एवं मलबा डंपिंग, कचरे में आग लगाना सहित अन्य ऐसी गतिविधियां जिनसे प्रदूषण स्तर में बढ़ौतरी होती है, पूरी तरह से प्रतिबंधित हैं। अगर कोई व्यक्ति इस प्रकार की गतिविधियां करता है, तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

अब तक 114 चालान, 5 लाख 92 हजार का जुर्माना लगाया

नोडल अधिकारी संयुक्त आयुक्त डा. नरेश कुमार ने बताया कि जीआरएपी नियमों की पालना सुनिश्चित करवाने के लिए निगम की टीमें अलग-अलग क्षेत्रों में निगरानी बनाए हुए हैं तथा उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित के चालान किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि जीआरएपी के तहत अब तक 114 चालान करते हुए 5 लाख 92 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। इनमें नियमों की पालना नहीं करने वाली 48 निर्माण साईटों पर 31 हजार रूपए, सीएंडडभ् वेस्ट डंपिंग डालने वाले 12 व्यक्तियों पर 1 लाख 35 हजार रूपए, कचरा जलाने वाले 4 व्यक्तियों पर 20 हजार रूपए, कचरा फैंकने वाले 33 व्यक्तियों पर 22 हजार 500 रूपए, ठोस कचरा प्रबंधन नियमों की पालना नहीं करने वाले 17 व्यक्तियों पर 1 लाख 5 हजार रूपए के चालान शामिल हैं।

कांग्रेस के लोकसभा व नूंह पर्यवेक्षक ने ली बैठक

पार्टी संगठन गठन के लिए गंभीर : पुनिया

- कांग्रेस विधायक दल उप नेता आफताब सहित विधायक मामन खान प्रमुख रूप से मौजूद

आस मोहम्मद, भरोसा मित्र

नूंह । आगामी लोकसभा व विधानसभा चुनावों के मद्देनजर हरियाणा में भी कांग्रेस पार्टी धरातल पर संगठन खड़ा करने में जुटी हुई है। जिला कांग्रेस मुख्यालय नूंह पर अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी द्वारा भेजे गुड़गांव लोकसभा पर्यवेक्षक अमित पुनिया व नूंह जिलु के पर्यवेक्षक रहीम सौरा ने कांग्रेस विधायक दल उप नेता आफताब अहमद की मौजदूगी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं संग बैठक की। बैठक में मुख्य रूप से पुन्हाना विधायक मौहम्मद इलियास, फिरोजपुर झिरका विधायक मामन खान इंजीनियर, पूर्व विधायक शहीदा खान, पीसीसी सदस्य महताब अहमद, आदि मौजूद रहे।

गुड़गांव लोकसभा पर्यवेक्षक अमित पुनिया ने कहा कि पार्टी संगठन गठन के लिए गंभीर है और बहुत जल्द संगठन पुनर्गठन पूरा हो जाएगा। इस प्रक्रिया में ब्लॉक अध्यक्ष से लेकर बूथ लेवल, सैक्टर अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारियों का चयन किया जाएगा। जिला अध्यक्ष पर पार्टी आलाकमान पहले की प्रक्रिया कर चुका है। वहीं नूंह जिला पर्यवेक्षक रहीम सौरा ने कहा कि नूंह की तीनों विधानसभा क्षेत्र नूंह, पुन्हाना, फिरोजपुर झिरका के अंतर्गत कांग्रेस पार्टी के ब्लॉक मंडल व सेक्टर कमेटियों का गठन का कार्य किया जा रहा है। इसके लिए हर विधानसभा में कई बैठक हो चुकी हैं और जल्द उपयुक्त चयन हो कर संगठन गठन कर लिया जाएगा।

कार्यकर्ताओं से ली जा रही है फीडबैक : मामन खान

कांग्रेस विधायक दल के उप नेता आफताब अहमद ने कहा कि कांग्रेस के निष्ठावान व समर्पित सिपाहियों को संगठन में तरजीह दी जाएगी। इसके लिए हम सभी मिलकर काम कर रहे हैं। 16, 17, 18 अक्टूबर को पुन्हाना, फिरोजपुर झिरका, तावडू में बैठक की गई हैं और कल फिर सभी जिम्मेदार लोगों ने बैठक की है। विधायक आफताब अहमद ने कहा कि आगामी लोक सभा, विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस संगठन को मजबूत कर रही है। विधायक मामन खान ने कहा कि सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं से फीडबैक लिया जा रहा है, मेहनती व लगनशील कार्यकर्ताओं को संगठन में जिम्मेदारी देकर आगामी चुनावों की तैयारियाँ शुरू हो गई है। पूर्व विधायक शहीदा खान ने कहा कि कांग्रेस अगले चुनावों के लिए तैयार है। तो वहीं पीसीसी सदस्य महताब अहमद ने कहा कि कांग्रेस का कार्यकर्ता पार्टी की रीढ की हड्डी हैं, उन्हें जिम्मेदारी के साथ साथ पूरा मान सम्मान मिलेगा। इस दौरान कांग्रेस की सभी इकाईयों के जिम्मेदार सदस्य मौजूद थे।

संतान की रक्षा व दीर्घायु के लिए

महिलाएं कल रखेंगी अहोई अष्टमी का व्रत

- बाजारों में पूजा सामग्री खरीदने के लिए महिलाओं की लगी है भीड़

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। संतान की रक्षा और दीर्घायु के लिए महिलाएं आगामी कल रविवार को अहोई अष्टमी पर्व पर व्रत रखकर माता पार्वती की पूजा अर्चना कर संतान की दीर्घायु की कामना करेंगी। पूरे दिन व्रत रखने के बाद महिलाएं सायं के समय आसमान में तारा को अर्ध्य देकर अपने व्रत का समापन करेंगी। व्रती महिलाएं बड़ी बुजुर्गों महिलाओं से अहोई माता की कथा का श्रवण कर अहोई माता की आकृति दीवार पर गेरु या लाल रंग से बनाकर चांदी के मोतियों की माला व जल से भरा हुआ कलश भी अहोई माता की आकृति के समक्ष रख कर अपने बच्चों की दीर्घायु की कामना करेंगी। यह पर्व प्राचीन काल से ही मनाया जाता आ रहा है। बाजारों में लगी है भीड़ शहर के मुख्य सदर बाजार व आस-पास के क्षेत्रों में भी कलश के रुप में मिट्टी के करवे आदि की बिक्री की जा रही है। बड़ी संख्या में महिलाएं करवे व अन्य पूजा सामग्री खरीदती दिखाई दे रही हैं।

क्या है अहोई की किवदंती

किवदंती है कि एक नगर में एक साहूकार था। उसके 7 बेटे और 7 बहुएं थीं। साहूकार की एक बेटी भी थी। दिवाली में वह बेटी अपने मायके आई थी। दीपावली पर घर को लीपने के लिए सातों बहुएं मिट्टी लाने जंगल में गईं तो ननद भी उनके साथ चली गई। साहूकार की बेटी जहां मिट्टी काट रही थी, उस स्थान पर स्याहु (साही) अपने 7 बेटों के साथ रहती थी। मिट्टी काटते हुए गलती से साहूकार की बेटी की खुरपी की चोट से स्याहू का एक बच्चा मर गया। स्याहू इस पर क्रोधित होकर बोली कि मैं तुम्हारी कोख बांधूंगी। कहा जाता है कि बेटी व उसकी भाभियों ने स्याहु से बड़ी विनती की कि वह अपना श्राप वापिस ले ले। सबसे छोटी भाभी ननद के बदले अपनी कोख बंधवाने के लिए तैयार हो गई बताया जाता है। इसके बाद छोटी भाभी के जो भी बच्चे हुए, वह 7 दिन बाद मर जाते थे और 7 पुत्रों की इस प्रकार मृत्यु होने के बाद उसने पंडित को बुलवाकर इसका कारण पूछा। पंडित ने सुरही गाय की सेवा करने की सलाह दी। इससे प्रसन्न होकर साहु ने अपना श्राप वापिस ले लिया। तभी से संतान की रक्षा व दीर्घायु के लिए यह पर्व मनाया जाता आ रहा है।

जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने बीमा कंपनी को दिए आदेश

उपभोक्ता को ब्याज सहित करें भुगतान

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। बीमांकित की शिकायत की सुनवाई करते हुए जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने इंश्योरेंश कंपनी को आदेश दिए हैं कि बीमांकित व्यक्ति को उसके उपचार पर खर्च हुए एक लाख 43 हजार 461 रुपए का 9 प्रतिशत ब्याज दर से भुगतान किया जाए। यदि 45 दिन के अंदर भुगतान नहीं किया गया तो ब्याज दर बढे र 12 प्रतिशत हो जाएगी। उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने यह आदेश भी बीमा कंपनी को दिया है कि 50 हजार रुपए बीमांकित को हर्जाने के रुप में और 22 हजार रुपए का भुगतान कानूनी खर्चे के रुप में भी दिया जाए। यदि आदेश की पालना नहीं की जाती है कंपनी को जुर्माने व सजा भी भुगतनी होगी। बादशाहपुर क्षेत्र के बीमांकित नारायण सिंह के अधिवक्ता क्षितिज मेहता से प्राप्त जानकारी के अनुसार नारायण सिंह ने रेलिगेयर हैल्थ इंश्योरेंश कंपनी से एक मैडिकल पॉलिसी ली हुई थी। नारायण सिंह ने 21 मई 2021 को सैक्टर 56 स्थित प्रतीक्षा अस्पताल में भर्ती होकर अपना उपचार कराया था, उसके उपचार पर 77 हजार 58 रुपए और दवाईयों पर 66 हजार 403 रुपए खर्च हुए थे। जब उसने इंश्योरेंश कंपनी से उपचार और दवाईयों पर आए खर्च का क्लेम किया तो बीमा कंपनी ने उसे खारिज कर दिया और कहा कि नारायण सिंह पहले से ही धूम्रपान करता था और इस बारे में उसने कंपनी को नहीं बताया। अधिवक्ता का कहना है कि हालांकि चिकित्सक ने लिखकर दिया था कि नारायण सिंह 2 साल पहले ही धुम्रपान छोड़ चुका था और इसकी जानकारी उसने बीमा कंपनी के एडवाईजर को भी दी थी। एडवाईजर ने इस बारे में कंपनी को लिखकर भी दे दिया था। लेकिन बीमा कंपनी ने इसको नहीं माना। अधिवक्ता का कहना है कि बीमा कंपनी को लीगल नोटिस भी दिया गया। लेकिन कंपनी ने उसका कोई जबाव नहीं दिया तो उपभोक्ता को जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग का दरवाजा खटखटाने पर बाध्य होना पड़ा। 4 मार्च 2020 को बीमा कंपनी के खिलाफ जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग में केस दायर कर दिया। आयोग ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनी और उसके बाद बीमा कंपनी को आदेश दिया कि 22 मई 2019 से 9 प्रतिशत ब्याज सहित एक लाख 43 हजार 461 रुपए की धनराशि का भुगतान उपभोक्ता को किया जाए। यदि 45 दिन में भुगतान नहीं किया गया तो ब्याज दर 9 प्रतिशत से 12 प्रतिशत हो जाएगी। 50 हजार रुपए हर्जाना व 22 हजार रुपए कानूनी खर्च भी देने के आदेश आयोग ने बीमा कंपनी को दिए हैं। आयोग ने स्पष्ट किया है कि दि बीमा कंपनी आदेश का पालन नहीं करती है तो उसे सजा व जुर्माने का भुगतान भी करना पड़ सकता है। यह सजा एक माह से 3 माह तक और जुर्माना 25 हजार रुपए से एक लाख रुपए तका भी हो सकता है। उक्त फैसला जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष संजीव जिंदल व पदेन सदस्य ज्योति सिवाच व खुशविंद्र कौर ने सुनाया है।

मेला | स्वाद के जायके में गोवा के सी फिश का फूड कोर्ट में लोग कर रहे पसंद

सरस मेले में दलेर मेहंदी के गानों पर झूमे शहरवासी

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। सरस आजीविका मेला 2023 में मशहूर कलाकार दलेर मेहंदी ने अपनी प्रस्तुति से समा बांध दिया। सांस्कृतिक संध्या में दलेर मेहंदी ने सरस मेले में ले लो मजा...., गानों से अपनी प्रस्तुति की शुरुआत की। इसके बाद एक के बाद एक अपनी प्रस्तुति देकर लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। लोगों ने भी आखिरी वक्त तक कार्यक्रम का आनंद लिया। अन्य गानों में तेरी अखियां का यू काजल..., छैला मैं छैला..., तनु मैं लव कर दी...., हो गई तेरी बल्ले बल्ले...., जय जय शिव शंकर...., आज हटाए नहीं हटूंगा...., समेत अनेक गानों की प्रस्तुति दी। दलेर मेहंदी ने कार्यक्रम का समापन उनके मशहूर गाना तुनक तुनक.... से किया। इस मौके पर भारी संख्या में लोग मौजूद रहे। इसके बाद लोगों ने फूड कोर्ट में जाकर देशभर के बीस राज्यों से आई हुई दीदीयों के स्टॉलों पर जाकर विभिन्न व्यंजनों का स्वाद भी चखा। मेले में गोवा से कुल तीन स्टॉल लगाए गए हैं। इसकी जानकारी देते हुए गोवा के स्टेट कोआर्डिनेटर आशिष ने बताया कि गोवा से घरों को सजाने वाले सी प्रोडक्ट के आईटम समेत फूड कोर्ट में गोवा के लाइव फूड स्टॉल भी लगाए गए हैं। स्टॉल नंबर 8 पर आप को प्रांस फ्राई, पांफ्रेट फ्राई, अमात तिकत व रेसात बांगरा जैसे खाने के आईटम नॉनवेज प्रेमियों को लुभा रहा है।

11 नवम्बर तक चलेगा सरस मेला

राजधानी से सटे गुरुग्राम में ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार और राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान (एनआईआरडीपीआर) द्वारा हरियाणा सरकार के सहयोग से आयोजित सरस आजीविका मेला का आयोजन किया जा रहा है। 26 अक्टूबर से 11 नवंबर तक आयोजित होने वाला मेला भारत की विविधता और सांस्कृतिक विरासत को दर्शा रहा है। पहले दिन ही इस मेले का आकर्षण लोगों को अपनी तरफ खींच लाया। यहां हर आयु वर्ग के लोग मेला देखने व खरीदारी करने में आ रहे हैं। गुरुग्राम के सेक्टर-29 स्थित लेजरवैली ग्राउंड में लगे इस मेले में देश के 28 राज्यों के 400 से अधिक स्टॉलों पर लोग खरीदारी के लिए आ रहे हैं। मेले की विविधता लोगों को आकर्षित कर रही है। स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) की महिलाओं की विशेष उपस्थिति वाला यह मेला महिला सशक्तिकरण की एक बेहतरीन मिसाल है जहां न केवल वह अपना उत्पाद लेकर आई हैं बल्कि वह भारत की विविधता और अनेकता में एकता का संदेश भी दे रही हैं।

महिलाओं के लिए वर्कशॉप का हुआ आयोजन

वहीं, स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के लिए वर्कशॉप का भी आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का आयोजन राष्ट्रीय ग्रामीण विकास व पंचायती राज संस्थान द्वारा किया गया। इसमें सौ से अधिक महिलाओं ने भाग लिया। आज कार्यशाला के मुख्य वक्ता के रूप में एस एम सहगल फाउंडेशन के पवन कुमार रहे। कार्यशाला में भाग लेने वाले प्रतिभागियों ने इसकी सराहना की। ज्ञात हो कि उत्पादों से जुडे अलग-2 विषयों पर मेले में भाग लेने वाली 800 से अधिक स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के लिए कार्यशाला आयोजित की जा रही हैं। उदाहरण के तौर पर पैकेजिंग, ब्रेंडिंग, बिजनेस प्रपोजल तैयार करने, सोशल मीडिया प्लैटफार्म का उत्पादों की मार्किटिंग में उपयोग करने, वित्तीय प्रबंधन से लेकर कई अन्य विषयों के बारे मे प्रशिक्षण दिया जा रहा है तथा महिलाओं को सीधे बाजार से जोडने हेतु बी-टू-बी व बी-टू-सी बैठकें भी आयोजित की जा रही हैं।

---

123 वर्ष की उम्र में हुआ गुरुग्राम की पार्वती देवी का निधन

भरोसा मित्र डेस्क

गुरुग्राम। आज के आधुनिक और तकनीकी के युग में जहां इंसानों की औसत आयु घटती जा रही है। वहीं, गुरुग्राम के कार्टरपुरी में रहने वाली पार्वती देवी पत्नी स्व. श्री उदमीराम ने 123 साल का स्वस्थ जीवन जीने के बाद दुनिया से विदाई ली है। अपनी चार पी ी देख चुकी पार्वती बेटे, बेटियां, पौत्र, पौत्री, पे पौत्री और से पौत्र-पौत्रियों से भरा पूरा परिवार छो कर गई हैं।

स्वर्गीय श्रीमती पार्वती देवी 01/07-1900 to-26/10/2023

7 जुलाई 1900 में जन्मी पार्वती देवी के बारे में सबसे खास बात तो यह रही कि इस लंबे जीवन के दौरान कभी ज्यादा गंभीर रूप से बीमार नहीं हुई। परिवार के लोगों ने पार्वती के स्वस्थ जीवन और लंबी आयु का मुख्य कारण गाय का दूध बताया। पार्वती देवी के पुत्र कृष्ण यादव ने बताया कि उनकी माता जी सदा गाय का दूध पीती रहीं, जोकि उनके लिए अमृत के समान था। कृष्ण के अनुसार कुछ दिन पहले उनकी तबियत खराब रहने लगी थी। तब उन्होंने कामधेनू गौशाला में जाकर गौसेवा आयोग के उपाध्यक्ष पूरन यादव और गौसेवक बलजीत यादव से मुलाकात की और उन्हें पार्वती के स्वास्थ्य को लेकर दूध उपलब्ध कराने के बारे में कहा। गौसेवा आयोग के उपाध्यक्ष पूरन यादव ने तुरंत पार्वती देवी के लिए दूध की व्यवस्था की, जिनसे उनकी तबियत फिर से ठीक हो गई थी और उन्होंने खाना-पीना स्वस्थ व्यक्ति की तरह शुरू कर दिया था।

पार्वती देवी 123 साल की उम्र में भी देखने और सुनने में सक्षम थी। इसके अलावा उनके मुंह में दोबारा से दांत भी आ गए थे,जो किसी चमत्कार से कम नहीं। 1 जुलाई 1900 में गुरुग्राम जिला के गांव बोहे कलां में जन्मी पार्वती देवी का 123 साल की उम्र में 26 अक्टूबर 2023 को निधन हो गया।

उल्लेखनीय है कि चार पी ी देख चुकी पार्वती के परिवार में उनके तीन पुत्र और चार पुत्रियां हुई। तीनों पुत्रों में फौज में देश की सेवा की और उनमें से दो की मृत्यु हो चुकी है। पांच पौत्र और छह पौत्री हैं। तीन पौत्र भोज में भर्ती हुए और दो सेवानिवृत हो चुके हैं। इसके अलावा सात पे पौत्र, तीन पे पौत्री के अलावा एक षडपौत्री है। चार पी ी देख चुकी पार्वती के निधन पर समाज के प्रबुद्ध लोगों ने ईश्वर से मृतक की आत्मा को शांति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

खबर फटाफट

राष्ट्रीय गांधी शिल्प बाजार का किया उद्घाटन

गुरुग्राम। विकास आयुक्त हस्तशिल्प वस्त्र मंत्रालय केंद्र सरकार के सहयोग से राष्ट्रीय गांधी शिल्प बाजार का विधिवत उद्घाटन नगर निगम गुरुग्राम की निवर्तमान मेयर मधु आजाद द्वारा किया गया गया। इस मौके पर राजेंद्र कुमार मीना, चेतना वर्मा, मोहम्मद यामीन आदि मौजूद रहे। यह मेला 31 अक्टूबर से 9 नवंबर तक सेक्टर 47 स्थित हुडा ग्राउंड में आयोजित किया जा रहा है। नगर निगम की पूर्व मेयर मधु आजाद ने कहा कि इस मेले में देश के विभिन्न राज्यों से हस्तशिल्प व हथकरघा शिल्पकार अपनी कला एवं संस्कृति से जुड़े। हस्तनिर्मित उत्पादों का प्रदर्शन करेंगे। इसके अलावा खाने के शौकीन लोगो के लिए विभिन्न राज्यों के प्रसिद्ध व्यंजनों की भी स्टॉल लगेगी बच्चों के लिए विशेष तरह-तरह के झूले का आनंद ले सकते हैं, और प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। एक प्रकार से इस मेले में आने वाले लोगो को भारत के विभिन्न राज्यों की कला के दर्शन होंगे और हर राज्य की हस्तकला व संस्कृति से रूबरू होने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस मेले के आयोजन करने से भारत सरकार का यह मकसद है की हस्तशिल्पी अपने उत्पादों को बिना बिचौलियों के अपने उत्पादों की बिक्री कर सकेंगे,जिससे उनकी जीविका में बढ़ोतरी होगी और वह आत्मनिर्भर बनेंगे और खरीददार को भी सस्ता व अच्छा सामान मिल सकेगा । मेले में आमजन के लिए प्रवेश निशुल्क रखा गया है।

बूथ लेवल पर कैम्प लगाकर मतदाताओं के दावे व आपत्तियां स्वीकार करेंगे सभी बीएलओ : डीसी

गुरुग्राम। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी निशांत कुमार यादव ने बताया कि गुरुग्राम जिला में नए मतदाताओं को मतदाता सूची में जोडने व पुराने मतदाता की आपत्तियों व दावों के अनुरूप संशोधन के लिए जिला में 27 अक्टूबर से 9 दिसंबर तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कडी में 4 व 5 नवंबर को सभी मतदान केंद्रों पर बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) के माध्यम से विशेष कैम्प का आयोजन किया जाएगा। जिसमे वह मतदाताओं के दावे व आपत्तियां स्वीकार करेंगे। साथ ही सभी बीएलओ बूथ पर आने वाले सभी नागरिकों को वोटर हेल्पलाइन एप के प्रति भी जागरूक भी करेंगे। डीसी ने कहा कि सभी बूथ लेवल ऑफिसर देश के मजबूत लोकतंत्र का मुख्य आधार हैं। ऐसे में सभी बीएलओ विशेष कैंपो में ज्यादा से ज्यादा संख्या में नए मतदाताओं को जोडकर जिला की रैंकिंग में सुधार लाने के साथ साथ उपरोक्त मासिक अभियान के सफल आयोजन के लिए प्रमुखता से अपना योगदान देना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 1 जनवरी 2024 को क्वालीफाइंग तिथि मानकर जिला गुरुग्राम के चारों विधानसभा क्षेत्रों की मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्य 9 दिसंबर तक किया जा रहा है।

पांचवें राष्ट्रीय जल पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित, 15 दिसंबर अंतिम तिथि

गुरुग्राम। जल शक्ति मंत्रालय के जल संसाधन, नदी विकास और गंगा कायाकल्प विभाग ने राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर 5वें राष्ट्रीय जल पुरस्कार, 2023 का शुभारंभ किया है। इन पुरस्कारों के लिए सभी आवेदन लिंक पर ऑनलाइन राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल के माध्यम से प्राप्त किए जाएंगे। आम लोग ज्यादा जानकारी के लिए इस पोर्टल या इस विभाग की वेबसाइट पर जा सकते हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 15 दिसंबर, 2023 है। डीसी निशांत कुमार यादव ने पुरस्कारों के लिए पात्रता संबंधी जानकारी देते हुए बताया कि कोई भी राज्य, जिला, ग्राम पंचायत, शहरी स्थानीय निकाय, स्कूल/कॉलेज, संस्थान (स्कूल/कॉलेज के अलावा), उद्योग, नागरिक समाज, जल उपयोगकर्ता संघ या जल संरक्षण और प्रबंधन के क्षेत्र में अनुकरणीय कार्य करने वाले व्यक्ति आवेदन करने के पात्र है। डीसी ने बताया कि सर्वश्रेष्ठ राज्य और सर्वश्रेष्ठ जिला को विजेताओं को ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जाएगा। शेष श्रेणियों में -सर्वश्रेष्ठ ग्राम पंचायत, सर्वश्रेष्ठ शहरी स्थानीय निकाय, सर्वश्रेष्ठ स्कूल/कॉलेज, सर्वश्रेष्ठ संस्थान (स्कूल/कॉलेज के अलावा), सर्वश्रेष्ठ उद्योग, सर्वश्रेष्ठ नागरिक समाज, सर्वश्रेष्ठ जल उपयोगकर्ता संघ, सर्वश्रेष्ठ उद्योग, उत्कृष्टता के लिए सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति विजेताओं को नकद पुरस्कार के साथ-साथ ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जाएगा। पहले, दूसरे और तीसरे विजेताओं के लिए नकद पुरस्कार क्रमशः 2 लाख रुपये, 1.5 लाख रुपये और 1 लाख रुपये हैं। डीसी ने बताया कि राष्ट्रीय जल पुरस्कारों के लिए प्राप्त सभी आवेदनों की जांच जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण मंत्रालय की एक स्क्रीनिंग समिति द्वारा की जाएगी।

मेवात में नहीं थम रहा नकली पनीर और घी बनाने का गोरख धंधा

छापेमारी के बाद भी नगीना थाना के अंतर्गत सुखपुरी में डबल हो गया है धंधा

- अधिकारियों को मासिक चंदा देखकर यह लोग खुले आम बेझिझक होकर यह जहर बना रहे हैं

आस मोहम्मद, भरोसा मित्र

नूंह। मेवात में नकली पनीर और जहरीला घी बनाने का धंधा थमने का नाम नहीं ले रहा है। जहां देश में त्योहारों से खुशियों का आगमन हो रहा है वही जहरीला पनीर और घी लोगों की खुशियों में जहर घोलने का काम कर रहा है।

मेवात के गांव सुखपूरी में नगीना थाना क्षेत्र के अंतर्गत सुखपरी में धड़ल्ले से यह गोरखधंधा चलाया जा रहा है। वहां सैकड़ो किलोग्राम नकली पनीर ,घी और दूध वगैहरा हर रोज बनाया जा रहा है ।

आपको बता दें कि मेवात में अवैध रूप से चलने वाली ऐसी कई डेयरियां हैं जिन पर यह पनीर रूपी जहर तैयार कर बाजारों में बेचा जा रहा है। आपको बता दें कि गत 19 अक्टूबर को खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा आबिद डेयरी सुखपरी पर दबिश देकर छापेमारी की गई थी।

जिसमें आबिद हुसैन पुत्र जान मोहम्मद गांव सुखपरी थाना नगीना को छापेमारी में गिरफ्तार भी किया गया था। छापेमारी के दौरान उस डेयरी पर करीब 3300 किलोग्राम पनीर वह 4400 किलोग्राम नकली घी बरामद भी किया गया था, लेकिन उसके बाद भी यह नकली पनीर बनाने का धंधा कम नहीं हुआ। जिसके परिणाम स्वरुप अब इस डेयरी पर धंधा डबल कर दिया गया है। सूत्रों की माने तो संबंधित विभाग के अधिकारियों को मासिक चंदा देखकर यह लोग खुले आम बेझिझक होकर यह जहर बना रहे हैं और बड़े शहरों में सप्लाई कर रहे हैं। इसके बाद इन्हें ना तो पुलिस का डर है और ना प्रशासन का खौफ। लोगों की जिंदगियों से ये लोग खुले आम डंके की चोट पर खिलवाड़ किए जा रहे हैं।

लोगों ने ऐसी डेयरियों को पूर्ण रूप से बंद करने की मांग

मेवात में जगह-जगह पर यह गोरख धंधा चलाया जा रहा है । संबंधित विभाग द्वारा कुछ कार्यवाही करने का दिखावा भी समय-समय पर होता रहा है, लेकिन उसका कोई पूर्ण समाधान न निकलने से आम जनता में बहुत रोष देखने को मिल रहा है । इसलिए मेवात के अलग-अलग गांव से मौजीज लोगों ने संबंधित विभाग और पुलिस प्रशासन से पूर्ण समाधान की मांग करते हुए सुखपरी गांव जैसी डेयरियों को पूर्ण रूप से बंद करने की मांग की है। ताकि ऐसे गोरखधंधा चलाने वालों के हौसले पस्त हो सके। लोगों की मांग है कि एक निष्पक्ष और ईमानदार टीम को इन डेयरियों पर भेजा जाए ताकि निष्पक्ष जांच होकर पूर्ण कार्रवाई अमल में लाई जा सके। जिससे आम जनता की जिंदगी से होने वाला यह खिलवाड़ बंद हो सके।

सोयाबीन, रिफाइंड और चूने से बनाया जा रहा है पनीर और घी

आपको बता दें कि इस डेयरी पर नकली पनीर बनाने के लिए सिंथेटिक पाउडर के साथ रिफाइंड तेल, सोयाबीन और यहां तक की चूने का इस्तेमाल भी ये लोग कर रहे हैं। यहां सोयाबीन को पीसकर उसमें चूना मिलाकर उसे जहरीला केमिकल और ब्लीच डालकर पनीर बनाने का काम करते हैं। इतना ही नहीं इस काम को करते हुए ये लोग साफ सफाई का ध्यान भी नहीं रखते। मक्खीङ्क मच्छर, कीड़े ङ्कमकोड़े हर तरह की गंदगी के बीच ये सब काम होता है। यही सारा पनीर और घी बड़े शहरों में जाकर हर घर में पहुंच रहा है और आम जनता की जिंदगियों से खिलवाड़ किया जा रहा है। इतना सब होने के बाद भी प्रशासन अपना प्रसाद लेकर गहरी नींद सो रहा है।

खेड़ला रोड पर मिला पूर्व एचएसएस सी सदस्य के भाई का शव

हत्या या आत्महत्या जांच में जुटी पुलिस

- पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंपा

आस मोहम्मद, भरोसा मित्र

नूंह। हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के पूर्व सदस्य और नूंह के गांव उजीना निवासी सुरेंद्र उर्फ पिंटू के छोटे भाई अजय भाटी का शुक्रवार सुबह 9 बजे शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। डेड बॉडी नूंह के समीप खेड़ला रोड के पास मिली है। शव के पास एक जहर की गोली भी मिली है। मृतक अजय भाटी का शव एक दुकान के बाहर लेटा हुआ मिला। जिसके मुंह से झाग निकल रहे थे और उल्टी हुई थी। वहीं साथ ही उनकी एक कार भी खड़ी मिली। शव को देख आसपास के लोगों ने सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और पहचान करने के लिए डेड बॉडी के फोटो वायरल किए। जिसके बाद शव की पहचान हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के पूर्व सदस्य सुरेंद्र उर्फ पिंटू निवासी उजीना के छोटे भाई अजय भाटी के रूप में हुई।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नूंह सीएचसी में रखवाया। सूचना मिलते ही जिले के भाजपा के नेता अस्पताल पहुंचे। वहीं सोहना तावडू विधायक संजय सिंह भी अस्पताल में पहुंचे। फिलहाल पुलिस और डॉक्टर आगामी कार्रवाई में जुटे हुए हैं।

मृतक ने सुसाइड किया है या किसी ने जहर देकर हत्या की है। इन सभी पहलुओं पर पुलिस गहनता से जांच करने में जुटी है। परिजनों से भी इस मामले में पुलिस पूछताछ कर रही है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया,और आगामी कार्रवाई में जुट गई है।

गाड़ी लूटने के मामले में दो और आरोपी गिरफ्तार

गुरुग्राम। हथियार के बल पर गाड़ी लूटने के मामले में गुरुग्राम पुलिस ने 2 और आरोपियों को काबू किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 7 अगस्त 2020 को एक व्यक्ति ने थाना खेडे ी दौला में शिकात दी कि मानेसर से रामपुरा जाते हुए रामपुरा सर्विस रोड मारुति सुजुकी शोरूम के आगे 4 व्यक्तियों द्वारा हथियार के बल पर जबरदस्ती उसकी गाड़ी छीन ली गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों महेश व वीर सिंह को गुरुग्राम से गिरफ्तार कर लिया।

सभी विद्यालयों में पॉक्सो कमेटियों का गठन करें ताकि बाल संरक्षण को मिले मजबूती : गणेश कुमार

आस मोहम्मद, भरोसा मित्र

नूंह। बाल शोषण की रोकथाम व बाल अधिकारों के संरक्षण के उद्देश्य से लघु सचिवालय स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग हॉल में जिला स्तरीय बाल मजदूरी रोकथाम परामर्श समिति की बैठक का आयोजन उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा की अध्यक्षता में किया गया । हरियाणा राज्य बाल संरक्षण अधिकार आयोग के सदस्यों गणेश कुमार व सुमन ने बाल अधिकारों के संरक्षण पर बल दिया। उन्होंने कहा कि इसके लिए संबंधित इकाइयों व विभागीय अधिकारियों को बेहतरीन तालमेल के साथ एकजुट प्रयास करने होंगे। इससे बाल शोषण पर भी लगाम लगाई जा सकेगी और बाल अधिकारों के संरक्षण में भी मदद मिलेगी। आयोग के सदस्य गणेश कुमार ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि सभी विद्यालयों में अनिवार्य रूप से पॉक्सो कमेटियों का गठन करवायें। इससे बाल संरक्षण को मजबूती मिलेगी। यदि कोई बालक-बालिका अपने शिक्षक के विरूद्ध छेडे ानी की शिकायत देता है तो उस पर तुरंत एफआईआर दर्ज करवायें। बच्चों की सुरक्षा, संरक्षण के लिए काम करें।

आयोग की सदस्य सुमन ने बाल मजदूरी पर विस्तृत चर्चा करते हुए इसे रोकने पर जोर दिया। उन्होंने एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट के सदस्यों से इस संदर्भ में सवाल भी पूछे। उन्होंने बाल मजदूरी की व्याख्या भी की। उन्होंने निर्देश दिए कि बाल मजदूरी को रोका जाए। गुमशुदा बच्चों की भी जानकारी लेते हुए उन्होंने विशेष निर्देश दिए। उन्होंने नट का खेल दिखाने वालों पर भी शिकंजा कसने के निर्देश दिए ताकि बाल शोषण व मजदूरी पर रोक लगे। उन्होंने महिला पुलिस अधिकारी से महिला पुलिस थाना में चाइल्ड फ्रेंडली रूम स्थापना की जानकारी ली। आयोग के सदस्यों ने बाल अधिकारों के विषय में अन्य आवश्यक जानकारी लेते हुए जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने डीसीपीओ को निर्देश दिए कि सभी बाल देखभाल केंद्रों में मैनेजमेंट कमेटियों का उचित गठन करवाया जाए। स्पोंसरशिप स्कीम के साथ उन्होंने अन्य योजनाओं व नियमों पर भी चर्चा की। उन्होंने बच्चों को बाल देखभाल केंद्रों में प्रेषित करते समय सीडब्ल्यूसी के माध्यम से सभी जरूरी औपचारिकताओं को पूर्ण करने के निर्देश दिए।

- बाल मजदूरी रोकने के लिए बेहतरीन तालमेल के साथ उठायें हर संभव कदम : सुमन

नूंह शहर के कब्रिस्तानों में भरा गंदा पानी

शव दफनाने की भी जगह नहीं

- शहर के लोगों को साथ लेकर विधायक आफताब अहमद ने की उपायुक्त से मुलाकात

आस मोहम्मद, भरोसा मित्र

नूंह। नूंह शहर के कब्रिस्तानों में गंदा पानी भरने की वजह से कब्रिस्तान तालाब बन गए हैं और कब्रिस्तान में शव को दफनाने के लिए भी जगह नहीं है।दो दिन पहले शहर के एक व्यक्ति की सड़क दुघर्टना में मृत्यु हो गई, लेकिन जब कब्र खोदने के लिए जगह नहीं मिली तो उस शव को पांच किलोमीटर दूर नमक फिरोजपुर गांव में दफ़नाया गया। जिसको लेकर शुक्रवार को नूह सुविधा का आफताब अहमद ने इसके समाधान के लिए मेवात के उपायुक्त धीरेंद्र खटगडा से शहर के लोगों को साथ लेकर मुलाकात की। ऐसा नहीं है कि इससे पहले इसकी शिकायत शहर के लोगों ने नहीं की हो, बल्कि जिला प्रशासन से लेकर ग्रीवेंस कमेटी के अध्यक्ष और मंत्री देवेंद्र सिंह बबली के समक्ष भी शहर के लोगों ने कई बार उक्त मांगे रखी थी। लेकिन मामला जस की तस रहने से जिला प्रशासन और नगर परिषद के खिलाफ मुस्लिम समाज के लोगों में भारी रोष देखने को मिल रहा है। शहर के मुस्लिम समाज के लोगों का कहना है कि वो कई बार जिला प्रशासन से कब्रिस्तानों से गंदा पानी निकासी की गुहार लगा चुके हैं, लेकिन उनकी सुनने वाला कोई नहीं है। शहर के लोगों का कहना है कि अब तो कब्रिस्तान में इतना पानी भर गया है कि कब्रिस्तान पूरे तालाब बन गए हैं और लोगों को कब्रिस्तान के अंदर जाने के लिए भी कोई जगह नहीं है।आपको बता दें कि नूंह शहर के वार्ड नंबर एक और वार्ड नंबर 13 का गंदा पानी कब्रिस्तान में भर जाता है। जिसकी वजह से कब्रिस्तान अब एक तालाब बन गया है। शहर के सलीम कुरैशी, अहमद कुरेशी, मोहम्मद इकबाल, सद्दाम हुसैन आदि का कहना है कि शहर के कब्रिस्तान सात एकड़ में बने हुए हैं। लेकिन पूरे कब्रिस्तानों में गंदा पानी भरने से कब्र भी डूब चुकी है। शहर के लोगों का कहना है कि जब किसी की मौत हो जाती है तो उसके शव को दफनाने के लिए भी कब्रिस्तान में कब्र खोदने के लिए जगह नहीं है क्योंकि पूरे कब्रिस्तान में अब शहर का गंदा पानी भर गया है। उन्होंने कहा कि कई बार जिला प्रशासन से इस बारे में गुहार लगा चुके हैं, लेकिन उनकी सुनने वाला कोई नहीं है। शहर के लोगों ने जिला प्रशासन और सरकार से मांग करते हुए कहा कि शहर के कब्रिस्तान की चार दिवारी की जाए साथ ही कब्रिस्तान में नई मिट्टी डालकर इसका भरत किया जाए व गंदे पानी को कब्रिस्तान से निकाला जाए।

क्या कहते हैं विधायक आफताब अहमद

नूंह से विधायक आफताब अहमद का कहना है कि शुक्रवार को उन्होंने शहर के लोगों को साथ लेकर उपायुक्त धीरेंद्र से मिलकर कब्रिस्तान की समस्या के समाधान की मांग की है। जिस पर उपायुक्त ने कहा कि जल्द ही कब्रिस्तान की चार दिवारी कर उसमें भरे हुए पानी की निकासी कराई जाएगी। जिससे शहर के लोगों को कब्रिस्तान की समस्या से निजात मिलेगी। विधायक ने कहा कि वह शहर की समस्याओं का समाधान कराने के साथ-साथ क्षेत्र की सभी समस्याओं का समाधान कराने के लिए वो लगातार प्रयास कर रहे हैं।

कब्रों में पानी भरने से शव निकलने लगे हैं बाहर

शहर के लोगों का कहना है कि कब्रों में पानी भरने से पुरानी कब्रों के शव बाहर निकलने लगे हैं। कई बार तो शव की हड्डियों को बाहर तैरते हुए भी देखा गया है। इतना ही नहीं लोगों ने कहा कि शहर के कब्रिस्तान में गंदा पानी भरने से कब्रों की बेकद्री हो रही है। जिससे शहर के मुस्लिम समाज के लोगों में भारी रोष देखने को मिल रहा है।

बैठक पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में हुई जिले के सभी खंडों के सरपंचों की बैठक

टोहाना रैली में भारी तादाद में सरपंच लेंगे भाग: जावेद प्रधान

बोले, भाजपा सरकार सरपंचों के अधिकारों का हनन कर रही है

आस मोहम्मद, भरोसा मित्र

नूंह। शुक्रवार को नूंह के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में जिले के सरपंच संगठन के पदाधिकारी की एक बैठक हुई। जिसमें पांच नवंबर को टोहाना में होने वाली सरपंचों की रैली में भाग लेने को लेकर बातचीत की गई। इस मौके पर जिला नूंह के इंडरी ब्लॉक, नूहं ब्लॉक, पुनहाना ब्लॉक, नगीना ब्लॉक, फिरोजपुर झिरका ब्लॉक सहित सभी ब्लॉकों के काफी सरपंचों ने भाग लिया। बैठक में इंडरी ब्लॉक के सरपंच जावेद प्रधान ने बताया कि सरपंचों की मांगों को लेकर शुक्रवार को नूंह के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में जिले के सरपंचों ने भाग लिया है। इस दौरान जिले के सभी खंड के सरपंचों ने भाग लेकर अपनी बातें रखी हैं और उन्होंने कहा कि बैठक में यह फैसला भी लिया गया है कि ज्यादा से ज्यादा सरपंच इस रैली में भाग लेकर सरपंचों की मांगों को जोर-शोर से उठाया जाएगा। उन्होंने बताया कि मौजूदा सरकार सरपंचों के अधिकारों का हनन कर रही है और उन्हें अधिकारों से वंचित रखते हुए उनका गला घोंटने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि ई टेंडरिंग प्रणाली और राइट टू रिकॉल आदि कानून लाकर मौजूदा सरकार ने सरपंचों के अधिकारों को छिनने का काम किया है। इस मौके पर अकबर सरपंच, जाहुल सरपंच, मौमिन सरपंच ,तौफीक सरपंच, मूबीन सरपंच ,लियाकत सरपंच, वसीम सरपंच, सत्तार सरपंच, प्रवीण सरपंच, नोमान सरपंच, साजिद सरपंच, इमरान घासेड़ा, अजीज सरपंच, साबिर प्रधान, साकेत प्रधान, नसीम प्रधान सहित काफी सरपंच मौजूद रहे।

सरपंच अपनी मांगों को जोर-शोर से उठाएंगे

इतना ही नहीं इंडरी के प्रधान जावेद सरपंच ने कहा कि 5 नवंबर को ज्यादा से ज्यादा टोहाना रैली में पहुंचकर सभी सरपंच अपनी मांगों को जोर-शोर से उठाएंगे। उन्होंने कहा कि इस दौरान प्रदेश भर से सभी सरपंच इस रैली में पहुंच रहे हैं और इस रैली का मुख्य मकसद सरपंचों की मांगों को पूरा कराना है। उन्होंने कहा कि 5 नवंबर को प्रदेश की भाजपा सरकार की जड़े हिलाने का यह रैली काम करेगी।

खबर फटाफट

महाविद्यालय में फ्री फाइनेंशियल लिटरेसी व इन्वेस्टमेंट अवेयरनेस प्रोग्राम आयोजित

मंडी अटेली। राजकीय महिला महाविद्यालय में आर्य भट्ट टेक्नो सोसाइटी ऑफ फिजिक्स एवं वाणिज्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में एक फ्री फाइनेंसियल लिटरेसी और इन्वेस्टमेंट अवेयरनेस प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कालेज कार्यकारी डॉ. मनीषा कुमारी ने की। इसके मुख्य वक्ता जफरुदीन फाइनेंसियल एजुकेशन ट्रेनर, रिसोर्स पर्सन बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज से थे। उन्होंने डिमेट अकाउंट, सेबी, ऑनलाइन प्लेट फॉर्म जरॉधा, म्यूच्यूअल फण्ड स्माल इन्वेस्टमेंट प्लान, इन्वेस्टमेंट इन कम्युनिटी एवं महिलाओं द्वारा घर बैठे इन्वेस्टमेंट एंड आत्मनिर्भर भारत में इन्वेस्टमेंट के महत्व के बारे में बताया। इस प्रोग्राम में साइंस, वाणिज्य एवं कला संकाय की छात्राओं ने वित्तीय साक्षरता की बारीकियों को जाना। इस अवसर समस्त महाविद्यालय स्टाफ एवं छात्राएं उपस्थित रही।

राजस्थान के हत्या के मामले में फरार आरोपी को दबोचा

नारनौल। अटेली क्षेत्र में दक्षिण जयपुर पुलिस और सीआईए नारनौल की पुलिस टीम ने संयुक्त रूप से शुक्रवार को रेड की गई। इस दौरान राजस्थान हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपी को पकड़ा गया, जिसकी पहचान अशोक वासी उनिंदा के रूप में हुई। आरोपी के खिलाफ सन् 2017 में दक्षिण जयपुर के थाना में हत्या का मामला दर्ज हुआ था। आरोपी इस मामले में फरार चल रहा था। जिसे आज अटेली क्षेत्र से पकडक़र राजस्थान पुलिस को सौंप दिया है।

पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक नितिश अग्रवाल के दिशा-निर्देशानुसार पुलिस द्वारा अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस द्वारा राजस्थान के मामलों में फरार आरोपियों को पकडक़र राजस्थान पुलिस के हवाले किया जा रहा है। थाना अटेली क्षेत्र में हरियाणा-राजस्थान की पुलिस टीमों द्वारा ज्वाइंट रेड की गई। टीमों द्वारा फरार आरोपी के संभावित स्थानों पर दबिश दी गई। इस दौरान पुलिस ने आरोपी को पकड़ कर राजस्थान पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

भाजपा सरकार से लोगों का मोहभंग हो चुका हैः अनिल यादव

कनीना। वर्तमान सरकार की कार्य प्रणाली से दुखी होकर लोगों ने भाजपा का नाम लेना बंद कर दिया है। यह मामला उस समय सामने आया जब गत दिवस करनाल में होने वाली गृहमंत्री की रैली में आधे से ज्यादा कुर्सियां खाली। उक्त विचार इनेलो के वरिष्ठ युवा नेता भाई अनिल यादव ने आज प्रेस के नाम जारी विज्ञप्ति में व्यक्त किए। उन्होंने जारी प्रेस नोट में कहा कि वर्तमान सरकार की कार्यप्रणाली से दुखी होकर प्रदेश की जनता भारतीय जनता पार्टी व जजपा से मुंह मोड़ चुकी है और अब आने वाला कल इनेलो में देख रही है। उन्होंने कहा कि जब प्रदेश की जनता भाजपा की रैली में जाना ही पसंद नहीं करती तो बीजेपी वालों ने अपनी इज्जत बचाने के लिए सरकारी तंत्र को बसों में बैठकर रैली में भीड़ जुटाना का प्रयास किया। लेकिन उसके बावजूद भी मामला जोका तो ही रहा, वहीं सरकारी तंत्र मैं काम करने वाले बाबू के रैली में चले जाने के कारण काम करवाने वाली जनता कार्यालय के धक्के खाती रहे। लेकिन उनको यह बताने वाला भी कोई नहीं रहा कि आखिर बाबू कहां गए हैं जब के इससे पहले की सरकारों में जब कभी रैलियां होती थी तो कभी भी सरकारी तंत्र को रैलियां में जाना वर्जित हुआ करता था और ना ही सरकारी बसों को रैलियों में ले जाते थे, लेकिन अब सरकार की जनविरोधी नीतियों के कारण प्रदेश व देश की जनता भाजपा से मुंह मोड़ चुकी है। प्रदेश की जनता आने वाला कल चौधरी ओमप्रकाश चौटाला में देख रही है। अनिल यादव ने दावा किया है आने वाली सरकार चौधरी ओमप्रकाश चौटाला के नेतृत्व में बनेगी और 36 बिरादरी को सम्मान दिया जाएगा। इस अवसर पर इनके साथ ठाकुर घनश्याम सिंह, नरेंद्र शर्मा, घनश्याम शर्मा, भीम शर्मा, रविंद्र सिंह, नरेंद्र हवाई, कमल यादव के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।

इस बार शनिवार व रविवार को भी कार्य करेंगे सभी बीएलओ

नारनौल। हरियाणा मुख्य निर्वाचन अधिकारी की दिशा निर्देशानुसार 27 अक्टूबर को मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन कर दिया गया है। कोई भी मतदाता वोट बनवाने व कटवाने के लिए 4 नवंबर (शनिवार) व 5 नवंबर (रविवार) को बीएलओ से संपर्क कर सकता है। उपायुक्त मोनिका गुप्ता आईएएस ने बताया कि बीएलओ द्वारा फार्म नंबर 6 मतदाता सूची से नाम हटवाने, फॉर्म नंबर 7 शुद्धिकरण, फार्म नंबर 8 में दावे व आपतियां प्राप्त करेंगे। उन्होंने बताया कि 9 दिसंबर तक दावे आपत्ति प्राप्त की जाएंगी। 4 नवंबर (शनिवार) व 5 नवंबर (रविवार) तथा 2 दिसंबर (शनिवार) व 3 दिसंबर (रविवार) को सभी बीएलओ को अपने-अपने बूथ पर उपस्थित रहकर आम जनता से दावे आपत्तियां (फार्म नंबर 6, 7 व 8) प्राप्त करने व अधिक से अधिक युवाओं के वोट बनाने तथा सभी बीएलओ एच 2 एच सर्वे का कार्य पूरा करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि अपने विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के तहत कार्यरत सभी बीएलओ 4 नवंबर (शनिवार) व 5 नवंबर (रविवार) तथा 2 दिसंबर (शनिवार) व 3 दिसंबर (रविवार) को सभी बीएलओ अपने-अपने बूथ पर उपस्थित रहते हुए दावे आपत्तियां (फार्म नंबर 6, 7, 8) प्राप्त करेगें व इसके साथ ही अपने बूथ का एच 2 एच सर्वे का कार्य पूरा करेगें। इसके अतिरिक्त सभी सुपरवाइजर उनके अधीन सभी बीएलओ की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए।

वार्ड नंबर 16 के उप-चुनाव स्वतंत्र एवं निष्पक्ष करवाने के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

नारनौल। नगर परिषद के वार्ड नंबर 16 के आगामी 5 नवंबर को होने वाले उप-चुनाव स्वतंत्र एवं निष्पक्ष करवाने के लिए कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। यह जानकारी देते हुए उपायुक्त मोनिका गुप्ता आईएएस ने बताया कि उप-चुनाव स्वतंत्र एवं निष्पक्ष करवाने के लिए उपायुक्त कार्यालय व नगर परिषद कार्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। उन्होंने बताया कि चुनाव से संबंधित किसी भी जानकारी के लिए उपायुक्त कार्यालय में स्थापित कंट्रोल रूम के दूरभाष नंबर 01282-251221 व नगर परिषद कार्यालय में स्थापित कंट्रोल रूम के दूरभाष नंबर 01282-250409 पर फोन कर सूचना दे सकते हैं।

हरियाणा उदय के तहत मंत्री ओमप्रकाश यादव ने पांच गांवों में किया जनसंवाद

दीनदयाल उपाध्याय के सिद्धांत पर चल रही सरकार : यादव

मोदी ने देश का मान बढ़ाया : रामविलास शर्मा

अब किसी गरीब का हक नहीं मारा जाता : ओम प्रकाश

सरकार ने परिवार पहचान पत्र के माध्यम से गरीब का हक सुरक्षित किया है

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओमप्रकाश यादव ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के सिद्धांत पर चल रही है। अब किसी गरीब का हक नहीं मारा जाता। सरकार ने परिवार पहचान पत्र के माध्यम से गरीब का हक सुरक्षित किया है। श्री यादव आज जिला के विभिन्न गांवों में हरियाणा उदय के तहत आयोजित जन संवाद कार्यक्रमों में ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर पूर्व शिक्षा मंत्री रामविलास शर्मा भी मौजूद थे।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ने आज जिले के गांव खेडक़ी, बैरावास, रिवासा, लावन व ढुलाना में गांव में जन संवाद कार्यक्रम किए तथा सरकार की योजनाओं के संबंध में नागरिकों का फीडबैक लिया। सभी गांवों में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री व पूर्व शिक्षा मंत्री रामविलास शर्मा का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार आने से पहले वर्ष 2014 से पहले भाई-भतीजावाद व इलाकावाद का बोलबाला था। बीजेपी की सरकार सबका साथ सबका विकास और सबका सम्मान की नीति पर चल रही है। श्री यादव ने कहा कि सरकार ने अंत्योदय मेले के जरिए गरीब आदमी को स्वरोजगार रोजगार की तरफ बढ़ाया। गरीबों को स्वरोजगार शुरू करने के लिए हरियाणा सरकार ने उसकी गारंटी ली और बैंकों लोन दिलवाया। उन्होंने कहा कि पिछले 9 सालों में सरकार ने शिक्षा, स्वास्थ्य व कृषि सहित विभिन्न क्षेत्रों में प्रदेश के हर क्षेत्र में विकास कार्य करवाए हैं। उन्होंने कहा कि दक्षिणी हरियाणा को सरकार ने कई बड़ी सौगात दी है। जल्द ही रेवाड़ी में एम्स की नींव रखी जाएगी। जिला महेंद्रगढ़ में मेडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। जिला में आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में कक्षाएं शुरू हो चुकी है। श्री यादव ने कहा कि सरकार ने जिले को तीन-तीन राष्ट्रीय राजमार्ग की सौगात दी है। इससे दक्षिणी हरियाणा की तस्वीर बदली है। उन्होंने कहा कि पहले नहरों में पानी देखने को नहीं मिलता था। वर्ष 2014 के बाद सरकार बनने के बाद नहरों का पुनरुद्धार किया गया। अब दक्षिणी हरियाणा को पहले के मुकाबले दोगुनी से भी अधिक पानी मिल रहा है। इसी का नतीजा है कि यहां का जलस्तर बहुत तेजी से सुधर रहा है। इस मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व शिक्षा मंत्री रामविलास शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद देश की व्यवस्थाओं में परिवर्तन हुआ है। प्रधानमंत्री ने विश्व में देश का मान सम्मान बढ़ाया है। आज हिंदुस्तान विश्व की बड़ी आर्थिक ताकत के रूप में उभर रहा है। जनसंवाद कार्यक्रमों के दौरान मंत्री के समक्ष ग्राम पंचायतों ने मांग पत्र सौंपे। जिन्हें जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया। इसके अलावा उन्होंने नागरिकों की समस्याएं भी सुनीं।

ये रहे मौजूद

इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त वैशाली सिंह, डीपीओ आशीष मान, एसएस बोर्ड के पूर्व सदस्य देवेंद्र, रामस्वरूप यादव सेवानिवृत्ति बीडीपीओ, सतीश प्रधान, प्रताप ठेकेदार, रविंद्र यादव पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष छगाराम खेडक़ी, सुधीर दीवान, सज्जन लावन, कुलदीप यादव सरपंच लवण, महेश सरपंच रिवासा, प्रमोद यादव सरपंच बैरावास, हरिद्वार खेडक़ी सरपंच के अलावा अन्य गणमान्य नागरिक भी मौजूद थे।

सलीमपुर के जोहड़ तक नहीं पहुंचा नहरी पानी

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

मंडी अटेली। अटेली ब्लॉक के हर गांव के जोहड़ों को नहरी पानी से जोड़ा जा चुका है। सलीमपुर गांव ऐसा है जिसके जोहड़ सूखे पड़े है। गांव के मवेशी पानी को तरस रहे है। नहरी पानी सप्लाई से हर गांव में पीने की पानी की सप्लाई की जानी है। लेकिन सलीमपुर ऐसा गांव है। जिसमें जोहड सूखा पड़ा है। जोहड तक सिंचाई विभाग ने पानी नहीं पहुंचता है। गांव के प्रबंद्ध नागरिक बाबू अभय सिंह ने बताया कि हर गांव के जोहड़ को नहरी पानी से जोड़ दिया गया और हर गांव में नहरी पानी की सप्लाई के लिए पाइप लाइन बिछा दी गई लेकिन हमारे गांव को छोड़ दिया गया। गांव के नागरिक प्रेम प्रकाश का कहना है कि गांव के जोहड़ को नहरी पानी से जोड़ने के लिए पहले भी अधिकारियों को अवगत करवाया था। लेकिन पता नहीं इस काम में देरी क्यों की जा रही है। गांव की सरपंच कुमारी आरती का कहना है कि गांव के जोहड़ में पानी पहुंचाने के लिए वे लगातार प्रयास कर रही है। अधिकारियों को समस्या से अवगत करवाया गया है। इस संबंध में सिंचाई विभाग के एसडीओ अशोक कुमार का कहना है कि गांव के जोहड़ को नहर से जोड़ने के लिए बजट मांगा गया है। बजट आते ही लाइन बिछाकर जोहड़ तक पानी पहुंचा दिया जाएगा।

योजनाओं का निष्पक्ष लाभ देने के लिए शुरू किए हैं विभिन्न पोर्टलः डा. मंगल सेन

अध्यापक स्कूल, कॉलेज व आईटीआई छात्रों को आज दिया जाएगा प्रशिक्षण

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। लोगों को बिना किसी परेशानी के सरकार की योजनाओं का निष्पक्ष लाभ मिले, इसी उद्देश्य से सरकार ने विभिन्न पोर्टल शुरू किए हैं। सभी को इन पोर्टलों के बारे में सही जानकारी देने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। यह बात आज नगराधीश डा. मंगल सेन ने सभागार में 30 अक्टूबर से 4 नवंबर तक चल रहे पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के चौथे दिन जनप्रतिनिधि, प्रतिष्ठित नागरिक, सभी विभागाध्यक्ष व सरकारी कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कही। डिप्टी सिस्टम एग्जीक्यूटिव ऑफिसर विनोद ने बताया कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रदेश में सुशासन की स्थापना के लिए आम जनता के लिए नागरिक सेवाओं को ऑनलाइन शुरू करवाया है ताकि लोगों का समय पर काम हो सके। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन सेवाओं के शुरू होने के बाद हर जिला में आसानी से लोगों के सरकारी दस्तावेज बना रहे हैं। सरकार ने करीब 600 जनसेवाएं ऑनलाइन कर दी हैं और जल्द ही सरकार का जन सहायक एप आने वाला है जिस पर सभी विभागों की सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। उन्होंने बताया कि 4 नवंबर को अध्यापक स्कूल, कॉलेज व आईटीआई का मुखिया या कोई एक प्रतिनिधि व छात्रों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस मौके पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने अपने-अपने विभाग से संबंधित पोर्टल के बारे में जानकारी दी।

56वीं राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में हुए अनेक रोमांचक मुकाबले

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। हरियाणा खेल विभाग द्वारा आयोजित अंडर-14 वर्ष आयु वर्ग की 56वीं राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता एम.आर.पब्लिक स्कूल मित्रपुरा में चल रही हैं। 03 नवंबर की प्रतियोगिता का शुभारंभ रमेश चन्द्र ए.ई.ओ., संस्था के चेयरमैन सियाराम यादव, प्रवीण एवं प्रदीप कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर रवीन्द्र हुड्डा, मदन गोपाल शर्मा, शिवरतन शर्मा, खेल अधिकारी नरेन्द्र सिंह मौजूद रहे। पहला मैच करनाल व पंचकूला जिले की टीमों के बीच खेला गया। जिसमें करनाल जिले की टीम विजय रही। द्वितीय मैच गुरुग्राम व यमुनानगर जिले की टीमों के मध्य हुआ। जिसमें गुरुग्राम जिले की टीम ने जीत हासिल की। तीसरा मैच पलवल एवं सिरसा जिले के मध्य हुआ और सिरसा जिले की टीम को 06 रनों से हराकर विजेता रही। एम.आर. पब्लिक स्कूल के चेयरमैन सियाराम यादव ने विजेता टीमों को बधाई दी तथा उन्होंने बताया कि क्रिकेट मैच का सेमीफाइनल व फाइनल मैच कल यानी 4 नवंबर को आयोजित किया जाएगा।

निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में हजारों लोगों ने करवाई जांच

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

कनीना। यदुवंशी शिक्षा निकेतन कनीना में निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर लगाया गया। जिसमें एक हजार लोगों ने लाभ उठाया। शिविर का शुभारंभ मुख्यातिथि रविंद्र सिंह मटरू, विशिष्ट अतिथि पूर्व जिला पार्षद वीरेंद्र सिंह व करण सिंह थे। अध्यक्षता यदुवंशी ग्रुप के चेयरमैन राव बहादुर सिंह के द्वारा रिबन काटकर नेत्र चिकित्सा शिविर का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर चेयरमैन राव बहादुर सिंह ने बताया कि चिकित्सकों की टीम इंदिरा गांधी आई हॉस्पिटल गुरुग्राम से बुलाई गई है। उन्होंने शिविर में आए नेत्र लोगों का स्वागत किया और कहा कि इस प्रकार के सार्वजनिक कार्य यदुवंशी ग्रुप करता रहा और आगे भी करता रहेगा। कैंप में एक हजार लोगों के आंखों की जांच कर दवाई वितरित की गई। चिकित्सा कैंप में आए मरीजों की आंखों की जांच के बाद निशुल्क आंखों के ऑपरेशन करने की तारीख दी गई। चिकित्सकों की टीम ने लगभग 500 से अधिक लोगों को निशुल्क चश्मे वितरित किए। नेत्र चिकित्सक डा. साजिद खान व उनकी टीम में अनुराग त्रिपाठी, निजाम, अभिषेक यादव, विकास, पंकज, देवरारी व निसार मौजूद थे। चेयरमैन राव बहादुर सिंह ने बताया कि जिन लोगों को कार्ड दिए गए हैं उनके निशुल्क आपरेशन किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जब-जब आपको मेरे साथ की जरूरत होगी मैं आप सभी लोगों के साथ रहूंगा व अगला नेत्र चिकित्सा शिविर यदुवंशी शिक्षा निकेतन सतनाली में जल्द ही करवाया जाएगा। प्राचार्य नरेंद्र गौतम ने मुख्य अतिथि व यदुवंशी ग्रुप के चेयरमैन राव बहादुर सिंह का तहदिल से धन्यवाद किया। इस दौरान विजय सिंह, धर्मपाल, राजा, पूर्व सरपंच सुमेर सिंह चेलावास, हरिश यादव भडफ, सुरेश शर्मा गाहाड़ा, जितेंद्र शास्त्री, मोनिका शर्मा, निशा यादव सहित अनेकों लोग मौजूद थे।

नारनौल क्षेत्र में प्रदूषण के कारण हवा हुई जहरीली

प्रदूषण इंडेक्स बोर्ड द्वारा नारनौल का एयर क्वालिटी इंडेक्स दोपहर 12 बजे केवल 79 ही बताया

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। नारनौल में भी प्रदूषण ने अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया है। नारनौल में प्रदूषण के कारण हवा जहरीली होती जा रही है। प्रदूषण की वजह से दिन के समय भी आसमान धुंधला रहने लग गया है। जिसकी वजह से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं लघु सचिवालय में लगे प्रदूषण इंडेक्स बोर्ड द्वारा नारनौल का एयर क्वालिटी इंडेक्स दोपहर 12 बजे केवल 79 ही बताया जा रहा था, जो सामान्य है। जबकि नेट पर विभिन्न कंपनियों द्वारा जारी किए गए डाटा के अनुसार नारनौल का एक्यूआई 263 रहा। नारनौल क्षेत्र में न तो पराली जलाई जाती है और न ही यहां पर कोई बड़ी इंडस्ट्री है। यातायात भी बहुत कम है। इसके बावजूद उत्तर की ओर से आने वाली हवाओं की वजह से नारनौल के वातावरण में भी प्रदूषण घुल रहा है। जिसके चलते दो-तीन दिनों से नारनौल में दिन के समय भी आसमान धुंधला रहता है तथा सूरज की रोशनी मध्यम बनी हुई है। प्रदूषण जांचने के लिए लघु सचिवालय की बिल्डिंग पर एक मशीन भी लगी हुई है, लेकिन उक्त मशीन द्वारा नारनौल में एक्यूआई केवल 79 ही दिखाई जा रही थी। वही नेट पर जब नारनौल का एयर क्वालिटी इंडेक्स देखा गया तो दोपहर बाद 2 बजे नारनौल शहर में एयर क्वालिटी इंडेक्स 263 रहा। वहीं दूसरी और नारनौल में नवंबर माह की शुरुआत में भी तापमान में कोई कमी नहीं हो रही, बल्कि न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। नारनौल का न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस तक चला गया था, जो अब बढक़र 16.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

हकेवि ने कौशल संवर्धन के लिए समूह चर्चा का आयोजन हुआ

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। विद्यार्थियों के संचार कौशल को बढ़ाने के उद्देश्य से हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा समूह चर्चा का आयोजन किया गाया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल की समूह चर्चा आयोजित करने के लिए सराहना की। इस अवसर पर ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के निदेशक प्रो. आकाश सक्सेना ने विद्यार्थियों में समग्र विकास को बढ़ावा देने, उन्हें वैश्विक प्रतिस्पर्धा हेतु आवश्यक कौशल से लैस करने की प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने बताया कि इस चर्चा के लिए सौ से अधिक विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया। आयोजन में विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित विश्वविद्यालय के अंग्रेजी एवं विदेशी भाषा विभाग के सहायक आचार्य डॉ. सुदीप कुमार ने 'शिक्षा में प्रौद्योगिकी की भूमिका' और 'पर्यावरण संरक्षण' विषयों पर विस्तार से चर्चा की। आयोजन से न केवल प्रतिभागियों के संचार कौशल को बढ़ाने में मदद मिली बल्कि आलोचनात्मक सोच को भी बढ़ावा दिया। साथ ही उन्हें शिक्षा और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में प्रासंगिक मुद्दों पर विचार करने का अवसर भी मिला। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के उपनिदेशक डा. सूरज आर्य व डा. तरुण कुमार ने कार्यक्रम के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

रोष धोलेड़ा क्रेशर जोन से प्रदूषण के कारण लोग परेशान

डंपर की चपेट में आने से हुई पिता पुत्र की मौत के बाद ग्रामीणों ने धोलेड़ा मार्ग किया जाम

जिला प्रमुख के अलावा अनेक नेताओं ने पहुंचकर धरने को दिया समर्थन

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। गांव खातोली अहीर के पास हुए सडक़ हादसे में एक डंपर की चपेट में आने से हुई पिता पुत्र की मौत के बाद आज ग्रामीणों ने गांव धोलेडा में जाम लगा दिया। जाम लगाने के बाद ग्रामीण वहीं पर धरना देकर बैठ गए तथा सरकार और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी भी की। धरने में जिला प्रमुख राकेश कुमार के अलावा अनेक नेता भी मौजूद रहे। जानकारी मिलने के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची। गत दिवस गांव खतौली अहीर के पास एक तेज रफ्तार डंपर की चपेट में आने से बाइक सवार धोलेडा निवासी 40 वर्षीय विकास तथा उसके 15 वर्षीय पुत्र ऋषभ की दर्दनाक मौत हो गई थी। इस हादसे के बाद से ही ग्रामीणों में सरकार को प्रशासन के प्रति रोष व्याप्त है। इसी के चलते आज सुबह धोलेडा गांव के लोगों ने बस स्टैंड पर धरना देकर जाम लगा दिया। इस दौरान कांग्रेसी नेता एवं पूर्व आईएएस विनय यादव, विनोद उर्फ भील व कांग्रेस नेता राजाराम गोलवा भी मौके पर पहुंचे। धरने में सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे। इस मौके पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि धोलेडा में क्रेशर जोन होने के कारण यहां से सैकड़ों की संख्या में ओवरलोड डंपर चलते हैं। जिसके कारण आए दिन कोई न कोई हादसा होता रहता है। इन डंपरों की चपेट में आने से अब तक सैकड़ों लोग काल का ग्रास बन चुके हैं। वहीं सरकार व प्रशासन इस और कोई ध्यान नहीं दे रहा। ओवरलोड डंपरों पर भी कोई रोक नहीं लगाई जा रही। गत दिवस हुआ हादसा भी इसी का परिणाम है। वहीं ग्रामीणों ने कहा कि धोलेडा क्रेशर जोन लोगों की जिंदगी ले रहा है। यहां प्रदूषण के कारण लोग घुट घुट कर मरने को मजबूर हैं। वही अनेक लोग टीबी, अस्थमा व अन्य जानलेवा बीमारियों की चपेट में भी आ गए हैं। ग्रामीणों की फसले भी क्रेशर जोन के कारण नष्ट होती जा रही हैं, जबकि जिला प्रशासन व सरकार इस ओर कोई भी ध्यान नहीं दे रहा है। धरने की सूचना मिलने के बाद मौके पर पुलिस भी पहुंची तथा लोगों को समझाने बुझाने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीण धरने पर डटे रहे।

उपायुक्त से बंदरों को पकड़वाने की मांग की

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

कनीना। कनीना कस्बे में आजकल बंदरों ने आतंक बचा रखा है। जिसके चलते लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार दीपक, दीपांशु राज, नरेंद्र, मनोज व बादल आदि लोगों ने बताया कि कस्बा कनीना में सैकड़ों की तादाद में बंदर है जो आए दिन किसी न किसी को काट लेते हैं। जिसके कारण लोग भय के साए में जीने पर मजबूर है। उन्होंने बताया इनकी शिकायत कई बार प्रशासन को देकर मामले से अवगत कराया है, लेकिन प्रशासन द्वारा अब तक उनकी तरफ कोई ध्यान नहीं दिया गया है। जिसके कारण आए दिन कोई ना कोई बच्चा-बड़ा, युवा, महिलाएं इनकी शिकार होती रहती है। कुछ लोगों का यह भी कहना है कि जब घर का ताला खुला हो या घर पर कोई अकेला हो तो यह झुंड की तादात में घुस जाते हैं और तोडफ़ोड़ करते हुए खाने पीने का सामान ले जाते हैं। उन्होंने बताया कि फ्रिज और मशीन आदि को भी या खोल देते हैं पटक देते हैं। जिसे काफी नुकसान हो रहा है। जिसकी शिकायत प्रशासन से की गई। लेकिन अब तक प्रशासन की तरफ से इनको पकडऩे का कोई ठोस मामला नहीं किया है। जिसके कारण यह आवारा घूमने वाले बंदर लोगों का नुकसान कर रहे हैं। कस्बा वासियों का कहना है कि जब गली से बच्चे सुबह शाम स्कूल आते जाते हैं तभी इन बंदरों का आतंक गली में बना रहता है। जिसके कारण यह बंदर बच्चों को भी काट लेते हैं। लोगों का कहना है जब बंदर किसी को काट लेता है तो उसके लिए फिर उसे रेबीज का इंजेक्शन लगवाने के लिए सरकारी अस्पतालों के चक्कर काटने पड़ते हैं और वहां इंजेक्शन ना होने की सूरत में उन्हें रुपये से खरीद कर इंजेक्शन लगवाने पड़ते हैं।

4 page 6_01.qxd 11/3/2023 9:19 PM Page 1

खबर फटाफट

पैसे छीनने का नाटक रचकर कम्पनी का पैसा हड़पने वाले नटवरलाल को किया गिरफ्तार

रेवाड़ी। थाना रामपुरा पुलिस ने फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी द्वारा पैसे छीनने का नाटक रच कम्पनी का पैसा हडपने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान जिला फतेहाबाद के ढाबी कलां निवासी सोनू पुत्र सुरेश कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 14 हजार रूपये बरामद कर लिए है। जांचकर्ता ने बताया कि जिला महेंद्रगढ़ के सतनाली निवासी राकेश सिंह ने अपनी शिकायत में बताया कि वह आशीर्वाद माइक्रो फाइनेंस कंपनी में मैनेजर है। जिला फतेहाबाद के ढाबी कलां निवासी सोनू उनकी कंपनी में एफडीओ के पद पर कार्यरत है। वह कंपनी के 36180 रुपये लेकर जमा कराने के लिए आ रहा था। उसने बताया कि मोहल्ला जसवंत नगर के पास दो बाइक सवार युवक उससे नकदी छीनकर फरार हो गए। मैने अपने स्तर पर जांच की तो पता चला कि कंपनी की राशि उसने ऑनलाइन गेम पर खर्च की है। पैसे छीनने की सूचना उसने गलत दी थी। जिस पर पुलिस ने थाना रामपुरा में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर आरोपी सोनू को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर पूछताछ के लिए तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री 6 व 7 को ग्रामीणों से करेंगे जनसंवाद

रेवाड़ी। हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओमप्रकाश यादव सोमवार 6 नवंबर को कोसली विधानसभा तथा मंगलवार 7 नवंबर को रेवाड़ी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में ग्रामीणों से 'जनसंवाद' करेंगे।

सरकारी प्रवक्ता के अनुसार सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री 6 नवंबर को कोसली विधानसभा के गांव कंवाली, लूखी, कारौली, लिसान व नाहड़, तथा 7 नवंबर को रेवाड़ी विधानसभा के गांव कालूवास, काकोडि ा, खिजूरी व निखरी में ग्रामीणों से जनसंवाद करेंगे।

अटल सेवा केंद्र संचालकों को सीएससी पर पर कॉमन ब्रांडिंग और रेट लिस्ट लगाना अनिवार्य

रेवाड़ी। डीसी राहुल हुड्डा ने जिला के सभी अटल सेवा केंद्र संचालको को निर्देश दिए हैं कि वे अटल सेवा केंद्रों के माध्यम से दी जा रही विभिन्न प्रकार की सरकारी सेवाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करने व निर्धारित वर्ग को केंद्र व राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से केंद्रों पर कॉमन ब्रांडिंग और रेट लिस्ट लगाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा समय-समय पर सीएससी का औचक निरीक्षण किया जाएगा और कोताही पाए जाने पर सीएससी संचालक के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि नागरिकों की सुविधा के लिए जरूरी सेवाओं जैसे विवाह पंजीकरण, रिहायशी प्रमाण पत्र, बीसी, ओबीसी प्रमाण पत्र, परिवार पहचान पत्र सहित अन्य सेवाओं का लाभ लेने के लिए अटल सेवा केंद्र स्थापित किए गए हैं। इसके लिए सरकार द्वारा सरकारी फीस निर्धारित की गई।

रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या आठ से अज्ञात भिखारीनुमा अधेड़ का शव बरामद

रेवाड़ी। राजकीय रेलवे पुलिस ने स्थानीय रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या आठ से अज्ञात भिखारीनुमा अधेड़ का शव बरामद किया है। शव को नागरिक अस्पताल के शवगृह में रखवा दिया गया है। जांचकर्ता जीआरपी एएसआई सुरेंद्र कुमार ने बताया कि जीआरपी को रेलवे अधीक्षक कार्यालय से रेलवे प्लेटफॉर्म नंबर-8 पर एक भिखारीनुमा व्यक्ति के अचेतावस्था में पड़े होने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचने के बाद जांच में वह मृत पाया गया। मृतक की उम्र करीब 55 वर्ष बताई जा रही है। प्रथम दृष्टया अधेड़ की अकस्मात मौत हृदय गति रुकने से से प्रतीत होती है। मृतक की शिनाख्त नही हो पाई है। आईओ के अनुसार मृतक के दाहिने हाथ पर सुरमे से कृष्ण व बाएं हाथ पर जय श्री श्याम गुदा है व सफेद काली दाढ़ी रखे हुए है। मृतक का शव शिनाख्त वास्ते नागरिक अस्पताल के शवगृह में रखवा दिया है।

शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने का आरोपी दबोचा

रेवाड़ी। पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन के दिशा-निर्देश पर कार्य करते हुए महिला थाना पुलिस ने शादी का झांसा देकर युवती के साथ दुष्कर्म करने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान जिला के गांव बालधन कलां निवासी ब्रह्मप्रकाश पुत्र जयप्रकाश के रूप में हुई है। जांचकर्ता ने बताया कि जिला पलवल की रहने वाली एक युवती ने अपनी शिकायत में बताया था कि अगस्त 2023 में वह अपनी बहन के मिलने के लिए आई थी। दो-तीन दिन बाद उसकी मुलाकात ब्रह्मप्रकाश से हुई थी। इसके बाद दोनों की मोबाइल पर बातचीत होने लगी। 27 अगस्त की रात को आरोपी घर के अंदर घुस आया और युवती को शादी करने का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद चार सितंबर को आरोपी उसे रेलवे स्टेशन के पास एक होटल में ले गया और उसकी मांग भरकर शादी करने का झांसा दिया। आरोपी शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा। बाद में आरोपी ने शादी करने से इंकार कर दिया। जिस पर पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर महिला थाना में दुष्कर्म का मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेजा दिया है।

अवैध मादक पदार्थ समेत युवक काबू

रेवाड़ी। थाना सदर पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ बेचने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान गांव गोकलगढ़ के मोहल्ला घड़ी निवासी राजेन्द्र सिंह पुत्र ओमप्रकाश के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 33 ग्राम अवैध नशीला पदार्थ गांजा बरामद किया है।

माजरा एम्स का टेंडर हुआ रद्द

दक्षिणी हरियाणा के लोगों के साथ एक बार फिर हुआ धोखा : चिरंजीव राव

- टेंडर कैंसिल करने में कोई प्रशासनिक कारण नहीं है बल्कि चुनावी कारण : एम्स संघर्ष समिति

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। रेवाड़ी से कांग्रेस विधायक चिरंजीव राव ने कहा कि दक्षिण हरियाणा के लोगों को एम्स का सपना दिखाने वाली बीजेपी का एक और झूठ सामने आ गया है। माजरा गांव में बनने वाले एम्स का टेंडर रद्द हो गया है। जिसके चलते लोगों को अब और इंतजार करना पड़ेगा कि कब तक एम्स बनेगा। वहीं, 33 दिन से धरने पर बैठे एम्स संघर्ष समिति का मानना है कि टेंडर कैंसिल करने में कोई प्रशासनिक कारण नहीं है बल्कि चुनावी कारण है। एम्स के बनाने वाली कंपनियों की तकनीकी खामियों और किए गए मापदंडों पर खरा ना उतरने के चलते टेंडर रद्द किए गए हैं। नए सिरे से और नई प्रक्रिया के तहत ही टेंडर शुरू किए जाएंगे। विधायक चिरंजीव राव ने कहा है कि भाजपा सिर्फ और सिर्फ झूठे वादे कर कर लोगों को गुमराह करती है। वर्ष 2015 में एम्स की घोषणा की गई थी और 8 वर्ष बीत जाने के बाद भी शिलान्यास का पत्थर तक नहीं रखा गया है। जबकि किसानों ने सवेच्छा से जमीन भी दे दी है। उसके बावजूद भी भाजपा सरकार जनता को बरगला रही है। विधायक ने कहा भाजपा सरकार जानबूझकर एम्स नहीं बनवाना चाह रही है। कभी कुछ तो कभी कुछ बहाना लगाकर भाजपा एम्स को लटका रही है। अब टेंडर को कैंसिल कर दिया गया है। सरकार द्वारा पहले ही कंपनी को अच्छे से क्यों नहीं जाँचा गया। दक्षिणी हरियाणा के लोग कितने परेशान हैं। फिर भी इतने बड़े मामले को सरकार हल्के में ले रही है। इससे साफ पता चलता है कि भाजपा सरकार एम्स को नहीं बनवाना चाह रही है। लेकिन दक्षिणी हरियाणा के लोगों को हम विश्वास दिलाते हैं कि कांग्रेस की सरकार बनते ही एम्स का कार्य शुरू करवा दिया जाएगा।

दक्षिण हरियाणा में एम्स नहीं बनवाना चाह रही भाजपा सरकार

तकनीकी प्रक्रिया में खामियों के कारण रद्द हुआ टेंडर : इंद्रजीत

जल्द शुरू होगी नए टेंडर की प्रक्रिया

रेवाड़ी। केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत ने कहा है कि माजरा एम्स के टेंडर आमंत्रित किए गए थे लेकिन उनमें शामिल हुई कंपनियां की तकनीकी खामियों व तय किए गए मापदंडों पर खरा ना उतरने के चलते टेंडर को रद्द किया गया है। उन्होंने कहा कि जल्द ही नए टेंडर की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह प्रशासनिक विभाग की सतत् प्रक्रियाएं हैं। एम्स के टेंडर में शर्तों का उल्लेख किया जाता है। अगर कोई कंपनी उसे पूरा नहीं कर पाती या टेंडर भरने वाली कंपनी तकनीकी खामियों के मापदंडों पर खरा नहीं उतर पाती तो टेंडर को रद्द कर दूसरा टेंडर किया जाता है। राव ने कहा कि एम्स की चार दिवारी का कार्य चल रहा है। मौके पर जमीन का कब्जा केंद्रीय स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ले लिया है।



हिटलर के नरसंहार की भयावहता याद दिला रहा इजराइल

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। साम्राज्यवाद विरोधी मंच की स्थानीय इकाई ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस पार्क में धरना-प्रदर्शन कर फिलिस्तीन में जारी नरसंहार को रोकने की मांग की। इस मौके पर कॉमरेड राजेंद्र सिंह एडवोकेट ने कहा कि गाजा, फिलिस्तीन में युद्ध रोकने की दुनियाभर के लोगों की राय को यहूदीवादी इजरायल लगातार नजरअंदाज कर रहा है। वह अमेरिका और अन्य साम्राज्यवादी ताकतों के समर्थन से रोजाना सैकड़ों बच्चों, महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों की हत्याएं कर रहा है। उनके घरों, आवासों, अस्पतालों और सामानों को तहस-नहस कर बर्बाद किया जा रहा है। लाखों फिलिस्तिनियों के लिए पानी, भोजन, बिजली और दवाइयों की नाकेबंदी की हुई है। कुल मिलाकर इजरायल हिटलर के नरसंहार की भयावहता की याद दिला रहा है।

उन्होंने बताया कि गाजा में युद्ध रोकने के लिए संयुक्त राष्ट्र ने एक प्रस्ताव पेश किया था। उस पर भारत सरकार ने मतदान करने से इनकार कर दिया था। इस रवैये का विरोध करते हुए प्रबुद्ध नागरिकों ने गहरा रोष प्रकट दिया। रिटायर्ड प्राचार्य बसंत कुमार, हरीओम पूर्व मुख्याध्यापक ने इसे देश के आजादी आन्दोलन और भारत की साम्राज्यवाद विरोधी गौरवशाली परम्परा के खिलाफ बताया। केंद्र सरकार द्वारा अमेरिकी साम्राज्यवाद तथा उसके सहयोगियों का पक्ष लेना गलत है। अमेरिकी साम्राज्यवाद के साथ यह घनिष्ठता दुनिया में शांति कायम करने के प्रयासों के अनुकूल नहीं है। विरोध प्रदर्शन के माध्यम से मंच ने देश के तमाम नेक इरादे वाले लोगों से अपील की कि वे गाजा पर इजरायल के भयानक हमलों और वहां हो रही बर्बादी के खिलाफ दृढ़ता से खड़े हों। प्रदर्शनकारियो ने फलिस्तीनियों के खिलाफ हमले रोको, इजरायल-अमेरिका गाजा से दूर हटो, गाजा में नरसंहार बन्द करो आदि नारे भी लगाए। इस मौके पर रिटायर्ड नेवी अधिकारी लाल सिंह यादव, सुरेंद्र कुमार एडवोकेट, अमित एडवोकेट, अजय एडवोकेट, राकेश, रामकुमार, विजय कुमार, प्रकाश चंद, मोहन, धर्मपाल, अमृत लाल आदि ने भी विचार रखे।

- साम्राज्यवाद विरोधी मंच ने फिलिस्तीन में जारी नरसंहार को रोकने की मांग को लेकर नेता जी सुभाष चंद्र बोस पार्क में किया विरोध प्रदर्शन

तीन साल से फरार कई मामलों में वांछित आरोपी गिरफ्तार

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। अपराध शाखा तृतीय के प्रभारी एसआई विनोद कुमार की टीम ने चोरी, लूट, हत्या के प्रयास व आर्म्स एक्ट के मामलों में फरार चल रहे वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किया गया आरोपी जिला नूंह के एक गांव का रहने वाला है।

जांचकर्ता ने बताया कि गांव पाल्हावास निवासी शक्ति सिंह ने शिकायत में बताया था कि उसकी पाल्हावास बस स्टैण्ड कोसली रोड पर बाईक शोरुम के सामने ईन्वेटर-बैटरी की दुकान है। रोजाना की तरह 2 जनवरी 2020 की शाम को उसने अपनी दुकान बढा दी थी। रात 11 बजे के करीब 8 से 10 बदमाश सरेआम उसकी दुकान का शटर व सीसा तोडकर रेक मे लगी 5 बैटरी चोरी करके ले गए। जिनकी अनुमान कीमत करीब 17 से 18 हजार रूपये है। जिस पर पुलिस ने थाना रोहडाई में चोरी का मामला दर्ज कर मामले में 6 आरोपी अजरुदीन, उसमान, आजाद, मूनफेद, आबिद व राहुल को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। इस में अपराध शाखा तृतीय ने तीन साल से फरार वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत कर पूछताछ के लिए दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है।

अन्य मामलो में भी थी आरोपी की तलाश

आरोपी पर वर्ष 2020 में थाना कसोला, सदर व खोल में चोरी, लूट, हत्या के प्रयास व आर्म्स एक्ट के तहत 3 मामले दर्ज है।

गेहूं व बाजरे की कम पहुंच रही एलोकेशन कार्डधारक राशन से रह रहे वंचित

एलोकेशन बढ़ाने की मांग को लेकर जिले के डिपो होल्डरों ने मुख्यमंत्री के नाम भाजपा नेता को सौंपा ज्ञापन

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। रेवाड़ी जिले के डिपो होल्डरों ने राशन की कमी को दूर करने तथा गेहूं व बाजरे की एलोकेशन बढ़ाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री मनोहरलाल के नाम पपीपी कोऑर्डिनेटर डा. सतीश खोला को ज्ञापन सौंपा।

डिपो होल्डरों ने बताया कि तीन माह से प्रत्येक डिपो पर गेहूं की एलोकेशन 10 से 15 फीसदी कम आ रही है। जिससे काफी संख्या में राशन कार्ड धारक राशन से वंचित रह रहे हैं और डिपो धारकों को उनके आक्रोश का भी सामना करना पड़ रहा है। कई कार्ड धारक तो झगड़े पर भी उतारू हो जाते हैं। इस महीने में भी गेहूं 10 फीसदी व बाजरे की 23 फीसदी एलोकेशन कम आई है, जबकि किसी भी डिपो होल्डर के पास पिछला बकाया कोई भी स्टॉक नहीं है। राशन वितरण करते समय डिपो होल्डरों को और गंभीर स्थिति का सामना करना पड़ता है। इसमें विभाग भी कोई सहयोग नहीं कर पा रहा। इसलिए मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि उच्च अधिकारियों को लिखकर तथा आदेश देकर कार्डों के अनुसार पूरी एलोकेशन का राशन गेंहू तथा बाजरा डिपो पर जारी करने का आदेश जारी करें ताकि डिपो होल्डर शांति पूरक तरीके से गरीबों को राशन वितरण कर सके।

डा. सतीश खोला ने कहा की मामला गंभीर है। गरीबों के राशन का विषय है। जिले के अधिकारी भी इसकी पुष्टि कर रहे है। इसलिए मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री को विषय भेजकर संज्ञान में आज ही लाया जायेगा।

ज्ञापन पर अध्यक्ष नागरमल लखेरा, उपाध्यक्ष धर्मवीर राठी, सचिव दिनेश शर्मा, सहसचिव रवि सैनी, कोषाध्यक्ष भगवान सिंह, कानूनी सलाहकार गोकुलचंद एडवोकेट, राजकुमार, संगीता यादव, राजवीर, महेश कुमार, अभय सिंह, राहुल समेत काफी संख्या में डिपो होल्डरों ने हस्ताक्षर है।

भाजपा नेता डा. सतीश खोला को मुख्यमंत्री के नाम मांगों का ज्ञापन सौंपते डिपो होल्डर।

खरखड़ा राजकीय महाविद्यालय की जर्जर हालत के चलते स्टॉफ व विद्यार्थियों को हो रही परेशानियां

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। जिले के गांव खरखड़ा स्थित राजकीय महाविद्यालय के भवन निर्माण में हुई खामियो के चलते वर्तमान मे बिल्डिंग के जर्जर होने के कारण कॉलेज प्रसाशन व विद्यार्थियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सामाजिक संस्था एक उम्मीद फाउंडेशन ने कॉलेज भवन के मरम्मत की मांग को लेकर मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला व शिक्षा मंत्री हरियाणा सहित जिला प्रसाशन के अधिकारियों को पत्र भेजकर भवन की रिपेयरिंग कराए जाने की मांग की है। संस्था अध्यक्ष प्रकाश खरखडा ने बताया कि लोकनिर्माण विभाग द्वारा महाविद्यालय के नवनिर्माण के बाद 2017 में महाविद्यालय प्रबंधन को हस्तांतरित किया गया था। इसके बाद से आज तक लोक निर्माण विभाग की ओर से इस ओर ध्यान नहीं दिया गया। जगह-जगह दीवार से प्लास्टर गिरने से लोहे के सरिये साफ दिखाई दे रही हैं। कमरों की छतों से प्लास्टर, सीढि ों और दीवारों पर दरारें आई हुई हैं। भवन का कोई कमरा ऐसा नहीं है, जहां कुछ न कुछ टूट-फूट नहीं हो। दीवारों और सीढि ों में दरार आने के साथ सीमेंट और रेत लगातार गिर रहा है। कई कमरों के तो खिडकी और दरवाजे भी क्षतिग्रस्त हैं। महाविद्यालय के खेल परिसर मे बनाई गई स्टेज कंडम हो चुकी है जिसे इस्तेमाल करने से कभी भी कोई हादसा हो सकता है। इसके अलावा महाविद्यालय परिसर में बनाए वाटर हार्वेस्टिग सिस्टम भी जमींदोज चुके हैं। बाउंड्री वाल पर लगी लाइटें कभी जली ही नहीं। यहा तक कि बाउंड्री वाल की कटीली तार फैंसिंग जमीन पर गिरी हुई होने के कारण उन जगहों पर साफ -सफाई भी नहीं हो पाती। वर्ष 2017 मे एक तीन फेस का बिजली कनेक्शन लेकर ट्यूबवेल लगाया गया था। जो लगाए जाने के बाद से ही पूरी तरह से ठप पड़ा है। समय-समय पर महाविद्यालय में कार्यक्रम भी आयोजित होते रहते है। इसके बावजूद इस महाविद्यालय के भवन की मरम्मत करने और खामियों को सुधारने में प्रशासन की ओर से दिलचस्पी नहीं दिखाई जा रही है। कॉलेज प्राचार्य व स्टॉफ की ओर से भवन के निर्माण की खामियों से होने वाली परेशानियों को लेकर अधिकारियों के साथ जिला प्रशासन व पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को पत्र भेज भवन की स्थिति को सुधारने के साथ ही मौजूदा स्थिति से अवगत कराते रहें हैं। लेकिन अभी तक कोई देखने तक नहीं आया है।

- सामाजिक संस्था एक उम्मीद फाउंडेशन ने मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री सहित स्थानीय प्रशासन को पत्र भेजकर भवन की रिपेयरिंग कराए जाने की मांग की

रेवाड़ी निवासी आईएएस अधिकारी योगेश सैनी को मिला हरियाणा कॉडर

सावित्री बाई फुले सोशल वैलफेयर सोसायटी समेत सैनी समाज के गणमान्य लोगों ने शुभकामनाएं देते हुए बताया समाज का गौरव

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। 2022 बैच के आईएएस अधिकारी रेवाड़ी निवासी योगेश सैनी पुत्र स्व. दीपक सैनी को हरियाणा कॉडर मिलने पर सावित्री बाई फुले सोशल वैलफेयर सोसायटी समेत समाज के गणमान्य लोगों ने हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि समाज को ऐसे युवाओं से गौरवान्वित महसूस करता है। सावित्री बाई फुले सोशल वैलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष तथा सैनी सभा के पूर्व प्रधान शशिभूषण सैनी ने कहा कि एक साधारण परिवार में जन्में मेधावी छात्र रेवाड़ी निवासी योगेश सैनी ने 2022 बैच में आईएएस बने। अपनी प्रतिभा के बल पर कड़ी मेहनत कर एक आईएएस अधिकारी बनने तक के सफर में उन्होंने कड़ी मेहनत के बल पर हर स्तर पर अपनी काबलियत को साबित किया।

सैनी सभा के पूर्व उपप्रधान हरि सिंह सैनी, रोशनलाल सैनी, पूर्व सचिव धर्मेंद्र सैनी एडवोकेट, गिरधारी लाल सैनी, सर्वेश सैनी, सूर्यकांत सैनी सहित अनेक गणमान्य लोगों ने आईएएस अधिकारी योगेश सैनी को हरियाणा कॉडर मिलने पर खुशी जताते हुए कहा कि हम सभी के साथ-साथ सैनी समाज के लिए भी यह गौरव का विषय है कि समाज के युवक ने अपनी मेहनत के बल पर यूपीएससी की परीक्षा को उत्तीर्ण किया तथा उन्हें अब रेवाड़ी कॉडर भी मिला है।

सैनी समाज के गणमान्य लोगों ने उम्मीद जताई कि आईएएस अधिकारी योगेश सैनी अपनी कर्तव्य पराण्यता, मेहनत तथा प्रतिभा के बल पर न केवल देश-प्रदेश की सेवा करेंगे, अपितु समाज के साथ-साथ सभी युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत भी साबित होंगे।

कार्यक्रम एडीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बागवानी सेमिनार में किसानों से किया आह्वान

परंपरागत खेती के साथ बागवानी और आधुनिक खेती अपनाएं किसान : पाटिल

- जब फसलों का उत्पादन बढ़ेगा तो निश्चित रूप से किसानों को ज्यादा मुनाफा मिल सकेगा

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। हरियाणा उदय आउटरीच कार्यक्रमों की श्रृंखला में बागवानी विभाग द्वारा शुक्रवार को गांव डहीना में जिला स्तरीय बागवानी सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें एडीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

एडीसी पाटिल ने सेमिनार में किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि किसानो को परंपरागत खेती के साथ-साथ बागवानी और आधुनिक खेती को अपनाना चाहिए। अनेक किसान बागवानी को अपना रहे हैं। जिससे न केवल किसानों को लाभ मिल रहा है, बल्कि किसानों के साथ-साथ प्रकृति को भी फायदा हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में ज्यादातर किसान आज भी परंपरागत खेती ही करते हैं, लेकिन कुछ किसान बागवानी कर ऐसे किसानों के लिए प्रेरणा बन रहे हैं। बागवानी कर रहे किसानों को लाभ भी मिल रहा है। सरकार किसानों को लगातार प्रोत्साहित कर रही है कि वे परंपरागत खेती को छोड़कर चना, मूंग, दाल, मक्का, सरसों और सूरजमुखी के अलावा पानी की कम लागत वाली फसलों की बुवाई करें। इन फसलों की खेती करने वाले किसानों को सरकार द्वारा सब्सिडी भी दी जाती है। वहीं, इसके अलावा किसानों को बागवानी के लिए भी प्रोत्साहित किया जा रहा है और बागवानी करने पर भी उन्हें अनुदान दिया जाता है।

एडीसी ने कहा कि किसानों को फसलों से अधिक उत्पादन लेने की आवश्यकता है। इसके लिए किसानों को उन्नतशील प्रजातियों के बीजों को प्रयोग में लाना होगा। उन्नतशील प्रजातियों के बीजों के प्रयोग से फसलों के उत्पादन में बढ़ोतरी होती है। जब फसलों का उत्पादन बढ़ेगा तो निश्चित रूप से किसानों को ज्यादा मुनाफा मिल सकेगा। किसानों को कृषि विश्वविद्यालयों और शोध संस्थानों से ईजाद की गई प्रजातियों के बीजों का प्रयोग ही करना चाहिए।

सेमिनार की अध्यक्षता अतिरिक्त निदेशक उद्यान. पंचकुला, हरियाणा डा. धर्म सिंह यादव ने की। उन्होंने कहा कि किसान परम्परागत खेती को छोडे र बागवानी की खती को अपना रहा है। उससे अधिक उत्पादन प्रति एकड करते बढाया जायें के बारे में विस्तार पूर्वक बताया तथा हरियाणा में विभिन्न क्षेत्र व जलवायु के आधार पर सेन्टर ऑफ एक्सीलेन्स की सरकार द्वारा स्थापना की गई जो कि उस क्षेत्र के किसानों को नई तकनीक. किस्म उपलब्ध कराने में मदद करता है इसकी भी जानकारी किसानों को दी।

डा. मनदीप यादव जिला उद्यान अधिकारी रेवाडी ने इस जिला स्तरीय सेमिनार में किसानों को सरकार द्वारा चलाई जा रही बागवानी विभाग की योजनाओं की जानकारी दी। इसके साथ-साथ मुख्यमंत्री बागवानी बीमा योजना भावान्तर भरपाई योजना व मेरी फसल मेरा ब्यौरा के बारे में लोगों को विस्तार से बताया गया, ताकि किसान ज्यादा से ज्यादा योजनाओं का लाभ ले सकें। सेमिनार में 600 किसानों ने भाग लिया। इस अवसर पर कृषि विश्वविद्यालय हिसार के पूर्व डीन डा. एचडी यादव, चैयरमेन करणपाल खोला, डा. राजराज सिंह नेन उपनिदेशक कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, डा. प्रमोद कुमार, वरिष्ठ वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केंद्र, रामपुरा डा. प्रेम यादव, जिला उद्यान अधिकारी नारनौल, डा. यादवेन्द्र पशुपालन विभाग, डा. देवेन्द्र पशुपलान विभाग, महेन्द्रगढ़, डा. नेहा यादव परियोजना अधिकारी आईएचडीसी सुन्दर आशीष पंवार, मैनेजर इफको रेवाड़ी, धीरज कुमार, केन्द्रीय भण्डारण, फरीदाबाद, कमल बीर डबास टाको सीइस लिमिटेड, यशपाल खोला. प्रगतिशील किसान, धारूहेड़ा एग्रो फार्म, रेवाड़ी आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर विभिन्न विभागों, एफपीओ द्वारा समिनार में स्टॉल लगाई गई। जिसके माध्यम से किसानों को विभिन्न प्रकार की खेती से संबंधित जानकारी दी गई।

खबर फटाफट

शिक्षाविद् डा. मानव शर्मा हरियाणा रत्न अवार्ड से सम्मानित

फरीदाबाद। डिस्कवरी फाउंडेशन के बैनर तले हरियाणा रत्न अवार्ड से विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों एवं संस्थाओं के प्रमुखों को नवाजा गया। इसी कड़ी में फरीदाबाद के जाने-माने शिक्षाविद् डा. मानव शर्मा को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए डिस्कवरी फाउण्डेशन के अध्यक्ष मामेन्द्र शर्मा, निशा के अध्यक्ष डा. कुलभूषण शर्मा, अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. सुरेन्द्र शर्मा बबली ने सम्मानित किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में बडखल क्षेत्र की विधायक श्रीमती सीमा त्रिखा, एनआईटी क्षेत्र के विधायक नीरज शर्मा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री मनोहरलाल के मीडिया एडवाईजर राजीव जेटली, राष्ट्रीय कवि दिनेश रघुवंशी, शिक्षाविद् भारत भूषण शर्मा, डा. अमित जैन मौजूद रहे।इस समारोह की अध्यक्षता जीवा स्कूल के चेयरमैन डा. ऋषिपाल चौहान ने की। मंच संचालन शिवानी भारद्वाज व संजू सावंरिया ने किया। वहीं जीवा स्कूल, सोनी स्कूल, जैन स्कूल तथा जागृति कॉन्वेंट स्कूल के बच्चों ने शानदार कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

त्योहार के सीजन के चलते मार्किट में ट्रैफिक कर रहे हैं बाधित

फरीदाबाद। थाना सेक्टर-8 प्रबंधक नवीन कुमार की टीम ने रॉन्ग पार्किंग करने वाले वाहन चालकों के चालान काटकर जुर्माना लगाया। थाना सेक्टर-8 की टीम ने सेक्टर-10-7 की मार्किट में वाहनों को रोड से हटवा कर यातायात को सुचारु रुप से चलाया है। इस दौरान पुलिस टीम ने 8 वाहनों के चालान किया है। रोंग पार्किंग के चलते लोगो को कई घंटो तक इंतजार करना पडता है। कई बार जाम में एम्बुलेंस भी फंस जाती है। तो किसी की जान भी जा सकती है। इस मौके पर वाहन चालकों को पुलिस टीम के द्वारा जागरूक करते हुए बताया कि नो.एंट्री व रॉन्ग पार्किंग की वजह से लोगों को जाम का सामना करना पडता है जिसके कारण कई बार दुर्घटना होने की संभावनाएं बढ़ जाती है। जिसमें कई व्यक्तियों की जान तक चली जाती है। पुलिस ने चालकों को सडक़ सुरक्षा का महत्व बताते हुए यातायात नियमों का अनुसरण करने के लिए जागरूक किया। पुलिस ने चालकों को सडक़ सुरक्षा का महत्व बताते हुए यातायात नियमों का अनुसरण करने के लिए जागरूक किया।

थाना सदर नारनौल की पुलिस टीम ने लोगों को किया जागरूक

नारनौल। पुलिस प्रवक्ता कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक के कुशल मार्गदर्शन में थाना सदर नारनौल की पुलिस टीम द्वारा आमजन को साइबर अपराध के प्रति जागरूक किया गया। थाना सदर नारनौल की पुलिस टीम द्वारा लोगों को, साईबर अपराधी किस प्रकार से साईबर अटैक करके लोगों को अपना शिकार बनाते हैं तथा उन्हें मानसिक, आर्थिक व सामाजिक नुकसान पहुंचाते हैं, के बारे में जानकारी दी गई और इन अपराधों से कैसे बचाव करें, इत्यादि के बारे में बताकर जागरूक किया गया। साथ ही साईबर अपराध का शिकार होने पर अपनी शिकायत तुरंत साईबर अपराध हेल्पलाइन नंबर 1930 पर करने के बारे में बताया गया। पुलिस टीमों ने बताया कि आधुनिकता के युग में आज हर क्षेत्र का डिजिटलीकरण हो गया है। जिसके कारण आम नागरिकों को जहाँ इसका बहुत लाभ हुआ है, वहीं अपराधी किस्म के लोग इसमें सेंध लगाकर साइबर क्राइम कर आमजन के साथ नित नए तरीके अपनाकर फ्रॉड कर रहे हैं। इन्हें रोकने के लिए हम सबको मिलकर सांझा प्रयास करने होंगे। पुलिस ने आमजन को बताया कि वे किसी भी प्रकार से प्राप्त हुए लिंक को ना खोलें और किसी भी फोन कॉल, संदेश, ईमेल इत्यादि पर दिए गए प्रलोभन या विश्वास में आकर अपनी कोई भी निजी जानकारी किसी के साथ सांझा ना करें। साइबर अपराध होने पर साइबर क्राइम हेल्प लाइन नंबर 1930 पर काल करें। साथ ही बताया की साइबर धोखाधड़ी के मामलों में अपनी शिकायत नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर या नजदीकी थाना/चौकी में शिकायत दर्ज करवा सकते हैं।

मांगों को लेकर बहुजन अधिकारी यात्रा छह से

कनीना। बहुजन समाज पार्टी के नेता प्रमुख समाजसेवी अतरलाल एडवोकेट आगामी 6 नवम्बर से अटेली विधानसभा क्षेत्र के लोगों के हक हक्कू और मांगों को लेकर बहुजन अधिकार यात्रा शुरू करेंगे। उक्त जानकारी देते हुए बसपा हल्का प्रधान सतपाल दहिया तथा यात्रा के संयोजक शेर सिंह यादव ने कहा कि बसपा नेता अतरलाल इलाके की महत्वपूर्ण मांगों को लेकर रामबास गांव से यह यात्रा शुरू करेंगे। बहुजन अधिकार यात्रा अटेली के 104 गांवों में जाएगी और इसका समापन भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर आगामी 6 दिसंबर को बिहाली गांव में होगा। उन्होंने कहा कि बहुजन समाज पार्टी अटेली क्षेत्र में आई.एम.टी. स्थापित करने, अटेली को उपमंडल तथा दौंगड़ा अहीर को उपतहसील का दर्जा देने, कनीना में लेबर आफिस बनाने, इलाके की टूटी तथा जर्जर सड़कों का नवीनीकरण करने, मनरेगा का बजट बढ़ाने तथा मनरेगा के तहत 300 दिनों की जॉब गारंटी देने, 152 डी पर सेहलंग बाघोत के बीच में कट का कार्य शुरू करने, अटेली रेलवे फाटक नम्बर 30 पर तोबड़ा के पास अंडर पास का अधूरा कार्य शीघ्र पूरा करने, कृषि क्षेत्र को 16 घंटे बिजली देने, युवाओं को रोजगार देने जैसी अहम मांगों को लेकर काफी समय से संघर्षरत है, परन्तु सरकार लोगो की मांगों को सुन नहीं रही है।

मतदाता सूची के ड्राफ्ट के लिए पेंडिंग फार्मों को पूरा पालन करना करें सुनिश्चित: एडीसी

कहा, जिला फरीदाबाद में लगभग 33500 फार्मों के कामों को करें पूरा

04 नवंबर व 05 नवम्बर 2023 को सभी बूथों पर लगेंगे स्पेशल कैम्प

सात्विक देव,भरोसा मित्र

फरीदाबाद। एडीसी कम सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी आनंद शर्मा ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के हिदायतों का मतदाता सूची के ड्राफ्ट के लिए पेंडिंग फार्मों को पूरा पालन करना सुनिश्चित करें। एडीसी कम सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी आनन्द शर्मा ने कहा कि जिला फरीदाबाद में फरीदाबाद, बडखल, एनआईटी, तिगांव, बल्लभगढ़ और पृथला सहित सभी छ- विधान सभा क्षेत्रो लगभग 33500 फार्मों की पैन्डिगं को पूरा करना सुनिश्चित करें। इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार 04 नवंबर व 05 नवम्बर 2023 को सभी बूथों पर स्पेशल कैंप लगाए जा रहे हैं। एडीसी आनन्द शर्मा शुक्रवार को लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में जिला फरीदाबाद के सभी छह विधानसभा क्षेत्रों के एईआरओ को निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार मतदाता सूची बनाने की प्रक्रिया की समीक्षा बैठक में दिशा निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि जिस भी अधिकारी के काम में भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार कमी पाई गई उसके खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। एडीसी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार संबंधित रिकॉर्ड तीन वर्ष तक रखे सुरक्षित जो भी युवा 01-01-2024 को 18 साल का हो जाएगा यानी 01-10-2006 से पहले जन्मे हुए सभी युवाओं का वोट बनवाना सुनिश्चित करें। योग्य/पात्र व्यक्ति आयोग की वेवसाईट एचटीटीपीएस://वोटर्स.इसीआई.जीओवी.इन पर जाकर ऑनलाईन प्लेटफॉर्म प्रणाली के जरिये आवेदन करें। एडीसी ने आगे कहा कि मतदाता सूचियों के ड्राफ्ट में सभी एईआरओज अपने अपने निर्वाचन क्षेत्र के मृत व पलायन कर चुके मतदाताओं को चुनाव आयोग द्वारा जारी हिदायतों अनुसार कार्यवाही करने उपरान्त मतदाता सूची से हटाना सुनिश्चित करें और उससे संबंधित रिकॉर्ड तीन वर्ष तक सुरक्षित रखें। उन्होंने कहा कि 04 नवंबर व 05 नवम्बर 2023 को सभी बूथों पर स्पेशल कैम्प लगाए जा रहे हैं। जहां भारत निर्वाचन आयोग की सख्त हिदायतों के अनुसार जो भी युवा 01-01-2024 को 18 साल का हो जाएगा यानि 01-10-2006 से पहले जन्मे हुए सभी युवाओं का वोट बनवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि 04 नवंबर व 05 नवम्बर 2023 को फरीदाबाद जिला के सभी विधानसभा क्षेत्रों के सभी मतदान केंद्रों पर विशेष कैम्पों का आयोजन कर भारत निर्वाचन आयोग की सख्त हिदायतों के अनुसार जो भी युवा 01-01-2024 को 18 साल का हो जाएगा यानी 01-10-2006 से पहले जन्मे हुए सभी युवाओं का वोट बनवाना सुनिश्चित करने के लिए दावे और आपत्ति लेना सुनिश्चित करें।

यह दिए बैठक में दिशा-निर्देश

फरीदाबाद सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी ने दिशा निर्देश दिए हैं कि सभी चुनाव सुपरवाइजर और बीएलओज के विभागाध्यक्ष की बैठक तुरंत प्रभाव से आयोजित कर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करें। थर्ड जेनडर, सैक्स वर्कर, बेघर लोगों के लिए उनके बाहुल्य क्षेत्रों में कैम्प का आयोजन करें। सभी अपने-अपने संस्थान में पढने वाले पात्र छात्र/छात्राओं का शत प्रतिशत मतदाता के रूप में पंजीकरण करवाना सुनिश्चित करें। कॉलेज के नोटिस बोर्ड पर नोडल अधिकारी का नाम, पद, मोबाइल न0. आदि चस्पा करवाए ताकि किसी छात्र/छात्रा को पंजीकरण में कोई समस्या हो तो वे उस अधिकारी से सम्पर्क कर अपनी समस्या का समाधान करवा सके। सभी कैम्पस एम्बेसडर नियुक्त कर फोटो सहित पूर्ण सूचना जैसे रोल न0, कक्षा, नाम पता निर्वाचन कार्यालय में भिजवाए। कोई भी योग्य/पात्र व्यक्ति आयोग की वेवसाइएचटीटीपीएस://वोटर्स.इसीआई.जीओवी.इन पर जाकर ऑनलाईन आवेदन जरूर करें। निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार कोई भी योग्य/पात्र व्यक्ति आयोग की वेवसाईट एचटीटीपीएस://वोटर्स.इसीआई.जीओवी.इन ठ्ठ पर जाकर ऑनलाईन प्लेटफॉर्म प्रणाली के जरिये वोट बनाने के लिए आवेदन कर सकता है। इस बारे अपने संस्थान में अध्ययनरत सभी छात्र/छात्राओं को सूचित करवाए। ईएलसी के तहत न्यू वोटर क्लब का गठन कर उसकी सूचना निर्वाचन कार्यालय में भिजवाना सुनिश्चित करें। सभी संस्थान छात्र/छात्राओं को पुनरीक्षण कार्यक्रम आगामी 28 दिसम्बर तक चलाया जाएगा। इस बारे अवगत कराए ताकि वंचित पात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में शामिल किया जा सके।

भारत निर्वाचन आयोग की विशेष हिदायतें

एडीसी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की विशेष हिदायतों के अनुसार जहां भी एक संस्थान में पांच पोलिंग बूथ हैं, वहां से संभावित पोलिंग स्टेशनों की तलाश करना सुनिश्चित करें। स्थानांतरित वोट पर विशेष फोकस करें। हर एईआरओ अपने अपने इलाकों की विजिट करना सुनिश्चित करें।बैठक में चुनाव विभाग के नायब तहसीलदार ने जिला फरीदाबाद के सभी छ- विधान सभा क्षेत्रों में पैन्डिगं फार्मों की जानकारी निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार बिन्दुवार जानकारी दी। बैठक में एसडीएम फरीदाबाद परमजीत चहल, सभी विधानसभा क्षेत्रों के एईआरओ, चुनाव नायब तहसीलदार, चुनाव कानूनगो सहित बैठक से जुड़े शैक्षणिक संस्थानों के प्रतिनिधि और विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

यह करना सुनिश्चित करें

भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश पर कहा कि सभी ईआरओ और एईआरओज अपने अपने स्तर पर उनके निर्वाचन क्षेत्र में आने वाले कॉलेजों के प्रधानाचार्य, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों, आरडब्लूए, समाज सेवी संस्थाओं और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर पात्र युवाओं को मतदाता सूची से जोडऩे के लिए मतदाता सूची से जुड़े जितने भी फॉर्म जिस कारण से पैंडिंग है। उनका निपटारा निर्वाचन आयोग के नियमानुसार सात दिनों के अन्दर करना सुनिश्चित करें।

सरिता ने पूरे विश्व में रोशन किया तिगांव क्षेत्र का नाम : ललित नागर

चीन में पैरा एशियाई तीरंदाजी में सिल्वर विजेता खिलाड़ी को पूर्व विधायक ने किया सम्मानित

सात्विक देव,भरोसा मित्र

फरीदाबाद। चीन के हांगझान में चल रही एशियन गेम्स में पैरा एशियाई तीरंदाजी कंपाउंड में गांव तिगांव की बेटी सरिता अधाना ने सिल्वर मैडल जीतने पर उनके तिगांव निवास पर बधाईयां देने वालों का तांता लगा हुआ है। इसी कड़ी में तिगांव विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं नूंह जिले के प्रभारी ललित नागर ने उनके निवास पर पहुंचकर उन्हें फूलों का गुलदस्ता भेंट कर बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। पूर्व विधायक ललित नागर ने कहा कि सरिता ने जो मुकाम हासिल किया है, उसने समूचे तिगांव की माटी का नाम पूरे विश्व में विख्यात किया है, आज इस बेटी पर समूचे फरीदाबाद को नाज है। सरिता ने कोरियाई खिलाड़ी को परास्त किया वहीं दो अंकों से वह चीनी खिलाड़ी से पीछे रह गई, अन्यथा गोल्ड मैडल जीतती। श्री नागर ने कहा कि अगर इरादे मजबूत हो तो शारीरिक कमी भी आड़े नहीं आती और सरिता ने अपनी मेहनत और दृढ़ संकल्प के चलते यह करके दिखाया है, आज सरिता उन हजारों विकलांग लोगों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनी है, जो शारीरिक कमी के चलते अपने जीवन में आगे नहीं बढ़ पाते। श्री नागर ने बताया कि इससे पहले सरिता ओलंपिक चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीत चुकी है और उन्हें उम्मीद है कि आने वाले ओलंपिक में वह फिर गोल्ड जीतेंगी। उन्होंने सरिता के कोच व उसके परिजनों को भी इस उपलब्धि पर बधाई दी और कहा कि सरिता अधाना भविष्य में इसी प्रकार उच्च मुकाम हासिल करे, ऐसी वह परमात्मा से कामना करते है। इस दौरान श्री नागर ने हरियाणा सरकार से मांग की कि खेल नीति के तहत सरिता अधाना को नकद पुरस्कार व सरकारी नौकरी देकर पुरस्कृत किया जाए। इस अवसर पर तेजसिंह अधाना, हातम अधाना, कर्मवीर अधाना, सुखबीर, रिसाल अधाना, खजान सिंह, सुनील, सुरेश अधाना, बाबा चरती, महावीर अधाना, दिनेश शर्मा नंबरदार, जयभगवान, सुरेंद्र, सुमित, भंवर नागर सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे।

ग्रामीण सफाई कर्मचरियों ने 10 नवम्बर तक बढ़ाई हड़ताल

सात्विक देव,भरोसा मित्र

फरीदाबाद। सरकार की बेरुखी को देखते हुए ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने अपनी हड़ताल 10 नवंबर तक बढ़ाई। इसका ऐलान जिला प्रधान महेंद्र सिंह माढोतिया और जिला सचिव दिनेश पाली ने संयुक्त रूप से किया। जैसा की 2 दिन से यूनियन के सैकड़ों सदस्य उपायुक्त कार्यालय के सम्मुख अपनी मांगों के समर्थन में पड़ाव में बैठे हुए थे। हड़ताली कर्मचारियों ने पूरी रात नारे बाजी की। हड़ताली कर्मचारियों को संबोधित करते हुए सीटू के जिला सचिव वीरेंद्र सिंह डंगवाल ने सरकार पर कर्मियों की मांगों को लागू करने में टालमटोल की नीति अपनाने का आरोप लगाया। पड़ाव के समापन से पहले कर्मचारियों ने जिला मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन भी किया। इसके फौरन बाद महामहिम राज्यपाल के नाम 16 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन एडीसी फरीदाबाद आनन्द शर्मा को सौंपा गया। नेताओं ने बताया कि आज हड़ताल को 25 दिन हो गए हैं, लेकिन सरकार ने मांगों को लागू करना तो दूर की बात रही शिष्ट मंडल को बातचीत के लिए भी बुलाना उचित नहीं समझा। सरकार के इस रूख से कर्मचारियों में भारी नाराजगी व्याप्त है। यूनियन सरकार से बढ़ती हुई आबादी के हिसाब से ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की अतिरिक्त भर्ती की मांग कर रही है। लेकिन ऐसा करने के वजाय जिन ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की कार्य करते हुए मृत्यु हो गई उनके आश्रितों को अभी तक सेवा में नहीं लगाया गया है। प्रदर्शन को राजू प्रधान ब्लॉक तिगांव, नरेश प्रधान ब्लॉक फरीदाबाद, विनीत सचिव खंड बल्लभगढ़, महेंद्र सिंह, धकेली देवी, गुलाब हीरापुर, मनोहर हीरापुर, अजीत मोहना, विनोद मझौली, राजेंद्र बहादुरपुर, नंगला से शीशपाल, कुलदीप सिंह, सुनील पारछा अरूवा, शाहजहांपुर से भीम, रमेश शाहाबाद, विजय गांव जुनेहडा, राजू सुनपेड़ आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किया।

गांव खामी पहुंचा शहीद का पार्थिव शरीर, हजारों ने लोग ने दी श्रद्धांजलि

भगत सिंह तेवतिया, भरोसा मित्र

- शहीद युद्धिष्टर को भाई सागर ने दी मुखाग्नि, शहीद के अंतिम संस्कार में पहुंचे क्षेत्र के साथ हरियाणा के कई नेता

पलवल। सिक्किम में 3 अक्टूबर को बादल फटने से आई बाढ़ मे लापता हुए होडल के गांव खाम्बी के सैनिक युधिष्ठिर के पार्थिव शरीर को एक महीने बाद आज पैतृक गांव लाया गया। जहां पर पूरे राजकीय सम्मान के साथ श्रद्धांजलि देते हुए अंतिम संस्कार किया गया। शहीद के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए शहीद के गांव खामी में पहुंचे हरियाणा के सहकारिता एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डा. बनवारी लाल ,पलवल के विधायक दीपक मंगला, जजपा पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व मंत्री चौधरी हर्ष कुमार, क्षेत्र के विधायक जगदीश नायर, हरियाणा के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा के प्रतिनिधि टीपरचंद,विधायक प्रवीण डागर ,पूर्व मंत्री करण सिंह दलाल , जजपा पार्टी के जिला अध्यक्ष देवेंद्र सौरोत, भाजपा नेता देवेंदर गुर्जर के साथ उपमंडल अधिकारी रणवीर सिंह, डी एस पी सुरेश भड़ाना, डी एस पी सज्जन सिंह भी मौजूद रहे। इन सभी ने शहीद के पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और शाहिद युधिष्ठिर के भाई सागर ने मुखागनी दी। बता दे सिक्किम में 3 अक्टूबर की देर रात बादल फटने से वहां मौजूद तीस्ता नदी में अचानक बाढ़ आ गई। बाढ़ का पानी सेना के शिविर में 20 फीट से अधिक आ गया। जिसमें सेना के वाहनों सहित 23 सैनिकों के अलावा स्थानीय लोग बाढ़ के पानी में बहकर लापता हो गए। सेना के लापता जवानों में खाम्बी गांव निवासी युधिष्ठिर भी शामिल थे। जो सेना की बटालियन 420 एफडी में मेडिकल वाहन पर बतौर ड्राइवर तैनात थे। शाहिद युधिष्ठिर जिस गाड़ी में सवार थे। वह सेना को 10 फीट नीचे मलबे में दबी मिली थी। वहीं सैनिक का पार्थिव शरीर सेना को एक महीने बाद कैंप से एक किलोमीटर दूर मिला था। सैनिक का पार्थिव शरीर गांव पहुंचने की सूचना पर सैकड़ो युवा बाइक पर तिरंगा लगाकर रिसीव करने पहुंचे। जहां से भारत माता की जय के नारे लगाते हुए पार्थिव शरीर को गांव की तरफ लेकर निकले। इस दौरान रास्ते में जो भी गांव पड़े। वहां के लोगों ने भी खड़े होकर शाहिद को अंतिम विदाई दी। पार्थिव शरीर पैतृक गांव पहुंचते ही पूरा गांव भारत माता के जयघोष से गूंज उठा। जब पार्थिव शरीर गांव पहुंचा। तो हजारों की संख्या में लोग उन्हें आखिरी विदाई देने के लिए पहुंच गए। परिजनों सहित आमजन की आंखें नम थी। हरियाणा के सहकारिता मंत्री डॉ बनवारी लाल ने भी शाहिद युधिष्ठिर के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर सेवा के जवानों व उनके परिवारजनों ने श्रद्धांजलि अर्पित की और शाहिद युधिष्ठिर के भाई ने मुखागनी दी। इस दौरान भारत माता की जय वंदे मातरम व शहीद युधिष्ठिर अमर रहे के नारे भी लगाए गए। इस अवसर पर हरियाणा के सहकारिता मंत्री डॉ बनवारी लाल ने कहा कि आज गांव खंबी के लिए बेहद ही गौरव की बात है क्योंकि शाहिद युधिष्ठिर ने देश की सुरक्षा और रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार शहीद युधिष्ठिर के परिवार के साथ है और हर संभव सहायता प्रदेश सरकार द्वारा शाहिद के परिवार के लिए की जाएगी। शहीद युधिष्ठिर को पलवल के विधायक दीपक मंगला, जजपा पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व मंत्री चौधरी हर्ष कुमार, क्षेत्र के विधायक जगदीश नायर, पूर्व मंत्री परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा के प्रतिनिधि टीपरचंद, पूर्व मंत्री करण सिंह दलाल ,केंद्रीय मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर के बेटे देवेंदर गुर्जर ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

हाफ मैराथन से युवाओं को नशे के प्रति जागरूक करेगा एसपीएस इंटरनेशनल

भगत सिंह तेवतिया

पलवल , एस पी एस इंटरनेशनल युवा वर्ग को नशें के प्रति जागरूक करने के लिए हाफ मैराथन का आयोजन कर कर एक नया कीर्तिमान स्थापित करेगा। 5 नवंबर को नशा मुक्त भारत एवं अखंड भारत के बैनर तले होने वाली हाफ मैराथन का शुभारंभ केन्द्रीय राज्यमंत्री कर्षणपाल गुर्जर करेंगे।इस हाफ मैराथन की दूरी करीब 10 किलोमीटर होगी । यह मैराथन पलवल जिले की अब तक की पहली मैराथन है जिसमें 5000 से अधिक लोग दौड़ेंगे ।इस मैराथन का मुख्य उद्देश्य आज के युवा वर्ग को नशा मुक्त करवाना है और विभिन्न भागों में बटे आज के समाज को एकत्रित कर एकता का संदेश देना हैद्य एस पी एस इंटरनेशनल के संस्थापक सुरेश भारद्वाज ने बताया कि यह मैराथन पलवल जिले की अब तक की पहली मैराथन है जिसमें 5000 से अधिक लोग दौड़ेंगे जिसका शुभारंभ केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर हरी झंडी दिखाकर करेंगे। उन्होंने बताया कि इस मैराथन का मुख्य उद्देश्य आज के युवा वर्ग को नशा मुक्त करवाना है और विभिन्न भागों में बटे आज के समाज को एकत्रित कर एकता का संदेश देना हैद्य नशा समाज के लिए एक अभिशाप है और समाज का कई भागों में बाटना भारत की एक कमजोरी साबित हो सकता है इसलिए इस प्रकार की मैराथन समाज को सही रास्ते पर चलाने तथा भारत को अखंड बनाने का एक प्रयास है। विद्यालय की अकादमिक डायरेक्टर संतुष्टी थापर ने बताया कि मैराथन के रजिस्ट्रेशन ऑनलाइन माध्यम से हो रहे हैं तथा ऑफलाइन माध्यम से भी रजिस्ट्रेशन रविवार सुबह 5-30 से 7-00 बजे तक विद्यालय में करवाए जा सकते हैं तथा सभी प्रतिभागियों को टी-शर्ट तथा सर्टिफिकेट्स विद्यालय की तरफ से प्रदान किए जाएंगेद्य विजेता प्रतिभागियों को 1 लाख तक की नगद पुरस्कार राशि भी प्रदान की जाएगीद्यविद्यालय की प्रधानाचार्या ममता छाबड़ी ने बताया कि मैराथन की सभी जरूरी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

हरियाणा लोक सेवा आयोग के पूर्व सदस्य डॉ हरेंद्र राणा को राजस्थान विधानसभा चुनाव में इंचार्ज बनाया

पलवल। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य व हरियाणा लोकसेवा आयोग के पूर्व सदस्य डॉ हरेन्द्र राणा को राजस्थान विधानसभा चुनाव में अजमेर जिले की मसूदा विधानसभा का चुनाव इंचार्ज नियुक्त किया गया है द्य उनकी नियुक्ति भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा व संगठन मंत्री बी एल संतोष ने की है द्य राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुघ द्वारा जारी नियुक्ति पत्र के साथ दायित्वों का निर्वहन करने के लिए विवरण उपलब्ध करा दिया गया है । डॉ हरेन्द्र राणा ने बताया है कि हाई कमान के निर्देश अनुसार 5 नवम्बर को मसूदा विधानसभा में पहुँच कर प्रचार अभियान व चुनाव प्रबंधन में जुट जाएंगे द्य उन्होंने कहा है कि भाजपा नेतृत्व ने जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है उसे निष्ठा से पूर्ण करेंगे और भाजपा प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करेंगे द्य उन्होंने कहा है कि सर्वे की रिपोर्ट अनुसार राजस्थान में भाजपा की सरकार बनना सुनिश्चित है द्य उन्होंने भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा, संगठन मंत्री बी एल संतोष, मुख्यमंत्री मनोहर लाल, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष नायब सिंह सैनी, केंद्रीय मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर, जिला प्रभारी दिनेश घिलोड व जिला अध्यक्ष चरण सिंह तेवतिया का दायित्व सौंपने के लिए आभार व्यक्त किया है ।

सम्मान — 251 गांवों में यज्ञ यात्रा के संकल्पकर्ता योगाचार्य देवराज आर्य का किया भव्य स्वागत

मनोहर सरकार दे रही है खेलों को बढ़ावा : विपुल गोयल

सात्विक देव,भरोसा मित्र

फरीदाबाद। ओम योग संस्थान ट्रस्ट ग्राम पाली के द्वारा राष्ट्रीय खेलों में पेन्चक सिलाट खेल में रजत पदक विजेता चिराग याज्ञिक एवं योगाचार्य देवराज आर्य का भव्य स्वागत संस्थान के संस्थापक व अध्यक्ष योगीराज ओमप्रकाश महाराज के सानिध्य में किया गया। सेक्टर 49 सैनिक कॉलोनी से ग्राम पाली तक विजय यात्रा निकाली गई, कई जगह कारों को रोक कर चिराग का स्वागत किया गया। विजय यात्रा के संस्थान पहुंचने पर योगीराज ओमप्रकाश महाराज ने राष्ट्रीय खेल में रजत पदक प्राप्त करने पर चिराग को आशीर्वाद दिया एवं उनके दादा मुरलीधर, मां राशि एवं पिता मलय याज्ञिक को भी बधाई दी। उन्होंने चिराग को कड़ी मेहनत एवं पूर्ण लगन से नई ऊंचाइयां को छूने की प्रेरणा दी। उन्होंने चिराग को पुरस्कार स्वरूप 21000 रुपए नगद, 5 किलो शुद्ध देसी घी एवं अन्य उपहार भी दिए। साथ ही उन्होने कहा कि महर्षि स्वामी दयानन्द सरस्वती जी के 200 वीं जयन्ति के उपलक्ष्य में वैदिक यज्ञ एवं वेद प्रचार यात्रा अभियान मनुष्यता प्रदान करने के लिए प्रकृति संरक्षण के लिए व ईश्वर सानिध्य के लिए एक विशेष व आवश्यक प्रयास हैं। आर्य समाज के संस्थापक महर्षि स्वामी दयानन्द सरस्वती जी ने हमें यज्ञानुष्ठान, गायत्री पुनरश्चरण और प्रतिदिन यज्ञ हवन करने के लिए प्रेरित किया, इसलिए हम सब को भी राष्ट्र कल्याण और अपने और अपने परिवार के कल्याण के लिए प्रतिदिन यज्ञ, हवन करना चाहिए। प्रभु से प्रार्थना करते है यह महान कार्य निर्विग्न पूर्ण हो ,और इस वेद प्रचार, यज्ञ यात्रा में जो सहयोगी सेवा कर रहे है प्रभु सबको शक्ति दे, सामर्थ्य दे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय विपुल गोयल पूर्व केबिनेट मंत्री हरियाणा सरकार ने चिराग को रजत पदक जीतने पर बधाई दी एवं अंग वस्त्र व पुरस्कार राशि देकर सम्मानित भी किया। उन्होंने कहा कि हरियाणा प्रदेश की सरकार यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय मनोहर लाल खट्टर जी के नेतृत्व में खेलों को भी पूर्ण बढ़ावा दे रही है। प्रदेश के अनेक खिलाड़ी देश-विदेश में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, सरकार द्वारा खेलों को विशेष प्रोत्साहन दिया जा रहा हैं। राष्ट्रीय खेलों के पदक विजेताओं को सरकार द्वारा नकद राशि पुरस्कार भी दिया जाता है साथ ही सरकारी नौकरी भी खेल कोटे से प्रदान की जाती है। उन्होंने चिराग के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की। कार्यक्रम के अध्यक्ष श्री विनय आर्य जी महामंत्री आर्य केंद्रीय सभा दिल्ली ने भी चिराग को बधाई देकर उसका उत्साह वर्धन किया उन्होंने उपस्थित युवाओं व बच्चों को विशेष रूप से संबोधित करते हुए कहा कि पूर्ण पुरुषार्थ करने पर हम अपने निर्धारित लक्ष्य को अवश्य ही प्राप्त कर सकते हैं। अति विशिष्ट अतिथि श्री गिरिराज सिंह उपनिदेशक खेल विभाग गुडग़ांव हरियाणा ने भी चिराग को रजत पदक जीतने पर बधाई दी एवं उनके भविष्य में भी और पदक जीतने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि श्री आनंद मेहता अध्यक्ष दयानंद शिक्षण संस्थान ने बधाई देते हुए कहा कि रजत पदक जीत कर चिराग ने न केवल पाली ग्राम बल्कि पूरे जिले एवं राज्य को गौरवान्वित किया है। श्री योगराज अरोड़ा चेयरमैन आरोन ग्रुप ने भी चिराग को आशीर्वाद दिया एवं कहा कि महर्षि दयानंद सरस्वती जी के वैदिक सिद्धांतों को अपनाकर सभी अपने जीवन को श्रेष्ठ बना सकते हैं। गुरुकुल इंद्रप्रस्थ के आचार्य स्वामी ऋषिपाल ने भी चिराग को बहुत आशीर्वाद दिया। योगाचार्य देवराज आर्य जी ने भी चिराग को आशीर्वाद दिया तथा कहा की यज्ञ करने से जहां रोगो की निवृत्ति होती है वही आरोग्यता की प्राप्ति होती है यज्ञ से सुख, समृध्दि, शान्ति, भाईचारा, एकता तथा दिव्य आनन्द की प्राप्ति भी होती है । पाली ग्राम के सरपंच चौ0 रघबर प्रधान, चौ0 सरदाराम भड़ाना, चौ0 जगदीश भड़ाना, चौ0 कुलदीप भड़ाना, कैप्टन तेज सिंह भडाना ने भी चिराग को अपना आशीर्वाद दिया व सम्मानित किया। चौ0 सुनील आर्य, अनिल ब

04 nov page 8_02.qxd 11/3/2023 9:46 PM Page 1

खबर फटाफट

सफाई कर्मियों की पुलिस से हुई नोकझोंक

रोहतक : यहां राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के चेयरमैन एम वेंकटेशन से मिलने का प्रयास कर रहे बाहर प्रदर्शन कर रहे ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की पुलिस के साथ नोकझोंक हुई। सफाई कर्मचारी उनसे मिलने पर अड़े हुए थे। चेयरमेन विकास भवन में कर्मचारियों की समस्याएं सुन रहे थे। वेंकटेशन सफाई कर्मचारियों की कॉलोनी का निरीक्षण किया और भारतीय स्टेट बैंक के स्थानीय उप-महाप्रबंधक, स्थानीय मुख्य डाकघर तथा अन्य संबंधित अधिकारियों व सफाई कर्मचारी यूनियन के नेताओं से भी बैठक की। कुछ कर्मारियों ने बताया कि कहा कि 22 कर्मचारी डोर-टू-डोर सफाई कर्मचारी के पद पर कार्यरत है। जो पिछले 6-7 सालों से काम करते हैं। जब भी टेंडर खत्म होता है तो उन्हें पद से हटा दिया जाता है। जिसके कारण काफी समय तक बेरोजगार रहना पड़ता है और आर्थिक संकट का भी सामना करना पड़ता है।

पुलिस हिरासत में आरोपी की संदिग्ध मौत

सिरसा : एंटी नारकोटिक्स सेल की हिरासत में एक आरोपी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। मौत का कारण यह बताया गया है कि उसने नशे की ओवरडोज ली हुई थी, इससे उसकी हालत खराब हो गई। जब उसे उपचार के लिए अस्पताल ले जा रहा था उसने दम तोड़ दिया। पोस्टमार्टम की रिपोर्ट के बाद ही मौत के असली कारणों का पता चल पाएगा। सिरसा के एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम गुरुवार को थाना सदर क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान पुलिस ने तीन युवकों को हिरासत में लिया और तलाशी के दौरान इनके पास से 12 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। इनकी पहचान आकाश व गुरप्रीत निवासी गांव चक साहिबा व अजय निवासी हिसार के रूप में हुई। बताया जाता है कि हिरासत के दौरान ही नशे की ओवरडोज के कारण आकाश की तबीयत बिगड़ गई। समाचार लिखे जाने तक इस मामले में पुलिस प्रवक्ता से लेकर कोई भी पुलिस अधिकारी कुछ नहीं बताया।

गली निर्माण कार्य का निरीक्षण करने आए सरपंच से मारपीट

कैथल: सीवन खंड के गांव पक्की पिसौल में गली का निरीक्षण करने आए मौजूदा सरपंच से मारपीट की गई। सरपंच ने उसके साथ ही भतीजे से भी मारपीट का आरोप लगाया है। पुलिस ने शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायत में पक्की पिसौल के सरपंच करनैल सिंह ने बताया कि वह गांव का मौजूदा सरपंच है। गांव पक्की पिसौल में महिंद्र के प्लॉट से लेकर करनैल के घर तक गली का निर्माण कार्य चल रहा था। इसका निरीक्षण करने के लिए वह 26 अक्टूबर को सुबह पहुंचा तो वहां पर कुलदीप सिंह उसक साथ गाली-गलौज की बाद में हाथापाई शुरू कर दी।

जेल में बंदी पर हमला,बर्तन का हथियार बनाकर किया वार

पानीपत: जिले की जेल में एक बंदी पर सोनीपत और रोहतक के बंदियों ने मिलकर हमला कर दिया। स्टील के बर्तन का नुकीला हथियार बनाकर उस पर वार किया गया। घायल बंदी रेप के आरोप में जेल में बंद है। हमला करने वालों में एक बंदी हत्या, हत्या के प्रयास का आरोपी है। इनके बीच जेल की एसटीडी पर बात करने को लेकर विवाद हुआ था। वारदात के बाद घायल बंदी को तुरंत सिविल अस्पताल ले जाया गया। जहां इलाज के बाद उसे छुट्टे टी मिली और फिर से उसे जेल ले जाया गया। पुलिस ने घायल बंदी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

रंजिश के चलते दो छात्र गुटों में खूनी संघर्ष

करनाल : जिले के एक गांव में दो छात्र गुट में संघर्ष हुआ, जिसमें तीन छात्र घायल हुए हैं। असंध के जयसिंहपुरा गांव के फते सिंह राजकीय कॉलेज में दो छात्र गुटों के बीच हुए संघर्ष में एक पक्ष के तीन युवक घायल हो गए। एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर लाठी-डंडों व तेजधार हथियार से हमला बोला तो दूसरा पक्ष संभल नहीं पाया।घायलों को अस्पताल में दाखिल करवाया गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस का कहना है कि पांच युवकों को नामजद करते हुए करीब अन्य 12 युवकों पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। जल्द ही हमलावरों को गिरफ्तार किया जाएगा।

छात्र के कमरे से विदेशी पिस्टल बरामद, जांच शुरू

अंबाला : पुलिस ने मुलाना स्थित महर्षि मार्कंडेश्वर यूनिवर्सिटी में एक हॉस्टल से विदेशी पिस्टल बरामद की है। इटली में बनी इस पिस्टल को छात्र ने कमरे में अपने बैड के तकिये के नीचे रखा हुआ था। पुलिस ने सूचना के बाद मौके पर रेड कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पता चला कि वह मूलरूप से बिहार का रहने वाला है और वहीं से ही पिस्टल लेकर यूनिवर्सिटी आया था। आरोपी यूनिवर्सिटी से बीटेक इलेक्ट्रिकल की पढ़ाई कर रहा है। मामले की जांच की जा रही है।

मिठाइयों की दुकानों पर सीए फ्लाइंग का छापा

रोहतक : स्थानीय बाजार में सीएम फ्लाइंग व खाद्य सुरक्षा विभाग ने मिलकर तीन मिठाइयों की दुकानों पर छापेमारी की। टीम ने मौके से सैंपल भरकर जांच के लिए भेज दिए। इस कार्रवाई से दुकानदारों में भी हड़कंप मच गया। कई दुकानदार तो अपनी दुकानों को बंद करके भी चले गए। त्योहारी सीजन को देखते हुए विभागीय कार्रवाई की गई है। अधिकारियो ने आगे भी इस तरह की कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. पवन चहल ने कहा कि टीम ने रेड कर 6 सैंपल भरे। जिनमें पनीर, ब्रेड पकोड़ा, रसगुल्ला व मावा आदि शामिल है।

गायक अरिजीत का शो कल होगा चंडीगढ़ में

चंडीगढ़: सेक्टर-34 में बॉलीवुड सिंगर अरिजीत सिंह का लाइव शो होने वाला है। शनिवार शाम इसमें जुटने वाली भीड़ को देखते हुए चंडीगढ़ ट्रैफिक पुलिस ने भी रूट प्लान तैयार किया है। लोगों को रूट प्लान के मुताबिक ही घर से निकलने के लिए एडवाइजरी जारी की है। चंडीगढ़ पुलिस ने आम लोगों को ट्रैफिक जाम की समस्या से बचने के लिए यह प्लान तैयार किया है। बता दें कि पहले यह शो का आयोजन पार्किंग की व्यवस्था को लेकर संशय में था। हजारों टिकटों की भीड़ के बाद में इस शो में आने वाले लोगों की गाड़ियों की पार्किंग की व्यवस्था को लेकर पुलिस एहतिहातन कदम उठा रही थी। इस शो से आम जन को असुविधा न हो, यह उसकी प्राथमिकता है।

जनसंवाद कार्यक्रम में दो घंटे देरी से पहुंचे थे

डीईओ व बीईओ राज्यमंत्री ढांडा ने दिए कारण बताओ नोटिस के निर्देश

भरोसा मित्र

कुरुक्षेत्र। महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री कमलेश ढांडा के जनसंवाद कार्यक्रम में अधिकारियों द्वारा अनदेखी फिर सामने आई है। इस पर उन्होंने कड़ा रुख अपनाया है।

शुक्रवार को हुए जनसंवाद कार्यक्रम में जिलाशिक्षा अधिकारी व खंड शिक्षा अधिकारी दो घंटे लेट पहुंचे, इस कारण उन्हें स्पष्टीकरण देने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने अन्य अधिकारियों को भी इस तरह की अनदेखी व लापरवाही बरतने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। कमलेश ढांडा ने कहा कि अधिकारियों को ऐसे हर कार्यक्रम को गंभीरता से लेना चाहिए। ये कार्यक्रम लोगों की सुनवाई के लिए है, ताकि उनकी समस्या को मौके पर ही निपटाया जा सके।कोई भी इन्हें हल्के में न लें।

विशेष शिविर लगाने के निर्देश

महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री ढांडा ने कहा कि यह कार्यक्रम प्रदेश की महत्वाकांक्षी योजना है और मुख्यमंत्री स्वयं जनसंवाद कार्यक्रमों की निगरानी और शिकायतों की समीक्षा कर रहे हैं। राज्यमंत्री ने गांव समसपुर, मुंडा खेड़ी, घराड़सी, हथीरा व किरमच में जनसंवाद कार्यक्रमों के दौरान लोगों की समस्याओं का निवारण किया।

कार्रवाई पहले भी की गई है

बता दें कि राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने 30 अक्तूबर को पिहोवा के गांव सारसा व संधौली में जनसंवाद किए थे, जहां समाज कल्याण अधिकारी ने अपनी जगह डाटा एंट्री ऑपरेटर को भेज दिया था। राज्यमंत्री ने इस अधिकारी को सस्पेंड करने व जीएम रोडवेज, जनस्वास्थ्य विभाग के एक्सईएन व एडीओ को गैर हाजिर रहने पर स्पष्टीकरण देने के लिए नोटिस जारी किया था जबकि गांव मलिकपुर में देर से पहुंचे पिहोवा के बीईओ को भी कड़ी चेतावनी दी थी।

इन सभी पांच गांवों में राशन कार्ड, पेंशन, परिवार पहचान पत्र, बिजली बिल से जुड़ी समस्याओं के निदान के लिए एसडीएम को विशेष शिविर लगाने के निर्देश दिए। राज्यमंत्री के समक्ष जब गांव समसपुर में शिक्षा विभाग से संबंधित शिकायत आई तो मौके पर शिक्षा विभाग के अधिकारी न होने पर कड़ा संज्ञान लिया गया।

कौन-कौन रहा मौजूद

नगर परिषद की निवर्तमान अध्यक्ष उमा सुधा, भाजपा युवा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य साहिल सुधा, एसडीएम सुरेंद्र पाल, जिला परिषद के सीईओ अशोक कुमार, डीएसपी सुभाष चंद्र, ब्लॉक समिति के पूर्व चेयरमैन देवी दयाल घराड़सी, ब्लॉक समिति चेयरमैन के प्रतिनिधि राममेहर शास्त्री, मंडल प्रधान रमेश, सरपंच मनोज गुर्जर, सोमप्रकाश, कृष्ण कुमार, सीमा देवी, सरपंच सोनिया रानी, प्रतिनिधि सोहन, रीना रानी, पूर्व सरपंच राजेंद्र आदि मौजूद थे।

महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री ने डीईओ और बीईओ के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

मंत्री के सामने रखा रिपोर्ट कार्ड

नप की निवर्तमान अध्यक्ष उमा सुधा ने विधायक सुभाष सुधा द्वारा थानेसर हलका में करवाए गए विकास कार्यों पर संतोष जताते हुए विस्तार से बताया। इस अवसर पर भाजपा युवा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य साहिल सुधा ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

राजस्थान में बदलाव के लिए चाबी के चुनाव चिह्न पर डालें वोट : अजय चौटाला

जनसभा में कई घोषणाएं की

भरोसा मित्र

जयपुर/चंडीगढ़। राजस्थान विधानसभा चुनाव के लिए जननायक जनता पार्टी के प्रत्याशियों के नामांकन भरने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। शुक्रवार को फतेहपुर विधानसभा क्षेत्र से जेजेपी प्रत्याशी नंदकिशोर महरिया ने जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला और झोटवाड़ा से उम्मीदवार दीनदयाल जाखड़ ने उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला की मौजूदगी में अपना नामांकन भरा।

अजय चौटाला ने कहा कि यहां उमड़ा जनसमूह बता रहा है कि जेजेपी प्रत्याशी भारी बहुमत से जीत दर्ज करने जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश का प्रत्येक वर्ग कांग्रेस की राज्य सरकार से परेशान है। प्रदेश की जनता ने बदलाव का मन बना लिया है और इसमें फतेहपुर विधानसभा की जागरूक जनता बढ़-चढ़कर अपना योगदान देगी। हमारा प्रयास है कि हरियाणा की तर्ज पर राजस्थान के लोगों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं मुहैया करवाई जाए। राजस्थान में बुजुर्गों को मात्र एक हजार रुपए बुढ़ापा पेंशन दी जाती है, हरियाणा में तीन हजार रुपए कर दी गई है जो कि देश में सर्वाधिक है। उन्होंने कहा कि जेजेपी की राजस्थान की सरकार में हिस्सेदारी होने पर यहां 75 प्रतिशत रोजगार कानून, पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं की 50 प्रतिशत और राशन डिपो में 33 प्रतिशत हिस्सेदारी देने, बेटियों के लिए फ्री बस पास की सुविधा देने जैसे अनेक ऐतिहासिक कदम उठाए जाएंगे। लोग प्रदेश की तरक्की के लिए संगठित होकर चाबी के चुनाव निशान पर वोट डाले। जयपुर जिले के झोटवाड़ा विधानसभा से जेजेपी प्रत्याशी दीनदयाल जाखड़ ने रोड शो करते हुए हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला की उपस्थिति में अपना नामांकन भरा। इस दौरान डिप्टी सीएम ने जेजेपी प्रत्याशी के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन भी किया। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि प्रदेश में बदलाव लाने के लिए जेजेपी प्रत्याशी को भारी मतों से जिताएं।

बेटियां हैं वरदान : ज्ञान चंद गुप्ता

भरोसा मित्र

अंबाला। हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता आज अंबाला जिले में जनसंवाद कार्यक्रम में कई मामलों को निपटाया। इस दौरान उन्होंने लोगों की फरियादें सुनी। साथ ही संबंधित विभाग के अधिकारियों को तुरंत कार्रवाई के निर्देश भी दे दिए।

ज्ञान चंद गुप्ता ने कहा कि यह कोई जनसभा नहीं है, बल्कि जन संवाद कार्यक्रम है। इसमें लोगों की समस्याएं सुन तत्काल सरकार तक पहुंचाई जा रही है। समस्याओं का समाधान भी निकाला जा रहा है।

गुप्ता ने जोर देकर कहा कि बेटियां बोझ नहीं, बल्कि वरदान है। हरियाणा सरकार ने जन कल्याण के लिए काफी सारी योजनाएं शुरू की गई है। लोगों को आयुष्मान कार्ड से निशुल्क उपचार दिया जा रहा है। बुजुर्गों की पेंशन लग रही है।

जनसंवाद कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट पर रहा। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश बतौरा, जिला परिषद चेयरमैन समेत सभी विभागों के अधिकारी भी मौजूद हैं। विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता सबसे पहले गांव हुसैनी में जनसंवाद कर रहे हैं। उसके बाद गांव लोटन, मुन्ना माजरा, पिलखनी तथा गांव कड़ासन में जन संवाद कार्यक्रम में लोगों की समस्याएं सुनी। इस दौरान ग्रामीणों से सीधा संवाद करके रुबरू भी हुए। उन्होंने कई समस्याओं को मौके पर निपटाया भी।

प्रदेश भर के ब्राह्मण नेताओं ने किया हुड्डा के समर्थन का ऐलान

पूर्व चेयरमैन विनोद आश्री समेत बीजेपी, जेजेपी व अन्य दलों को छोड़कर दो दर्जन नेता कांग्रेस में शामिल

भरोसा मित्र

चंडीगढ़। प्रदेशभर के ब्राह्मण नेताओं ने आने वाले चुनावों में भूपेंद्र सिंह हुड्डा के समर्थन का ऐलान किया है। 25 अलग-अलग संस्था व संगठनों के ब्राह्मण नेताओं ने चंडीगढ़ आवास पर पहुंचकर हुड्डा के लिए अपने समर्थन का ऐलान किया।

जींद नगर परिषद के पूर्व चेयरमैन और लोकतंत्र सुरक्षा पार्टी के टिकट पर विधानसभा चुनाव लड़ चुके वरिष्ठ बीजेपी नेता विनोद आश्री एवं ईश्वर पूजम (पूर्व युवा प्रदेश अध्यक्ष, इनेलो), राम कृष्ण (एससी प्रदेश उपाध्यक्ष व 2 बार के पूर्व जिला प्रधान, स्ट्र प्रकोष्ठ), सुभाष मिर्जापुर जिला प्रधान कुरुक्षेत्र (एससी प्रकोष्ठ, जेजेपी), डॉ सुभाष मुदगिल कपालमोचन (यमुनानगर), ईश्वर सिंह (हल्का पेहवा, प्रधान एससी प्रकोष्ठ, जेजेपी), दिनेशपाल ज्योतिशर (जेजेपी), राजेंद्र मदान (जेजेपी) समेत दर्जनों नेताओं ने कांग्रेस की नीतियों व भूपेंद्र सिंह हुड्डा और चौधरी उदयभान के नेतृत्व में आस्था व्यक्त करते हुए सैंकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ कांग्रेस ज्वाइन की। बीजेपी, जेजेपी व इनेलो छोड़कर दर्जनभर नेताओं ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। हुड्डा ने सभी का पार्टी में स्वागत किया और उनके समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया। हुड्डा ने कहा कि ब्राह्मण समेत तमाम वर्गों की तरफ से कांग्रेस को मिल रहा समर्थन अभूतपूर्व है। वो इस समर्थन को एक जिम्मेदारी की तरह देखते हैं। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने पर वह समाज के प्रत्येक वर्ग का उचित प्रतिनिधित्व और विकास सुनिश्चित करेगी। इस मौके पर पंडित जिले सिंह पिचोलिया (प्रदेशाध्यक्ष, ब्राह्मण महासभा व हरियाणा एंड वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन), मनोज त्यागी (प्रदेशाध्यक्ष, राष्ट्रीय ब्राह्मण जागरूक महासंघ), जितेंद्र शर्मा (पूर्व मंत्री ओमप्रकाश शर्मा के भांजे), एमपी शर्मा (प्रधान, पंचकूला ब्राह्मण सभा) शमशेर कौशिक (प्रधान, पिंजौर एवं कालका ब्राह्मण सभा), रतन शर्मा (प्रधान, पानीपत ब्राह्मण सभा), सुरेंद्र शर्मा (महासचिव, संस्कृत महाविद्यालय, रामराय), सुरेंद्र सारस्वत (पूर्व प्रधान, सारस्वत ब्राह्मण सभा, कुरुक्षेत्र) कैथल जिला सर्व ब्राह्मण धर्मशाला के प्रवक्ता नरेश भारद्वाज, सुशील शर्मा आदि शामिल हुए।

छात्राओं से छेड़छाड़ मामले में हुए कई खुलासे

पंचकूला : आज हरियाणा राज्य महिला आयोग द्वारा जींद के प्रिंसिपल द्वारा छात्राओं से छेड़छाड़ मामले में कई खुलास किए गए हैं।

प्रिंसिपल द्वारा छेड़छाड़ मामले में अब तक 50 से ज्यादा शिकायतें सामने आई। जींद के उचाना के सरकारी स्कूल में प्राचार्य पर छात्राओं को प्रताड़ित करने के आरोप लगाए गए हैं। इस मामले को हरियाणा राज्य महिला आयोग ने संज्ञान में लिया है।

आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने कहा कि जिला शिक्षा अधिकारी के साथ कुछ अन्य अधिकारियों को भी पंचकूला बुलाया गया है, ताकि इस मामले की निष्पक्ष जांच हो सके।

उन्होंने कहा कि महिला आयोग अब तक शिक्षा विभाग और जिला प्रशासन द्वारा की गई जांच से संतुष्ट नहीं है। उन्होंने कहा कि इस जांच में अब तक जो भी तथ्य जुटाए गए हैं, उनको देखा जाएगा। उसके बाद इस मामले में आगामी कार्रवाई की जाएगी।

गौरतलब है कि उचाना के सरकारी स्कूल का प्राचार्य छात्राओं को अपने कमरे में बुला लेता था। उसने खासतौर पर दरवाजे पर काला शीशा लगा रखा था और वह छात्राओं से अश्लील बातें और हरकतें किया करता था। आखिरकार इसका भांडा फूट ही गया।

अफगानिस्तान ने नीदरलैंड को 7 विकेट से हराया

लखनऊ,एजेंसी। अफगानिस्तान ने वर्ल्ड कप 2023 में लगातार तीसरी जीत हासिल की है। टीम ने शुक्रवार को नीदरलैंड को 7 विकेट से हराया।

लखनऊ के इकाना स्टेडियम में टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी नीदरलैंड की टीम 46.3 ओवर में 179 रन पर ऑलआउट हो गई। 180 रन का टारगेट अफगानिस्तान के बल्लेबाजों ने 31.3 ओवर में 3 विकेट खोकर हासिल कर लिया।

इस जीत से अफगानिस्तान सेमीफाइनल की रेस में बरकरार है। टीम 7 मैचों में चौथी जीत से पॉइंट्स टेबल में 5वें नंबर पर आ गई है।

अफगानिस्तान की झोली में 8 अंक हैं। बतादें कि टीम ने पिछले 2 मुकाबलों में श्रीलंका को 7 और पाकिस्तान को 8 विकेट से हराया था।

आज के मैच में अफगानी टीम से कप्तान हशमतुल्लाह शहीदी ने 56 और रहमत शाह 52 रन की अर्धशतकीय पारियां खेलीं। इनसे पहले मोहम्मद नबी ने 3 विकेट लिए। इस जीत से अफगानिस्तान की टीम लगातार तीसरी जीत के साथ पॉइंट्स टेबल में 5वें नंबर पर आ गई है। जबकि नीदरलैंड लगातार दूसरी हार से बाहर होने की कगार पर है। 34वें मैच के बाद पॉइंट्स टेबल में अफगानिस्तान के 8 पॉइंट्स हैं, जबकि नीदरलैंड 4 पॉइंट्स के साथ 8वें नंबर पर है। डच टीम को सेमीफाइनल में बने रहने के लिए आखिरी दोनों मुकाबले जीतने होंगे। लेकिन टीम के मैच इंग्लैंड और भारत से बाकी हैं, दोनों ही मैच जीतना उनके लिए मुश्किल होंगे।

एथलीट, शूटिंग और कुश्ती में जीते गोल्ड

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने दी प्रदेश की ओर से शुभकामनाएं

हरियाणा तीरंदाजी की तीनों टीमें फाइनल में पहुंच गई हैं

भरोसा मित्र

पणजी/ चंडीगढ़।गोवा में आयोजित 37वें राष्ट्रीय खेलों में हरियाणा के खिलाड़ी लगातार इतिहास रच रहे हैं। शूटिंग के पहले ही दिन जहां हरियाणा ने गोल्ड और सिल्वर मेडल जीते वहीं एथलीट और कुश्ती में भी खिलाड़ियों ने प्रदेश को अनेक पदक दिलाए। गतका टीम ने इतिहास रचते हुए पहली बार राष्ट्रीय खेलों में दो ब्रॉन्ज मेडल प्रदेश की झोली में डालने का काम किया। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रदेश की ओर से इन खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी हैं।

शूटिंग के पहले दिन हुए मुकाबले में सागर भार्गव ने प्रदेश के लिए गोल्ड मेडल जीता जबकि ओलंपिक का कोटा प्राप्त कर चुके सरबजोत सिंह ने सिल्वर मेडल प्रदेश को दिलाया। हरियाणा की गतका टीम के खिलाड़ी जसविंदर सिंह ने ब्रॉन्ज मेडल जीत कर इतिहास रचा जबकि सुनिधि चौहान पहले ही ब्रॉन्ज मेडल जीत चुकी थी। हरियाणा सेपक टाकरा महिला टीम ने प्रदेश की झोली में सिल्वर मेडल डाला। हॉकी की महिला टीम की खिलाड़ियों ने शानदार खेल का परिचय देते हुए उड़ीसा को 7-2 से हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की। हरियाणा तीरंदाजी की तीनों टीमें फाइनल में पहुंच गई हैं। लड़कियों का मुकाबला 4 नवंबर को, मिक्स मुकाबला 5 नवंबर और लड़कों की टीम 6 नवंबर को गोल्ड मेडल के लिए खेलेगी।

पहलवानों ने जीते 9 मेडल

इन खेलों के कुश्ती के मुकाबले में 97 किलोग्राम भार वर्ग में नितेश ने गोल्ड, 77 किलोग्राम भार वर्ग में विकास ने और 68 किलोग्राम भार वर्ग में आरजू ने गोल्ड मेडल जीता। जबकि 125 किलोग्राम भार वर्ग में सुमित मलिक ने प्रदेश को सिल्वर मेडल दिलाया। इनके अलावा 97 किलोग्राम भार वर्ग में रोहित बूरा ने, 86 किलोग्राम भार वर्ग में राकेश ने, 76 किलोग्राम भार वर्ग में दीपक पूनिया ने, 68 किलोग्राम भार वर्ग में स्वाति बेरवाल ने, 50 किलोग्राम भार वर्ग में स्वीटी ने प्रदेश के लिए ब्रॉन्ज मेडल जीते।

एथलीट में भी जीते कई पदक

जैवलिन थ्रो में शिल्पा रानी ने गोल्ड मेडल व प्रियंका सिंह ने सिल्वर मेडल, शॉट पुट में मनप्रीत ने सिल्वर मेडल, 400 मीटर की रेस में विक्रम पंचाल ने सिल्वर मेडल, हैमर थ्रो में अजय ने सिल्वर मेडल व हेमथोलोन में तनु ने प्रदेश को सिल्वर मेडल दिलाया। 20 किलोमीटर की पैदल चाल में हरदीप ने ब्रॉन्ज मेडल 800 मीटर की रेस में पूजा ने ब्रॉन्ज मेडल जीता।

नॉकआउट में पहुंचने वाली पहली टीम बनी इंडिया

लीग स्टेज में 33 मैचों के बाद भारत पॉइंट्स टेबल में टॉप पर

नई दिल्ली, एजेंसी। टीम इंडिया वनडे वर्ल्ड कप 2023 के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बन गई। श्रीलंका को हराकर भारत ने टूर्नामेंट में लगातार 7वीं जीत दर्ज की और नॉकआउट में जगह बनाई।

बता दें कि टीम इंडिया को अभी दो मुकाबलों में भिड़ना है। इन्हें भी जीतने पर टीम पॉइंट्स टेबल में नंबर-1 पोजिशन पर फिनिश कर सकती है। सेमीफाइनल की रेस में पाकिस्तान की टीम अपने दो मैच जीतकर नंबर-चार पोजिशन पर फिनिश कर सकती है।

अगर भारत नंबर-1 और पाकिस्तान नंबर-4 पर फिनिश करता है तो टूर्नामेंट इतिहास में दूसरी बार भारत और पाक के बीच सेमीफाइनल देखने को मिल सकता है। आखिरी बार 2011 के वर्ल्ड कप में दोनों टीमें सेमीफाइनल में भिड़ी थीं, तब भारत को जीत मिली थी।

टीमों की स्थिति पर एक नजर

लीग स्टेज में 33 मैचों के बाद भारत पॉइंट्स टेबल में टॉप पर है, टीम के पास सात मैच जीतने से 14 पॉइंट्स बनाए हैं। भारत के दो मैच- दक्षिण अफ्रीका और नीदरलैंड के खिलाफ बाकी हैं। यदि वह इन्हें भी जीत लेती है तो टीम 18 पॉइंट्स के साथ पहले नंबर पर ही रहेगी। दक्षिण अफ्रीका इस वक्त 12 पॉइंट्स के साथ दूसरे नंबर पर है और टीम नंबर-1 की पोजिशन पर भारत को कड़ी चुनौती दे रही है।

अगर भारत को साउथ अफ्रीका ने हरा दिया, फिर टीम इंडिया चाहेगी कि दक्षिण अफ्रीका अपना आखिरी लीग स्टेज मैच अफगानिस्तान से हार जाए। इस सिचुएशन में दक्षिण अफ्रीका के 14 ही पॉइंट्स रहेंगे और टीम नंबर-2 या नंबर-3 की पोजिशन पर फिनिश करेगी। दूसरी ओर भारत नीदरलैंड को हराकर 16 पॉइंट्स के साथ पहले नंबर पर ही फिनिश कर सकता है।

सरकार कर रही है जनता के सपनों को पूरा : गंगवा

हिसार : हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर रणबीर सिंह गंगवा शुक्रवार को हिसार पहुंचे। यहां उन्होंने भाजपा कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस की।

उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने 3 हजार रुपए बुढ़ापा पेंशन कर जनता के सपनों को पूरा किया है। 2024 के पहले महीने जनवरी से यह पेंशन लागू हो जाएगी। पेंशन बढ़ोतरी कर सरकार ने बुजुर्गों को दीपावली का तोहफा दिया है। प्रदेश सरकार आमजन की राय से जन योजनाएं लागू कर रही है।

सरकार के 9 साल बाद पेंशन बढ़ोतरी के सवाल पर वह चुप्पी साध गए। पर उन्होंने कहा कि बेरोजगारों को रोजगार दिया जा रहा है।

भारत-द.अफ्रीका में ईडन गार्डन्स में होगा जोरदार मुकाबला

नई दिल्ली,एजेसी। वर्ल्ड कप 2023 में जीत के विजय रथ पर सवार टीम इंडिया 5 नवंबर को कोलकाता में साउथ अफ्रीका से भिड़ेगी। रोहित की पलटन श्रीलंका को 302 रन से पीटने के साथ ही सेमीफाइनल का टिकट पहले ही हासिल कर चुकी है। हालांकि, टेंबा बावुमा की कप्तानी में दक्षिणी अफ्रीका का प्रदर्शन भी इस मेगा इवेंट में जोरदार रहा है। टीम ने अब तक खेले सात मैचों में से सिर्फ एक में ही हार का मुंह देखा है।

बल्लेबाजों की रहेगी मौज?

भारत और द. अफ्रीका के बीच रोमांचक मुकाबला कोलकाता के ईडन गार्डन्स मैदान पर खेला जाना है। ईडन गार्डन्स की पिच को हमेशा से ही बल्लेबाजों के मुफीद माना जाता है। पिच में अच्छा बाउंस होने की वजह से गेंद बल्ले पर काफी आसानी से आती है। हालांकि, बल्लेबाजों के साथ-साथ इस ग्राउंड पर तेज गेंदबाज और स्पिनर्स के लिए भी मदद रहती है।

तेज गेंदबाजों की भूमिका

शुरुआती ओवरों में फास्ट बॉलर्स को पिच से मदद मिलती है, तो स्पिनर्स भी दूसरे हाफ में अपना रोल प्ले करते हैं। इस विश्व कप में अब तक खेले दो मैचों में ईडन गार्डन्स के मैदान पर तेज गेंदबाजों का बोलबाला रहा है और अभी तक लो स्कोरिंग मैच ही देखने को मिले हैं। ईडन गार्डन्स ने अब तक कुल 37 वनडे मैचों की मेजबानी की है। इसमें से 21 में जीत पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम के हाथ लगी है। वहीं, 15 मैचों में मैदान चेज करने वाली टीम ने मारा है।अगर आंकड़ों पर गौर करें तो टॉस जीतकर स्कोर बोर्ड पर रन लगाना फायदे का सौदा रहा है। पहली पारी में एवरेज स्कोर 240 का रहा है,दूसरी इनिंग में औसतन स्कोर 201 का रहा है। इस मैदान पर हाईएस्ट स्कोर 404 है।

प्रकाशक एवं मुद्रक सुमित सैनी द्वारा भरोसा फाउंडेशन के लिए 401, नारकंडा अपार्टमेंट, सेक्टर 31 गुरुग्राम (हरियाणा) से प्रकाशित एवं दैनिक भास्कर प्रैस खिजूरी 82.5 किलोमीटर माइलस्टोन, दिल्ली-जयपुर नेशनल हाईवे नंबर 48, नियर श्री तिरूपति जी फिलिंग स्टेशन रेवाड़ी हरियाणा से मुद्रित। फोन नंबर- 0124 4257131, ई-मेल dainikbharosa@gmail.com अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी एक्ट केअंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद गुरुग्राम न्यायालय के अधीन ही होंगे।